स्वदेश TODAY digital
रांची, मंगलवार
16.04.2024
वर्ष : 09, अंक : 105, पृष्ठ : 12
मूल्य : 3 रुपया
www.swadeshtoday.com

# हिन्दी दैनिक स्वदेश टुडे

देश की आवाज

सबसे बड़े लोकतंत्र भारत की तरफ देख रही है पूरी दुनिया...

3



@swadeshtoday | @swadesh_today | swadesh_today | swadesh today | @swadesh_today | 8092174888 | 9031730388

## NEWS IN Gallery

### हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर सुनवाई आज

**रांची** : जमीन घोटाला मामले में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से जमानत याचिका दाखिल की गयी है। सोमवार को सोरेन ने अधिवक्ता के माध्यम से ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में याचिका दाखिल की है। मामले में कोर्ट मंगलवार को सुनवाई करेगा। फिलहाल इस मामले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बड़गाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में बंद हैं। मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा देने के बाद हेमंत सोरेन को 31 जनवरी की रात को ईडी ने गिरफ्तार किया था।

### विस अध्यक्ष ने झारखंड हाई कोर्ट में दर्ज करायी गवाही

**रांची** : विधानसभा अध्यक्ष सह नाला विधायक रबीन्द्र नाथ महतो के निर्वाचन को चुनौती देने वाली संतोष हेंब्रम की चुनाव याचिका की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में प्रतिवादी रबीन्द्र नाथ महतो ने कोर्ट में उपस्थित होकर अपनी गवाही दर्ज करायी। उन्होंने कोर्ट को बताया कि वे वर्ष 2005, 2014 और 2019 में नाला विधानसभा से चुनाव जीते थे। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव के दौरान उनकी ओर से स्वच्छ भागीदारी निभायी गयी थी। याचिकाकर्ता की ओर से पैम्पलेट छपवाकर दुष्प्रचार करने का जो आरोप लगाया गया है वह गलत है। उन्होंने इस तरह का कोई पैम्पलेट नहीं छपवाया था। अगली गवाही अब 18 अप्रैल को होगी।

### केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 23 अप्रैल तक बढ़ी

**नई दिल्ली** : दिल्ली की एक अदालत ने कथित उत्पाद शुल्क घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत सोमवार को 23 अप्रैल तक बढ़ा दी। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने केजरीवाल की हिरासत की अवधि बढ़ा दी।

### सलमान के घर पर फायरिंग करने वाले शूटरों की हुई पहचान

**मुंबई** : बॉलीवुड मेगास्टार सलमान खान के घर पर सरेआम गोलीबारी करने वाले दोनों शूटरों की पहचान कर ली गयी है जबकि हमले में इस्तेमाल मोटरसाइकिल निकटवर्ती रायगढ़ जिले में पंजीकृत है। जानकारी के अनुसार, सीसीटीवी फुटेज में देखी गयी रायगढ़ पंजीकरण नंबर प्लेट वाली मोटरसाइकिल का पता लगाने के लिए प्रयास जारी है। यह पता लगाया जा रहा है कि क्या उसे किसी ने बेची थी, गायब है या चोरी हो गयी है। पुलिस हमलावरों का पता लगाने का भी प्रयास कर रही है।

---

लोस चुनाव : पहले चरण की वोटिंग से पहले ईडी का बड़ा एक्शन

# 4650 करोड़ रुपये की हुई रिकॉर्ड जब्ती

- जब्ती के मामले में देश में पहले स्थान पर राजस्थान, लगभग 778 करोड़ की जब्ती

एजेंसी

**नई दिल्ली** : भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने सोमवार को घोषणा की कि वह लोकसभा चुनाव के इतिहास में प्रलोभन की अब तक की सबसे बड़ी बरामदगी दर्ज करने की राह पर है। पहले चरण का मतदान शुरू होने से पहले ही प्रवर्तन एजेंसियों ने पहले ही 4,650 करोड़ की रिकॉर्ड जब्ती कर ली थी, जो कि 2019 में पूरे लोकसभा चुनाव के दौरान जब्त की गयी 3,475 करोड़ की तुलना में एक महत्वपूर्ण वृद्धि है, जैसा कि विज्ञप्ति में कहा गया है। चुनाव आयोग ने कहा कि बढ़ी हुई बरामदगी, विशेष रूप से छोटे और कम संसाधन वाले दलों के पक्ष में समान अवसर के लिए प्रलोभनों पर नजर रखने और चुनावी कदाचार पर अंकुश लगाने के लिए ईसीआई की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। महत्वपूर्ण बात यह है कि 45 प्रतिशत बरामदगी ड्रग्स और नशीले पदार्थों की है, जिन पर आयोग का विशेष ध्यान है।

व्यापक योजना, सहयोग बढ़ाने और एजेंसियों की ओर से एकीकृत निरोध कार्रवाई, सक्रिय नागरिक भागीदारी और प्रौद्योगिकी के इष्टतम जुड़ाव से जब्ती संभव हुई है। आयोग ने विभिन्न राज्यों पर डेटा भी जारी किया, जिसमें जब्त किये गये प्रलोभनों के वितरण का विवरण दिया गया। लगभग 778 करोड़ की जब्ती के साथ राजस्थान सूची में सबसे आगे है, उसके बाद 605 करोड़ के साथ गुजरात और लगभग 431 करोड़ के साथ महाराष्ट्र है। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने पिछले महीने चुनावों की घोषणा करते हुए पैसा, बाहुबल, गलत सूचना और आदर्श आचार संहिता उल्लंघन सहित '4एम' चुनौतियों में से एक के रूप में 'मनी पावर' पर जोर दिया था।

### प्रलोभन और कदाचार मुक्त चुनाव कराने के लिए आयोग दृढ़ संकल्प



**आयोग** के सोमवार के बयान में कहा गया है कि राजनीतिक वित्तपोषण के अलावा काले धन का उपयोग और उसका सटीक खुलासा, विशिष्ट भौगोलिक क्षेत्रों में अधिक साधन सम्पन्न पार्टी या उम्मीदवार के पक्ष में समान अवसर को बिगाड़ सकता है। चुनाव आयोग के अनुसार, यह जब्ती लोकसभा चुनाव को प्रलोभन और चुनावी कदाचार से मुक्त कराने और निष्पक्ष चुनावी प्रक्रिया सुनिश्चित करने के ईसीआई के दृढ़ संकल्प का एक महत्वपूर्ण पहलू है। 12 अप्रैल को चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथ सीईसी राजीव कुमार के चुनाव पैनल ने 19 अप्रैल को होनेवाले चुनावों के चरण-1 में तैनात सभी केंद्रीय पर्यवेक्षकों का आकलन किया।

---

मोदी ने साधा राहुल गांधी पर निशाना, कहा –

# खानदानी सीट पर इज्जत बचानी हुई मुश्किल तो केरल को बनाया ठिकाना

- मोदी बोले - देश में बैन संगठन की राजनीतिक शाखा से कांग्रेस ने किया गुप्त समझौता
- केरल के लोगों को एलडीएफ-यूडीएफ से रहना होगा सावधान

एजेंसी



**नई दिल्ली** : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को केरल में एक चुनावी रैली में कांग्रेस और राहुल गांधी पर परोक्ष रूप से हमला बोला। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में अपने पारिवारिक गढ़ को बनाये रखने के लिए संघर्ष कर रहे एक प्रमुख कांग्रेस नेता ने केरल में शरण ली है। त्रिशूर के अलाथुर शहर में इस चुनावी रैली में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का नाम लिये बिना प्रधानमंत्री ने तंज कसते हुए कहा - कांग्रेस के एक बड़े नेता को यूपी में अपनी खानदानी सीट पर इज्जत बचाना मुश्किल हो गयी है, उन्होंने केरल में ठिकाना लिया है। कांग्रेस पर हमला तेज करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि चुनाव जीतने के लिए यहां कांग्रेस ने उस संगठन की राजनीतिक शाखा से गुप्त समझौता किया है, जिसको देश में बैन किया गया है। केरल के लोगों के प्रति अपनी वास्तविक चिंता जाहिर करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा - केरल के लोगों को एलडीएफ-यूडीएफ दोनों से सावधान रहना होगा। प्रधानमंत्री ने विपक्ष की कड़वी सच्चाई को भी उजागर किया और कहा - केरल में भले ही कांग्रेस पार्टी लेफ्ट के लोगों को आतंकवादी कहती है लेकिन दिल्ली में ये लोग एक साथ बैठकर चुनावी गठबंधन करते हैं। कभी कांग्रेस के भाई-भतीजावाद के आलोचक रहे वामपंथी अब इस मामले पर उनकी सलाह चाहते हैं। आईएनडीआई गठबंधन के तहत एकजुट होकर वे भ्रष्टाचार पर मोदी की कार्रवाई से डरते हैं। उनका साझा लक्ष्य मोदी है लेकिन निश्चिंत रहें, भाजपा और एनडीए के लिए हर वोट गरीबों के कल्याण के लिए बोलेगा।

### भाजपा का संकल्प पत्र देश के विकास का संकल्प पत्र

**भाजपा** के हाल ही में जारी चुनावी घोषणा पत्र पर भरोसा जताते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र देश के विकास का संकल्प पत्र है। घोषणा पत्र के हर पन्ने पर मोदी की गारंटी है। मोदी ने यह भी कहा कि मोदी की गारंटी का मतलब है कि 70 साल से अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान योजना के तहत मुफ्त चिकित्सा उपचार मिलेगा। पीएम आवास योजना के तहत गरीबों के लिए तीन करोड़ नये घर बनाये जायेंगे, मोदी की गारंटी का मतलब है कि केरल के हर जन औषधि केंद्र पर लोगों को 80 प्रतिशत छूट पर सस्ती दवाएं मिलती रहेंगी।

---

श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन

# झारखंड को पूरे देश में मिला 9वां स्थान

- मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने जतायी खुशी
- सोशल मीडिया पर जानकारी साझा करते हुए लिखा - बधाई झारखंड!

स्वदेश संवाददाता



**रांची** : श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन ने ग्रामीण विकास के विभिन्न मापदंडों पर राज्य को पूरे देश में 9वीं रैंक दी है। इसे लेकर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने खुशी जताते हुए प्रदेश की जनता को बधाई दी है। सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर इसकी जानकारी साझा करते मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने लिखा - बधाई झारखंड! झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासियों, मूलवासियों एवं आम लोगों के जीवन स्तर में बदलाव ला रही हमारी सरकार की योजनाओं एवं उनके द्वारा हो रहे बदलावों को केंद्र सरकार द्वारा सराहा गया है। भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के तहत चलने वाले श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन ने ग्रामीण विकास के विभिन्न मापदंडों पर झारखंड को पूरे देश में 9वीं रैंक दी है। आप सभी के सहयोग से झारखंड की आम जनता की सेवा एवं उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का हमारा अभियान जारी रहेगा।

श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन ने ग्रामीण विकास के अलग-अलग मापदंडों के आधार पर जो रैंकिंग तय की है, उसमें पहले स्थान पर तमिलनाडु, फिर मिजोरम, तेलंगाना जैसे राज्य हैं। इसके अलावा झारखंड से आगे कर्नाटक, पंजाब, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश और सिक्किम जैसे राज्य हैं। गुजरात दसवें पायदान पर जबकि ओडिशा 19वें स्थान पर है।

---

### 23 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में के. कविता

**नई दिल्ली** : दिल्ली की एक अदालत ने कथित दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार बीआरएस नेता के. कविता को सोमवार को 23 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी को तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया गया, जहां उन्हें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तारी के बाद रखा गया था। न्यायाधीश द्वारा पूर्व में दी गई तीन दिन की पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त होने पर सीबीआई ने आरोपी को अदालत में पेश किया और उससे जेसी की मांग की।

---

अयोध्या में रामनवमी को लेकर की जा रही है खास तैयारी

# ब्रह्म मुहूर्त से रात्रि तक होंगे रामलला के दर्शन

- भगवान को भोग लगाने के लिए अल्प-काल ही रहेगा पर्दा : चम्पत

एजेंसी

**अयोध्या** : श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट महासचिव चंपत राय ने सोमवार को प्रेसवार्ता कर रामनवमी पर्व के संबंध में कुछ नयी व्यवस्थाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि श्री राम जन्मभूमि मंदिर में मंगला आरती के पश्चात ब्रह्म मुहूर्त में अति-प्रातः 3:30 बजे से अभिषेक श्रृंगार एवं दर्शन साथ-साथ चलते रहेंगे। श्रृंगार आरती प्रातः पांच बजे होगी। श्री



रामलला का दर्शन एवं सभी पूजा विधि यथावत साथ-साथ चलती रहेगी। उन्होंने बताया कि दर्शन का समय बढ़ाकर 19 घंटे कर दिया गया है, जो मंगला आरती से रात 11 बजे तक चलेगा। भगवान को चार बार भोग लगाने के लिए सिर्फ पांच-पांच मिनट ही पर्दा बंद रहेगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से निवेदन किया है कि पर्दा बंद रहने के समय धैर्य बनाकर रहें एवं श्री राम नाम संकीर्तन तथा प्रभु का भजन करते रहें। उन्होंने बताया कि रात्रि 11 बजे तक दर्शन का क्रम पूर्ववत चलता रहेगा। तत्पश्चात परिस्थिति अनुसार भोग एवं शयन आरती होगी। शयन आरती के पश्चात प्रसाद मंदिर निकास मार्ग पर मिलेगा। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि दर्शनार्थी अपना मोबाइल, जूता, चप्पल, बड़े-बैग एवं प्रतिबंधित सामग्री आदि जितना दूर सुरक्षित रखकर आयेंगे, दर्शन में उतनी ही अधिक सुविधा होगी।

---

रांची में चैती छठ पर सड़क हादसा

# अर्घ्य देने जा रहे तीन लोगों की मौत

**रांची** : झारखंड की राजधानी रांची में लोक आस्था के पर्व चैती छठ पर हुए सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गयी। मृतकों में दो महिला और एक 12 साल की बच्ची शामिल है। जबकि नौ लोग घायल हैं। घटना रातू के काठीटांड के शिव मंदिर के समीप की है। राजेश साहू अपने परिवार के लोगों के साथ ऑटो (छोटा हाथी) में सवार होकर रवि स्टील के पास से रातू चट्टी तालाब में अर्घ्य देने जा रहे थे। इसी दौरान घटना घटी। ग्रामीण एसपी सुमित



अग्रवाल ने बताया कि मृतकों में कमला देवी (50), कौशल्या देवी (50) और आराध्या कुमार (12) शमिल है। अन्य घायलों में दो की हालत गंभीर है। अन्य सभी को हल्की चोटें आयी है।

---

# ममता ने रामनवमी पर बंगाल में संभावित तनाव की दी चेतावनी

एजेंसी

**कोलकाता** : पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को रामनवमी के अवसर पर राज्य में तनाव और हिंसा भड़काने की संभावित कोशिशों के प्रति आगाह किया। मुख्यमंत्री ने सोमवार को कूच बिहार जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा - भाजपा उम्मीदवार गुंडों का नेता है। 17 अप्रैल को वे तनाव और हिंसा भड़काने की कोशिश कर सकते हैं। मैं सभी को चेतावनी दे रही हूं कि किसी के उकसावे में न आयें।' वे शांतिपूर्ण चुनाव नहीं चाहते, वे केवल हिंसा चाहते हैं। उन्होंने पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी के हेलीकॉप्टर पर आयकर छापे की घटना का भी जिक्र किया। आईटी अधिकारियों ने यह सोचकर उनके हेलीकॉप्टर की जांच की कि वहां सोना और नकदी है। हम ऐसी चीजें लेकर नहीं घूमते, बीजेपी नेता ऐसा करते हैं। उन्होंने पार्टी घोषणापत्र में समान नागरिक संहिता के मुद्दे को शामिल करने के लिए भी भाजपा पर हमला किया।

---

लोकसभा चुनाव | कभी 490 सीटों पर लड़नेवाली कांग्रेस निचले स्तर पर पहुंची

# सबसे अधिक सीटों पर चुनाव लड़ रही भाजपा

- भाजपा ने अब तक मैदान में उतारे हैं 424 उम्मीदवार, 446 सीटों पर चुनाव लड़ने की संभावना

एजेंसी



**नई दिल्ली** : लोकसभा चुनाव 2024 न केवल इसलिए खास है, क्योंकि भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत के पहले पीएम और कांग्रेस के दिग्गज जवाहरलाल नेहरू के लगातार तीन लोकसभा चुनाव जीतने के रिकॉर्ड को तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं, बल्कि इसलिए भी खास हैं क्योंकि कुछ आंकड़े बताते हैं पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा की बढ़ती राजनीतिक ताकत और भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू करने के राहुल गांधी के प्रयासों के बावजूद कांग्रेस की घटती प्रवृत्ति जारी है।

सत्तारूढ़ दल भाजपा और कांग्रेस ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए लगभग सभी उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने अब तक 424 उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं। इसके 446 सीटों पर चुनाव लड़ने की संभावना है, जबकि पंजाब, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, पश्चिम बंगाल और लद्दाख की कुछ सीटों की घोषणा बाकी है। यह पांचवीं बार है जब भगवा पार्टी ने लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक उम्मीदवार उतारे हैं।

### कांग्रेस ने अबतक 280 उम्मीदवार मैदान में उतारे

**भाजपा** ने अब तक 424 सीटों पर उम्मीदवार उतार दिये हैं। पार्टी 22 और उम्मीदवारों की घोषणा कर सकती है, जिनमें पंजाब की सात सीटें, महाराष्ट्र की छह सीटें, उत्तर प्रदेश की चार सीटें, जम्मू-कश्मीर की तीन सीटें और पश्चिम बंगाल और लद्दाख की एक-एक सीट शामिल है। दूसरी ओर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने अब तक 280 उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं। कुछ सीटों की घोषणा के साथ कांग्रेस 325 से 330 सीटों के बीच चुनाव लड़ने की संभावना है। भले ही सबसे पुरानी पार्टी लगभग 325 सीटों पर चुनाव लड़ती है, यह उस सबसे पुरानी पार्टी के लिए एक नया निचला स्तर होगा जो कभी 490 सीटों पर लड़ती थी।

---

भाजपा ने चुनाव आयोग से की मांग

# प. बंगाल में हिंसा करने पर हो कठोर कार्रवाई

एजेंसी

**नई दिल्ली** : पश्चिम बंगाल में चुनावी हिंसा की आशंका को लेकर भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग से कहा कि पश्चिम बंगाल में ऐसा वातावरण तैयार किया जाना चाहिए, जहां करोड़ मतदाता भय मुक्त, स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से वोट डाल सकें। भाजपा महासचिव तरुण चुघ के मुताबिक, उन्होंने इस संबंध में चुनाव आयोग को एक लिखित शिकायत दी है। शिकायत में कहा गया है कि पश्चिम बंगाल के मतदाताओं को यह विश्वास होना चाहिए कि वहां मई 2022 की पुनरावृति नहीं होगी। आपराधिक



घटनाएं नहीं होगी। भाजपा ने अपनी शिकायत में कहा है कि पश्चिम बंगाल में टीएमसी पार्टी के कार्यकर्ता वोटर को धमकाने का काम कर रहे हैं। टीएमसी नेता ममता बनर्जी मुख्यमंत्री होने के नाते नागरिकों की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार हैं, लेकिन वह स्वयं 'खेला होबे' की संस्कृति की धमकियां खुलेआम दे रही हैं। भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि वे चुनाव आयोग के पास अपील लेकर गये थे कि पश्चिम बंगाल में वोटर्स की रक्षा, सुरक्षा और स्वतंत्रता सुनिश्चित की जाये। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने कहा कि हमारे शिष्टमंडल ने ये सारी चिंताएं चुनाव आयोग के सामने रखी है। चुनाव आयोग ने इनकी जांच और कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

NEWS IN Gallery

## भीषण सड़क हादसे में दो की मौत, एक घायल

**चान्हो :** चामा मैक्लुस्कीगंज मार्ग पर सोमवार सुबह लगभग साढ़े दस बजे बाईक और बोलेरो के टक्कर में दो युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं एक युवक भी घायल हो गया। चामा की ओर से जा रहे बाईक मे तीन लोग सवार थे। वे लोग नकटा पहाड़ देखने जा रहे थे। तभी मैक्लुस्कीगंज की ओर से आ रहे एक बोलरो ने चपेट मे ले लिया, जिससे बाईक सवार मांडर प्रखण्ड के अम्बा टोली निवासी 17 वर्षीय सुमन लकड़ा पिता मार्शल लकड़ा और चान्हो प्रखण्ड के डोम्बा टोली निवासी 15 वर्षीय अंकित कुजुर, पिता स्व सुरेश उरांव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं हेसमी निवासी सोनू कुमार सिंह को भी चोट आई। खबर मिलते ही मृतक के शव को अस्पताल लाया गया जहां से दोनों को अंत्यपरीक्षण के लिए रिम्स भेजा गया। मांडर के ज़िला परिषद सदस्य प्रतिनिधि रबुल अंसारी अस्पताल पहुंचकर परिजनों को ढाढस बंधाया और शव के साथ स्वयं रिम्स गया और पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजन को सौंप दिया। घटना से क्षेत्र के लोग आहत हैं। वहीं परिजनों का रो रोकर बूरा हाल है।

## 13 दिवसीय कृषि उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

**सिल्ली :** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 13 दिवसीय कृषि उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह किया गया। रांची जिला के विभिन्न प्रखंड से आए प्रशिक्षणार्थी ने प्रशिक्षण प्राप्त किए। मुख्य अतिथि श्री जितेन बराईक ने 30 सफल प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र देते हुए यह संदेश दिया की भारत हमारा कृषि प्रधान देश है इस लिए कृषि के क्षेत्र में यहा बहुत अवसर है आगे बढ़ने के लिए , प्रशिक्षण के बाद आप सभी आत्म विश्वास के साथ अपना स्वयं का स्वरोजगार शुरू करे, जिस से आप के परिवार का आय भी बढ़ेगा । रुडसेट संस्थान के निदेशक ने संजीत कुमार ने प्रशिक्षणार्थी को कहा की आप सभी लोग बैंक से लोन लेकर भी आप अपने स्वरोजगार को आगे बढ़ा सकते है।

# खूंटी में कमल खिलाकर पीएम मोदी के पास पहुंचायें : अर्जुन मुंडा

स्वदेश संवाददाता



**खूंटी :** खूंटी से भाजपा कार्यकताओं ने कई बार इतिहास रचा है। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी एक बार फिर खूंटी से कमल को खिलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास पहुंचायें। ये बातें केंद्रीय मंत्री और खूंटी सीट से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कही। अर्जुन मुंडा लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर सोमवार को स्थानीय नेताजी चौक के समीप विधानसभा स्तरीय चुनावी कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद कार्यकताओं को संबोधित कर रहे थे। इसके पूर्व उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर कार्यालय का उद्घाटन किया। मुंडा ने कहा कि हम रामनवमी का त्योहार मनायेंगे। त्योहार का उत्साह और दोगुना हो जाता है, जब हम देखते हैं कि 500 साल के बाद राम लला अयोध्या में विराजमान हुए हैं। खूंटी विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि भाजपा ने इस बार 400 पार का संकल्प लिया है। देश को ऐसे नेता की जरूरत है जो देश को विकसित राष्ट्र बनाये और ऐसा नेता केवल नरेंद्र मोदी ही है। उन्होंने कहा कि खूंटी से भी एक कमल का फूल खिलायें। तोरपा विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र से दिखाई पड़ता है कि आनेवाले समय में देश विकसित राष्ट्र बनेगा। खूंटी से कोई और जितेगा, तो केवल संख्या बल बढ़ाने का काम करेगा, अर्जुन मुंडा को जितायेंगे, तो वे प्रधानमंत्री के कैबिनेट में शामिल होंगे। सभा को खूंटी प्रभारी रविंद्र राय ने भी संबोधित किया। मौके पर सत्यनारायण सिंह, काशीनाथ महतो, संतोष जयसवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

### भाजपा के संकल्प पत्र में खूंटी को भी मिला है महत्वपूर्ण स्थान : अर्जुन मुंडा

**खूंटी :** भाजपा के संकल्प पत्र में खूंटी को भी महत्वपूर्ण स्थान मिला है। वर्ष 2025 में धरती आबा बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को हमारी आनेवाली सरकार देश भर में बिरसा मुंडा के नाम पर ह्यजनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मनायेगी। यह हम सभी के लिए गौरव का विषय है। भाजपा के संकल्प पत्र ने जनजातीय समुदाय का मान-सम्मान बढ़ाया है। ये बातें केंद्रीय मंत्री और खूंटी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने कही। मुंडा सोमवार को खूंटी में विधानसभा चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में मोदी की गारंटी के माध्यम से आनेवाले पांच वर्षों में क्या-क्या महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे, उसका रोडमैप जनता के समक्ष रखने का काम किया है। साथ ही संकल्प पत्र के माध्यम से यह भी बताने की कोशिश की गयी है कि पिछले दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में चहुंमुखी विकास हुआ है।

#### झामुमो और झापा कार्यकर्ताओं ने थामा भाजपा का दामन

खूंटी संसदीय क्षेत्र के बानो प्रखंड के झामुमो और झारखंड पार्टी के कई कार्यकताओं ने सोमवार को भाजपा का दामन थाम लिया। खूंटी में भाजपा के चुनाव चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के बाद भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा और लोकसभा प्रभारी रविंद्र राय ने माला पहनाकर और पार्टी का पट्टा देकर उन्हें पार्टी में शामिल कराया। भाजपा में शामिल होनेवाले लोगों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नीति-सिद्धांत से प्रभावित होकर वे भाजपा में शामिल हो रहे हैं।

# जनहित में जरूरत पड़ी तो संविधान में बदलाव संभव : प्रतुल शाहदेव

- रामगढ़ पहुंचे भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने गिनाई 10 वर्षों की उपलब्धियां

स्वदेश संवाददाता



**रामगढ़ :** भाजपा ने मोदी की गारंटी वाला संकल्प पत्र जारी किया। इसके बाद झारखंड के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव सोमवार को रामगढ़ पहुंचे और मोदी की गारंटी वाले वादों की सूची जारी की। उन्होंने कहा कि पूरे देश में 400 सीटें जीतकर नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। इस दौरान उन्होंने विपक्ष के संविधान बदलने वाली टिप्पणी पर भी अपनी प्रतिक्रिया रखी। उन्होंने कहा कि जनहित में जब भी जरूरत पड़ी है संविधान में बदलाव हुआ है। जनहित में जरूरत पड़ेगी तो संविधान में बदलाव भी संभव है। भाजपा पीछे नहीं हटेगी। यूसीसी कानून भी उसका एक उदाहरण है। देश में दो संविधान के पक्षधर हम नहीं हैं। आज सरियत कानून लागू है और कांग्रेस उसकी हिमायती है। हम उस कानून से ऊपर उठकर सभी जनता को एक समान अधिकार देना चाहते हैं।

#### 10 वर्षों में किया राष्ट्रहित में काम

शाहदेव ने कहा कि भाजपा ने पिछले 10 वर्षों में राष्ट्रहित में काम किया है। उपलब्धियों की बात की जाए तो शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, महिला सशक्तिकरण, कृषि सुरक्षा, पेयजल जैसे मूलभूत चीजों के अलावा और बहुत सारे काम हुए हैं। अगले 5 वर्षों में भाजपा विकसित राष्ट्र के रूप में भारत को स्थापित कर देगी। जितने वादे भाजपा ने किए थे, उसे पूरा कर दिखाया है। यहां तक कि 500 सालों के बाद भगवान राम भी टेंट से निकलकर अपने मंदिर में पधार चुके हैं। अयोध्या जी को अब विश्व स्तरीय धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को एक सशक्त अर्थव्यवस्था के रूप में विकसित किया है। पिछले 10 वर्षों में भारत 11वें स्थान से उपर चढकर विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरी है। वामपंथी उग्रवाद का होगा खात्मा, पुरानी सभ्यताएं होगी पुनर्जीवित प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि अगले 5 वर्षों में वामपंथी उग्रवाद का संपूर्ण खात्मा करने का संकल्प लिया गया है। साथ ही पुरानी सभ्यताएं जिन्हें नष्ट करने का प्रयास किया गया था, उन्हें भी पुनर्जीवित की जाएगी। नालंदा के खंडहर को भी विकसित किया जाएगा। हर घर को रसोई गैस की सप्लाई पाइप से करने, हर घर को नल से जल उपलब्ध कराने का संकल्प लिया गया है। साथ ही 70 वर्ष से ऊपर के सभी लोगों को आयुष्मान योजना में शामिल किया जाएगा।

#### कांग्रेस ने करा ली दुर्गति, प्रतिपक्ष की भूमिका से भी रह रहे दूर

रामगढ़ पहुंचे भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव ने कहा कि टुकड़े-टुकड़े गैंग मिलकर एक मजबूत विपक्ष भी नहीं दे पा रहे। कांग्रेस ने अपनी ऐसी दुर्गति कर ली कि पिछले दो बार से वह दस प्रतिशत वोट भी नहीं जुटा पा रही हैं।ऐसी स्थिति में उनकी कही गई कोई भी बात जनता मानने को तैयार नहीं है।

# सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत

स्वदेश संवाददाता



**बुढ़मू :** थाना क्षेत्र के जमगाई के पास सड़क दुर्घटना में घायल हुए 3 लोगों की मौत हो गई। बुढ़मू थाना क्षेत्र के मुरुपीरी मुख्य पथ में सरहुल जुलूस से वापस लौट रहे ट्रैक्टर जमगाई गांव के पास पलटने से ट्रैक्टर में सवार एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। घटना में लगभग 15 लोग घायल हुए थे। तीन से चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। सभी घायलो को आनन फानन में प्रखंड के स्वास्थ्य केंद बुढ़मू पहुंचाया गया था। वहां से कुछ घायलों को इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर किया गया है, जहां घायलो को भर्ती कराया गया था, रिम्स में इलाज चल रहे 3 लोगों की मौत हो गई है। मृतक में मुरुपीरी छापर टोली निवासी प्रभु मुंडा(45) वर्ष, बांस बेड़ा गांव के रेशमी कुमारी (12) वर्ष , और डोंगा सरई गांव के विवेक भगत (15) वर्ष शामिल हैं। मृतक प्रभु मुंडा अपने पीछे अपनी पत्नी के अलावे दो बेटे और तीन बेटियों को छोड़कर इस दुनिया से चले गए।, और मृतक रेशमी कुमारी और विवेक भगत अभी स्कूल में पढ़ाई करते थे। मृतक में शामिल लोग गरीब किसान परिवार के लोग थे। घटना को लेकर मृतक के परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल बना हुआ है, और अचानक घटना घटने को लेकर क्षेत्र में मातम पसरा हुआ है। घटना की सूचना पाकर पूर्व सांसद संजय सेठ , सुरेश बैठा , प्रखंड प्रमुख सत्यनारायण मुंडा, जिला परिषद सदस्य रामजीत गंझू, पूर्व पंचायत समिति के सदस्य प्रमानंद तिवारी, सोनू मुंडा, सीताराम रवि, रामवृत्त मुंडा, धर्म गुरु महेंद्र मुंडा, तापेश्वर मिश्रा ने सहित कई जनप्रतिनिधियों ने मृतक के परिवार वालों से मिलकर ढांढस बंधाया और सहयोग करने का आश्वासन दिया।

# निर्माणाधीन मंगल राधिका सदानंद दिव्यांग सेवाधाम आश्रम में पनशाला का उद्घाटन

स्वदेश संवाददाता



**रांची :** एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवाधाम ट्रस्ट एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट दिल्ली शाखा रांची के सयुंक्त तत्वाधान में निर्माणाधीन मंगल राधिका सदानंद दिव्यांग सेवाधाम आश्रम, पुंदाग पीटीओ के पीछे सोमवार 15 अप्रैल, 2024 को परमहंस भागवत भास्कर संत शिरोमणि डॉक्टर श्रीश्री 108 श्री सदानन्द जी महाराज के परम भक्त शिष्य मीरा देवी ओमप्रकाश अडुकिया ने अपने माता-पिता, पौत्र-पौत्रवधु तरुण स्वाती अडुकिया एवं पौत्री मनीषा अडुकिया ने स्थायी ठंडे पानी की पनशाला की शुरुआत पूरे विधि-विधान से की। पुरोहितों ने पूजा पाठ कराकर प्याऊ का उद्घाटन कराया। संस्था की वरिष्ठ सदस्या विद्या देवी अग्रवाल एवं उर्मिला पाडिया ने स्थाई वाटर कुलर प्याऊ के उद्घाटन समारोह में आये हुए अतिथि मीरा देवी अडुकिया बेटी मनीषा अडुकिया पौत्रवधु स्वाती अडुकिया को भगवान राधा-कृष्ण की तस्वीर एवं अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया।

# एमिटी यूनिवर्सिटी में प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन

स्वदेश संवाददाता



**रांची :** एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड ने स्टार्ट-अप के लिए आईपीआर और आईपी प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन किया। एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड के संस्थापक अध्यक्ष और चांसलर के दृष्टिकोण और मिशन को ध्यान में रखते हुए एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी ने इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) के आदेश के तहत, एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड ने एक कार्यक्रम का आयोजन किया। 'बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) और स्टार्ट-अप के लिए बौद्धिक संपदा (आईपी) प्रबंधन पर कार्यशाला' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड के कुलपति डॉ. अशोक के. श्रीवास्तव ने अपनी शुभकामनाएं दीं। दर्शकों को संबोधित करते हुए, डॉ. नंदनी कुमारी, वैज्ञानिक, पशु प्रजनन और आनुवंशिकी विभाग, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, रांची ने आईपीआर और आईपी के बारे में संक्षिप्त विवरण दिया। उन्होंने आगे दवा की खोज और पेटेंट के अपवाद के बारे में भी बात की। पेटेंट के तरीकों, कानूनों और इसके उल्लंघन पर भी चर्चा की गई।

## जय श्री राम कमेटी ने निकाली श्री राम शोभायात्रा



**सिल्ली/मुरी :-** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत सोमवार के दिन जय श्री राम कमेटी मुरी सिल्ली के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पुरे हर्षोल्लास के साथ श्री राम शोभायात्रा निकाला गया। बताते चले की यह शोभायात्रा ग्राम विकास स्कूल से पैदल चलकर छोटा मुरी 'ए' टाइप बजरंगबली मंदिर के समीप पहुंचकर शोभायात्रा का समापन किया गया। शोभायात्रा में भक्तजन जय श्री राम, हर हर महादेव इत्यादि का जोर-जोर से नारा लगा रहे थे। शोभा यात्रा के दौरान जगह-जगह पर चना गुड़ शरबत की व्यवस्था की गई थी जिसका भक्तजनों ने आनंद उठाया।

# आनंद मार्ग विद्यालय में धूमधाम से मना 69वां वार्षिकोत्सव

स्वदेश संवाददाता



**चान्हो :** आनंद मार्ग उच्च विद्यालय आनंदशीला चामा में रविवार की शाम एक समारोह आयोजित कर विद्यालय का 69वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता व बिजनेस आईकॉन शिव कुमार साहु, मुख्य प्रवक्ता आचार्य परमेश्वरानंन्द अवधूत ( आनंद मार्ग प्रचारक संघ के वरिष्ठ आचार्य) विशिष्ट अतिथि के रूप में आचार्य भावामृतानंनद अवधूत (आनंद मार्ग प्रचारक संघ के वरिष्ठ आचार्य) अमर कुमार आईआईटी कानपुर के पूर्व छात्र, शिक्षाविद् मोहसिन खान , आचार्य रसोदभाषासानंद अवधूत सेक्टोरियल सचिव (आनंद मार्ग प्रचारक संघ) ,दीपक कुमार सामाजिक कार्यकर्ता ,विद्यालय निदेशक आचार्य गुणाकारानंन्द अवधूत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर व आनंद मार्ग के गुरु श्री श्री आनंदमूर्ति जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। मंच पर अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र व बुके देकर किया । विद्यालय के प्राचार्य पवन कुमार महतो विद्यालय का वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत किया। जिसमें उन्होंने बताया कि विगत वर्ष के बोर्ड परीक्षा में इस विद्यालय के 20% से अधिक बच्चों ने 80% से अधिक अंक प्राप्त किया। जबकि 99% बच्चे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। इस वर्ष के वार्षिक परीक्षा के परिणाम भी बेहतर रहे। 80% से अधिक बच्चों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किया। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में भी बच्चों ने बेहतरीन किया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि शिवकुमार साहू ने अपने संबोधन में कहा कि वह स्वयं आनंदमार्ग द्वारा संचालित शिक्षण संस्थान के छात्र रह चुके हैं यहां की जो शैक्षणिक व्यवस्थाएं हैं आज की समय में अतुलनीय है।आज की शिक्षा जीवन में उपयोगी कम है। हमें शिक्षा की आवश्यकता है हमारे जीवन को बेहतर बनाने की ,सुलभ बनाने का जिसका कार्य आज आनंद मार्ग विद्यालय कर रहे हैं। भारत के विभिन्न जिलों में स्थित आनंद मार्ग स्कूल इस कार्य को भली भांति रूप से संभाल कर रखे हुए हैं। आनंदमार्ग की नव्य मानवतावाद शिक्षा पद्धति देश को आगे बढ़ाने में काफी कारगर साबित होगा। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य वक्ता आचार्य परमेश्वरानंद अवधूत ने सम्बोधित करते हुए कहा कि इस ग्रामीण सुदूर क्षेत्र में स्थापित विद्यालय आज शिक्षा के क्षेत्र में परचम लहरा रहा है उन्होंने बताया कि वर्षों पहले जो शिक्षा की व्यवस्थाएं थी कम संसाधन में बहुत ही उच्च स्तर की शिक्षा दी जाती थी आज इस बढ़ती चकाचौंध की दुनिया में सुविधा तो बढ़ी पर शिक्षा की जो स्तर है उसमें कहीं न कहीं गिरावट आ जा रही है यह विद्यालय इस गिरावट को कम करने का प्रयास हमेशा कर रही है।

सेमिनार | डीएसपीएमयू में बाबा साहेब डॉ. बीआर अंबेडकर की जयंती कार्यक्रम का आयोजन

# विकसित भारत के संकल्प को करें पूरा : प्रो. ई बालागुरुस्वामी

स्वदेश संवाददाता



**रांची :** डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची के सभागार में भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती के अवसर पर एक सेमिनार सह व्याख्यान का आयोजन किया गया। विषय था, डॉ अंबेडकर और समानता आधारित समाज का सपना। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल सह कुलाधिपति के शैक्षणिक सलाहकार प्रो0 ई बालागुरुस्वामी ने अपने वक्तव्य की शुरूआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और संविधान निमार्ता भीमराव अंबेडकर की विचारधारा में समानता स्थापित करते हुए बताया कि हमें 2047 के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए यथार्थ पर रहते हुए आशावादी होना चाहिए। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों को 6ए की संकल्पना के द्वारा विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने की सलाह दी। उन्होंने इसे वर्णित करते हुए विस्तार से समझाया कि जातिवाद का उन्मूलन, सबके लिए समानता , सबके लिए शिक्षा,

महिला सशक्तिकरण , समानुभूति और आर्थिक सुरक्षा आदि 6 मूल अवधारणाओं के साथ भीमराव अंबेडकर की सोच के साथ 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण रूप से प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि अंबेडकर न सिर्फ एक समाज सुधारक, न्यायविद, अर्थशास्त्री और तुलनात्मक धर्म दर्शन के विद्वान थे बल्कि उन्हें भारतीय संविधान के जनक के तौर पर जाना जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धन करते हुए बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक की परिकल्पना हिल्टन यंग कमीशन की सिफारिश पर की गई थी, जो अंबेडकर के लेख , रुपए की समस्या और मूल एवं समाधान , में दिए गए दिशा निर्देशों से प्रेरित था। उन्होंने आगे कहा कि अंबेडकर मौलिक रूप से एक आर्थिक सिद्धांतकार थे। उनके द्वारा दिए गए आर्थिक विचार आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने अपने संबोधन में बाबा साहेब को समतामूलक समाज के चिंतक के तौर पर बताते हुए कहा कि अंबेडकर ने राजनीतिक न्याय के लिए सामाजिक न्याय को आवश्यक बताया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर स्कूल ऑफ एजुकेशन, इग्नू, नई दिल्ली के निदेशक प्रो सी बी शर्मा ने बाबा भीमराव अंबेडकर तथा नई शिक्षा 2020 के संबंध में अपने विचार रखे । उन्होंने कहा कि विकसित भारत, 2047 के सपने को पूरा करने में शिक्षा सबसे महत्त्वपूर्ण तत्व है। अंबेडकर दलित और महिला वर्ग के सशक्तिकरण के लिए राजनीतिक अधिकारों के पक्षधर थे । प्रो शर्मा ने आगे कहा कि वर्तमान में प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर पर स्थानीय भाषा में शिक्षा की जो व्यवस्था नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अन्तर्गत की गई है वह पूरे तौर पर अंबेडकर के विचारों से ही प्रेरित है। विशिष्ट वक्ता के रूप में एससीईआरटी, उत्तर प्रदेश के पूर्व निदेशक डॉ सर्वेंद्र विक्रम सिंह ने अपने ऑनलाइन उदबोधन में अंबेडकर के समतामूलक समाज संबंधी विचारों को महात्मा बुद्ध से प्रेरित बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा किसी भी देश की असमानता को दूर करने का सबसे सशक्त साधन है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में कृषि एवं औद्योगिक शिक्षण पद्धति हाथ के हुनर को प्राथमिकता देती है। इसके पूर्व कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन शुचि संतोष बरवार ने और अंत में धन्यवाद ज्ञापन पंकज कुमार ने किया। इस अवसर पर झारखंड ओपेन विश्वविद्यालय के कुलपति टी एन साहू, श्यामा प्रसार मुखर्जी विश्वविद्यालय के सभी संकायों के डीन, विभागाध्यक्ष, शिक्षक , कर्मी विश्वविद्यालय के सभी छात्र संगठनों के प्रतिनिधि और लगभग 700 की बड़ी संख्या में उत्साहित विद्यार्थी मौजूद थे।

# खूंटी में एक से 19 वर्ष के तीन लाख बच्चों को खिलायी जायेगी कृमि की दवा

स्वदेश संवाददाता



**खूंटी :** उप विकास आयुक्त के कार्यालय सभागार में सोमवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम से संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम ने कार्यक्रम को शत प्रतिशत सफल बनाने एवं सभी लाभुकों को हर हाल में दवा खिलाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अगर खानापूर्ति की गई, तो किसी भी हालत में इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिले के सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी ने 19 अप्रैल को होनेवाले इस कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि उस दिन जिले के सभी विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में संबंधित विद्यालय के शिक्षकों, सहियाओं एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा एक से 19 वर्ष आयु वर्ग के कुल तीन लाख 12 सौ 59 बच्चे और किशोर-किशोरियों को कृमि निरोधी दवा खिलाई जाएगी। उस दिन दवा खिलाने से छुटे हुए बच्चों को मौप-अप दिवस के तहत 26 अप्रैल को दवा खिलाई जाएगी। एविडेंस एक्शन के नीरज कुमार ने बताया कि कृमि से बच्चों को कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कृमि पोषण तत्वों के अवशोषण में अवरोध पैदा करते हैं जिसके कारण एनीमिया, कुपोषण के साथ ही मानसिक एवं शारीरिक विकास में बाधक होता है। कृमि मुक्ति से रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि, स्वास्थ्य एवं पोषण में सुधार, एनीमिया में कमी, सीखने की क्षमता एवं कार्य करने की क्षमता में वृद्धि होती है।

NEWS IN Gallery

## ईवीएम-वीपीपैट का हुआ फर्स्ट रैन्डमाइजेशन



**रांची** : लोकसभा चुनाव को लेकर ईएमएस पर सोमवार को ईवीएम-वीपीपैट का फर्स्ट रैन्डमाइजेशन किया गया। समाहरणालय स्थित एनआईसी सभागार में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने ईवीएम-वीवीपैट का फर्स्ट रैन्डमाइजेशन किया। रांची लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत सिल्ली, हटिया, खिजरी, रांची एवं कांके विधानसभा, खूंटी लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत तमाड़ विधानसभा एवं लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत मांडर विधानभा क्षेत्र के ईवीएम-वीपीपैट का रैन्डमाइजेशन किया गया। उल्लेखनीय है कि चुनाव आयोग के सॉफ्टवेयर के माध्यम से बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और वीवीपैट का रैन्डमाइजेशन कर तय किया जाता है कि कौन सा बीयू-सीयू कहां भेजा जाना है।

### गैंगरेप मामले में सजायाफ्ता की जमानत याचिका खारिज

**रांची** : खूंटी में वर्ष 2018 में हुए चर्चित कोचांग गैंगरेप मामले में सजायाफ्ता जुनास मुंडा को झारखंड हाई कोर्ट से राहत नहीं मिली है। हाई कोर्ट ने मुंडा की क्रिमिनल अपील पर सोमवार को सुनवाई की। कोर्ट ने जुनास मुंडा की जमानत याचिका खारिज कर दी। खूंटी के सिविल कोर्ट ने 17 मई 2019 को मुंडा को गैंगरेप मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। गैंगरेप का यह मामला जून 2018 का है। आदिवासियों का पत्थलगड़ी आंदोलन चल रहा था। उस समय एक एनजीओ से जुड़ी पांच महिलाएं कोचांग गांव में जागरूकता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक करने गई थीं। उस दौरान उन्हें अगवा कर गैंगरेप किया गया था। निचली अदालत ने फादर अल्फांसो को घटना का साजिशकर्ता माना था। इस मामले में फादर अल्फांसो के अतिरिक्त जॉन जोनस टुडू, बलराम समद, बाजी समद उर्फ टकला, जोनास मुंडा, अजूब सांडी पूर्ति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

### हाई कोर्ट ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर लगायी रोक

**रांची** : पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं उनके परिवार के खिलाफ बयानबाजी मामले में सिमडेगा थाने में दर्ज प्राथमिकी को चुनौती देने वाली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने बाबूलाल मरांडी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाते हुए शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया है। आरोप है कि एक निजी यूट्यूब चैनल ने सोशल मीडिया पर बाबूलाल मरांडी की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं उनके परिवार के खिलाफ दिये गये साक्षात्कार को अपलोड किया गया था। इसके खिलाफ झामुमो के कार्यकर्ताओं ने छह थाना सिमडेगा, रामगढ़, लोहरदगा, रांची, मधुपुर, साहिबगंज में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

भारतीय जनता पार्टी के मीडिया सेंटर का किया उद्घाटन

# मोदी की गारंटी पर देश की जनता को है पूरा भरोसा : बाबूलाल मरांडी

**स्वदेश संवाददाता**




**रांची** : झारखंड के प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को हरमू रोड स्थित मारू टावर में भाजपा के मीडिया सेंटर का उद्घाटन किया। साथ ही सभी ने भरोसा जताया कि भाजपा के संकल्प-मोदी की गारंटी पर झारखंड के लोग भी चुनाव में भरोसा जतायेंगे। इस दौरान पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि देश की जनता स्वीकार करती है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा जो कहती है उसे पूरा करती है। बात यहां विश्वसनीयता की है। मोदी ने जो कहा, सो किया। देश में विपक्षी पार्टियां पूरी तरह अविश्वसनीय हो चुकी हैं, मोदी की गारंटी पर जनता को पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा कि पार्टी का घोषणा पत्र जारी हो गया है। संकल्प पत्र के लिए 15 लाख लोगों का सुझाव पूरे देश से आया, जिसमें नमो एप से 4 लाख और 10 लाख लोगों ने वीडियो बनाकर सुझाव देने का काम किया। यह अपने आप में बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने गरीबों के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। देश में कोई भी भूखा नहीं सोयेगा, यह मोदी की गारंटी है। गरीबों को इलाज के लिए आयुष्मान योजना से जोड़ा। पैसे के अभाव में इससे इलाज अब नहीं रुकता। इसे और विस्तार देते हुए प्रधानमंत्री ने 70 साल पूरा करने वाले या इससे अधिक के सभी वर्ग के लोगों को भी इसका लाभ देने की बात की है। बीमार होने के बाद उनका इलाज नहीं हो पाता था, उन्हें भी लाभ मिलेगा। 10 वर्ष में चार करोड़ से अधिक आवास दिया। आने वाले समय में और तीन करोड़ लोगों को आवास सरकार देगी। इस तरह से सबको अपना घर देने की तैयारी है। फूड प्रोसेसिंग हब बनाने की तैयारी है, जिससे किसानों को लाभ मिलेगा। रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। श्री अन्न योजना, सहकारिता नीति लायेंगे। स्वनिधि स्कीम से गांवों में 50 हजार का कर्ज मिलेगा। मरांडी ने कहा कि देश में जनजातीय वर्ष मनाया जायेगा। इसके जरिये हमारे जनजातीय समाज से जुड़े नायकों, महापुरुषों को और सम्मान मिलेगा। देश में तीन करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति बनाया जाना है। 5000 किमी रेल पटरियां बिछायी जा रही हैं। पिछले 10 वर्षों में देश में रेल, हवाई सेवा, सड़क निर्माण कार्यों का विस्तार हुआ है। दिव्यांग जनों को प्रधानमंत्री आवास में प्राथमिकता मिलेगी। वन नेशन, वन इलेक्शन प्लान भी महत्वपूर्ण है। मुद्रा लोन 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख रुपये किया जा रहा है। हनपुर गांव में सांसद गीता कोड़ा पर हमला मामले के सवाल पर मरांडी ने कहा कि यह झामुमो नेताओं की हताशा है। उन्होंने हार मान ली है इसलिए हमारे उम्मीदवारों को जगह-जगह रोक रहे हैं। झारखंड की जनता इन्हें समझ चुकी है, इसलिए वे अब हताशा में ऐसा कर रहे हैं। वहां का वीडियो देखने से पता लग जायेगा कि झामुमो वाले इस मामले में कितना झूठ बोल रहे हैं। प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई ने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र में इस बार 15 लाख लोगों के सुझाव को समाहित किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की कार्यपद्धति रही है कि वे जो कहते हैं उसे पूरा करते हैं, इसलिए भाजपा द्वारा प्रकाशित संकल्प पत्र का नाम मोदी की गारंटी रखा गया है।

## रामनवमी को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में ड्रोन से मकानों की छत का किया गया निरीक्षण

**स्वदेश संवाददाता**



**रांची** : राजधानी रांची में रामनवमी को लेकर पुलिस अलर्ट मोड में नजर आ रही है। इसी क्रम में रामनवमी पर निकलने वाले जुलूस के मार्ग में स्थित शहर के सभी मकानों की छतों का सोमवार को ड्रोन से निरीक्षण किया गया। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में हिंदपीढ़ी और डेली मार्केट थाना क्षेत्र में ड्रोन से छत का निरीक्षण किया गया। जुलूस में विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर प्रशासन की ओर से सभी सावधानी बरती जा रही है। जुलूस के दौरान पत्थरबाजी न हो, इसे लेकर जुलूस मार्ग के सभी मकानों की जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की ओर से जांच की जा रही है। जांच के दौरान आठ मकानों की छत पर ईंट और पत्थर मिला, जिसे हटाने का निर्देश दिया गया है। साथ ही उनसे बॉन्ड भी भरवाया गया है। इसके अलावा जुलूस मार्ग और विभिन्न चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए स्थानों का चयन किया गया है। डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि रामनवमी जुलूस पर निगरानी रखने के लिए जिला प्रशासन की ओर से अस्थायी सीसीटीवी कैमरा लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। सभी कैमरों की मॉनिटरिंग कचहरी स्थित कंट्रोल रूम से की जायेगी। सीसीटीवी के जरिये जुलूस पर कड़ी नजर रखी जायेगी। किसी भी असामाजिक तत्व को बख्शा नहीं जायेगा। सीसीटीवी के जरिये चिह्नित कर उपद्रवियों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। साथ ही सोशल मीडिया पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है।

## न्याय उलगुलान रैली के आयोजन से भाजपा नेता परेशानः राजद

**स्वदेश संवाददाता**

**रांची** : प्रदेश राजद के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने कहा कि न्याय उलगुलान रैली के आयोजन से भाजपा हैरान और परेशान है। इसलिए भाजपा नेताओं की ओर से उलूल -जलूल बयान बाजी की जा रही है। अभी से भाजपा को हार का डर सताने लगा है। भाजपा समझ रही है कि इस रैली के दिन से ही भाजपा की उलटी गिनती शुरू हो जाएगी। इस रैली में देश के सभी बड़े नेता आईएनडीआईए गठबंधन के तहत शामिल होंगे। उन्होंने सोमवार को कहा कि इस रैली में महागठबंधन के नेता और बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। डॉ मनोज ने कहा कि भाजपा का घोषणा पत्र केवल लोक लुभावना वाला घोषणा पत्र है। देश की जनता जान चुकी है कि भाजपा को झूठे वादे करने और झूठे सपने दिखाने की जुमला है।

## भाजपा किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण : लक्ष्मीकांत वाजपेयी

**स्वदेश संवाददाता**




**रांची** : भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी एवं जिला अध्यक्षों की बैठक सोमवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में हुई। बैठक में लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर किसान मोर्चा के कार्यकताओं की आगामी भूमिका पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश किसान मोर्चा अध्यक्ष पवन साहु ने की।

बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश भाजपा संगठन प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अब शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर किसान मोर्चा के कार्यकताओं की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है। उन्होंने कहा कि किसान मोर्चा के कार्यकर्ता शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर पार्टी के अन्य कार्यकताओं से जुड़कर घर-घर जाने का काम करें एवं मतदाताओं से मोदी सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा करते हुये पार्टी के पक्ष में मतदान का आग्रह करें। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि पन्ना प्रमुख अपने पन्ना अंतर्गत आने वाले 60 मतदाताओं से संवाद स्थापित कर उनमें से ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को पार्टी के पक्ष में मतदान करने के लिये प्रेरित करें। क्षेत्रीय संगठन मंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी ने भी सभी से स्थानीय स्तर पर संपर्क संवाद बढ़ाने की बात कही एवं तीसरी बार केंद्र में मोदी सरकार बनाने में सभी को अपना योगदान देने की बात कही।

### सभी बूथों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने की जिम्मेदारी स्थानीय कार्यकर्ताओं की: कर्मवीर सिंह

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि मोर्चा की ओर से बनाए गए लोकसभा के प्रभारी सभी विधानसभा में मंडलों की कार्यकारिणी की बैठक करने, गावों में किसानों के साथ बैठक करने, लाभार्थियों के साथ बैठक कर उनके लिए मोदी सरकार द्वारा किये गये कार्यों को बताने की बात कही। उन्होंने सभी को प्रभावी किसानों की सूची बनाकर उनका सम्मेलन एवं किसान सभा आयोजित कर मोदी सरकार की देशहित एवं जनहित में किये गये कार्यों को बताने का टास्क दिया। साथ ही उन्होंने मोर्चा के कार्यकताओं से मंडल, शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर भी सहयोग करने की बात कही। प्रदेश किसान मोर्चा अध्यक्ष पवन साहु ने सभी लोकसभा प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में प्रवास में लग जाने की बात कही एवं संगठन के निदेर्शानुसार विधानसभा, मंडल एवं बूथ स्तर पर सभी से अपनी भूमिका सुनिश्चित करने की बात कही। साथ ही मोर्चा के सभी कार्यकताओं से स्थानीय स्तर पर भी सहयोग कर अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को हासिल करने में अपना योगदान की बात कही।

# शहर में रामनवमी को लेकर आज से 18 अप्रैल तक बदली ट्रैफिक व्यवस्था

**स्वदेश संवाददाता**



**रांची** : रामनवमी को लेकर रांची की ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है। इसे लेकर रांची ट्रैफिक एसपी ने रविवार रात सूचना जारी की है, जिसमें 16 अप्रैल को रामनवमी को लेकर अखाड़ों से संध्या में झांकी निकलने, 17 अप्रैल को रामनवमी की मुख्य शोभा यात्रा जुलूस और 18 अप्रैल को चैती दुर्गा पूजा का विसर्जन कार्यक्रम भी निर्धारित है। इसे लेकर ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है।

**16 अप्रैल की ट्रैफिक व्यवस्था**

मंगलवार को शाम चार बजे से 17 अप्रैल की सुबह 6 बजे तक शहरी क्षेत्र में भारी वाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा।सभी प्रकार के भारी मालवाहक वाहन रिंग रोड होकर अपने गंतव्य तक परिचालित होंगे। वहीं किशोरी यादव चौक से अपर बाजार, महावीर मंदिर चौक, शहीद चौक के तरफ से अपर बाजार, महाबीर मंदिर चौक एवं सुभाष चौक से अपर बाजार महावीर मंदिर चौक की तरफ सामान्य परिचालन वर्जित रहेगा।

**17 अप्रैल के लिए ट्रैफिक व्यवस्था**

17 अप्रैल को सुबह 8 बजे से 18 अप्रैल के सुबह चार बजे तक शहरी क्षेत्र में भारी वाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा।सभी प्रकार के भारी मालवाहक वाहन रिंग रोड होकर अपने गंतव्य तक परिचालित होंगे। निजी एवं यात्री वाहनों का परिचालन विभिन्न मार्गों में दोपहर एक बजे से जुलूस समाप्ति तक बदले गए हैं।

- किशोरी यादव चौक से अपर बाजार महावीर मंदिर चौक, शहीद चौक के तरफ से अपर बाजार महाबीर मंदिर चौक एवं सुभाष चौक से अपर बाजार महावीर मंदिर चौक की तरफ सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
- एसएसपी आवास चौक से कचहरी चौक, शहीद चौक जाने वाले मार्ग में सामान्य वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।
- सर्कुलर रोड से आने वाले वाहन जेल चौक तक ही पहुंच सकेंगे एवं उसी जगह से अन्य मार्गों पर परिचालित होंगे।
- जाकिर हुसैन पार्क से कमिश्नर चौक, रेडियम चौक आने वाले मार्ग में सामान्य वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।
- पुराना नगर निगम कार्यालय वाले मार्ग से कमिश्नर चौक के तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
- चडरी तालाब से अल्बर्ट एक्का चौक के तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
- प्लाजा चौक से अल्बर्ट एक्का चौक जाने वाले मार्ग में सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
- पुरुलिया रोड से सर्जना चौक के तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
- एसएन गांगुली रोड,विष्णु गली, बुधिया गली एवं राधेश्याम गली से मेन रोड आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
- चर्च रोड से मेन रोड के तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
- उल हाउस के पास मेन रोड के तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
- कर्बला चौक से रतन पीपी आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
- पीपी कंपाउंड से सुजाता चौक की तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
- चुटिया बाजार रोड में दोनों तरफ से वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।

## लोस चुनाव एवं गांडेय विस उपचुनाव को लेकर भाजपा-आजसू में बनी रणनीति

**स्वदेश संवाददाता**



**रांची** : भाजपा के झारखंड प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के बीच सोमवार को महतो के कांके रोड स्थित आवास पर लोकसभा चुनावों में राज्य की सभी 14 सीटों एवं गांडेय उपचुनाव पर जीत सुनिश्चित करने की रणनीति को लेकर चर्चा हुई। इस मुलाकात और चर्चा में आजसू प्रमुख सुदेश कुमार महतो ने चुनावों के सभी पहलु पर बेहतर तरीके से अपना पक्ष रखा और समीकरणों को अपने पक्ष में करने के अपने अनुभव बताए। चर्चा के दौरान सहमति बनी कि चुनावों को लेकर दोनों दलों का संयुक्त निर्णय सामने आएगा। साथ ही समन्वय स्थापित कर मजबूती से चुनाव लड़ा जाएगा। एनडीए की जीत तय करने के लिए साझा रणनीति और कार्यक्रमों के साथ चुनावी मुहिम तेज की जाएगी। सभी बातों को केंद्र में रखकर दोनों नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि अबकी बार 400 पार के संकल्प को साकार करना ही मूल लक्ष्य है।

## महागठबंधन के अंदर डिसीजन मेकर के रूप में जानी जा रही हैं कल्पना

**स्वदेश संवाददाता**



**रांची** : झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) में कल्पना मुर्मू सोरेन की एंट्री झारखंड की राजनीति में बड़ा बदलाव है। राजनीतिक गलियारों में भी चर्चा का विषय बना है कि वह हेमन्त सोरेन से कम नहीं हैं। कल्पना सोरेन की राजनीतिक सोच और दृष्टि बहुत कुछ बयां करती है। राजनीतिक सूत्रों के अनुसार महागठबंधन के अंदर भी कल्पना सोरेन डिसीजन मेकर के रूप में जानी जा रही हैं। चाहे सीट बंटवारे का फामूर्ला तय करना हो या अन्य हरेक राजनीतिक गतिविधियों पर कल्पना सोरेन की निगाहें रहती हैं। कुछ दिन पहले ही कल्पना सोरेन की महागठबंधन में शामिल कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, राजद और अन्य दलों के शीर्षस्थ नेताओं के साथ बैठक हुई थी। इसमें कल्पना सोरेन खुद लोकसभा चुनाव में सीट बंटवारे और अन्य मुद्दों पर वार्ता करती दिखीं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह भी है कि कल्पना सोरेन कुछ दिन पहले ही दिल्ली जाकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की धर्मपत्नी सुनीता केजरीवाल से मुलाकात कर उन्हें ढांढस देते दिखी थीं। ऐसे में माना जा रहा है कि आने वाले समय में वे झारखंड के साथ-साथ बाहर दूसरे राज्यों में भी महागठबंधन के साथ मंच साझा करेंगी। शायद यही वजह भी रही होगी कि कल्पना सोरेन महागठबंधन झारखंड में स्टार प्रचारक के रूप में हर जिले का दौरा भी कर रही हैं। बहरहाल लोकसभा चुनाव 2024 का आगामी परिणाम निर्णयक होगा। राज्यवासियों को यही चुनावी परिणाम बताएगा कि राजनीति में वाकई कल्पना सोरेन का बड़ा कद है या फिर कल्पना सोरेन सिर्फ राजनीतिक कल्पनाओं में फीट बैठती हैं। इधर, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव कहते हैं कि जिस पार्टी के सरदार ही जेल के अंदर हैं। वे कल्पना के सहारे ही राजनीतिक वापसी का ख्वाब देखेंगे। अब भ्रष्टाचार की आड़ में जेल के अंदर से मिला मार्गदर्शन कितना कारगर साबित होगा, समझ सकते हैं। वैसे जल, जंगल और जमीन की वकालत करने वाले लोगों पर करोड़ों की जमीन घोटाला करने का बड़ा आरोप लगा है। दूसरी ओर झामुमो के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि पार्टी में कोई भी नया सदस्य जुड़ता है तो इसका व्यापक लाभ मिलता है। कल्पना सोरेन के आने के बाद निश्चित तौर पर महागठबंधन को संगठनात्मक रूप से लाभ मिल रहा है। वैसे भी उनके पति (पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन) के साथ जो अन्याय हुआ है, राज्यवासियों की उनसे भरपूर सहानुभूति है। किसी भी देश या परिवार के साथ हुए अन्याय पर सहानुभूति मिलती ही है।

कार्यशाला

इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब (ईएलसी) की जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

# सबसे बड़े लोकतंत्र भारत की तरफ देख रही है पूरी दुनिया : नेहा अरोड़ा

**स्वदेश संवाददाता**




**रांची** : अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा ने सोमवार को स्वीप अंतर्गत रांची विश्वविद्यालय के मासकॉम विभाग में गठित इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब (ईएलसी) की जागरूकता कार्यशाला में शामिल हुई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज कई देशों में चुनाव हो रहे हैं, लेकिन पूरी दुनिया सबसे बड़े लोकतंत्र भारत की तरफ देख रही है। स्वस्थ लोकतंत्र के निर्माण में युवा मतदाता विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं। चुनावी प्रक्रिया से परिचित होने के साथ-साथ लोगों को जागरूक करना हम सभी की जिम्मेदारी है। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अरोड़ा ने ईएलसी से संबंधित निर्देशिका में उल्लेखित विभिन्न गतिविधियों को समुचित तरीके से लोकतंत्र में आयोजित करने पर बल दिया। उपस्थित छात्रों से उन्होंने कहा कि चुनावी प्रक्रिया और मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए ऐसा कॉन्टेंट बनाएं जो इनफॉर्मेटिव हो, ताकि लोग जान पाएं कि चुनाव के लिए आयोग ने क्या-क्या प्रावधान किये हैं।

**छात्रों को दिया गया उपहार**

कार्यशाला के दौरान छात्रों से चुनाव से संबंधित सवाल भी किये गये। सही जवाब देने वाले छात्रों को उपहार भी दिया गया। आखिर में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी को मतदान की शपथ दिलाई।

### चुनाव से संबंधित डिजिटल एप एवं वेबसाइट की दी गयी जानकारी

**नोडल** पदाधिकारी स्वीप कोषांग-सह-उपविकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव ने कार्यशाला के दौरान उपस्थित छात्रों को चुनाव से संबंधित डिजिटल एप एवं वेबसाइट की जानकारी प्रदान की। साथ ही स्कूल/कॉलेजों की सक्रिय भागीदारी से युवा मतदाताओं को चुनाव प्रक्रिया से जोड़ने के उद्देश्य और सार्थकता पर बल दिया। छात्रों को जानकारी देते हुए सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के उपनिदेशक आनंद ने बताया कि मतदाता जागरूकता हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड कार्यालय की ओर से वीडियोज, रील्स, मीम्स, रिंगटोन आदि जारी किये गये हैं। आप सभी इन सामग्रियों का उपयोग करें एवं चुनाव प्रक्रिया से संबंधित ताजा जानकारी के लिए सीईओ झारखंड के सोशल मीडिया हैंडल्स को फॉलो करें।

NEWS IN Gallery

## साहिबंगज में गंगा में नहाने गया युवक डूबा

**साहिबगंज** : जिले में सूर्य उपासना के महापर्व चैती छठ के दूसरे दिन सोमवार की सुबह का अर्घ्य देने चानन घाट पर गया एक युवक नहाने के दौरान गंगा नदी में डूब गया। गोताखोरों की मदद से उसकी तलाश की जा रही है। पता चला है कि जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रेम नगर निवासी राजू कुमार का पुत्र सागर कुमार (18) अपने कुछ दोस्तों के साथ छठ घाट पर पहुंचा था। इसी दौरान सभी दोस्तों ने मिलकर गंगा में नहाने का प्लान बनाया। इसके बाद सभी गंगा नदी में उतरे। नहाने के दौरान युवक गहरे पानी में चला गया और डूब गया। युवक के गंगा में डूबने की सूचना जैसे ही मिली, मौके पर मौजूद लोगों ने स्थानीय थाने को इसकी सूचना दी। उसके बाद साहिबगंज के मुफस्सिल थाना प्रभारी शशि सिंह व जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी अनिश पांडे दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और युवक की तलाश के प्रयास शुरू कर दिए। स्थानीय गोताखोरों की मदद से युवक को पानी में खोजने का प्रयास लगातार किया जा रहा है। एसडीओ अंगारनाथ स्वर्णकार भी घटनास्थल पर पहुंचे। वाटर मोटर बोट के जरिये भी युवक को खोजने का प्रयास किया जा रहा है।

## कंटेनर और ट्रक में हुई टक्कर, कंटेनर का केबिन जलकर खाक

**रामगढ़** : रामगढ़ शहर के कोठार फ्लाईओवर के पास कंटेनर और गैस लगे ट्रक में टक्कर हो गई। इस हादसे में कंटेनर के केबिन में भीषण आग लग गई । जब तक फायर ब्रिगेड की टीम पहुंचती कब तक कंटेनर का कैपेसिटर कर खाक हो गया। इस घटना पर टापू पानी में पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम को घंटा लग गए इस दौरान कई घंटे तक राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर आवागमन बाधित रहा। इस संबंध में रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहू ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि कोठार पुल के पास गैस लदे ट्रक में एक कंटेनर ने टक्कर मारी है। इसके बाद कंटेनर के केबिन में आग लग गई। कंटेनर के केबिन में रूक-रूक कर धमाके भी हो रहे थे। इस दौरान ट्रक ड्राइवर ने समझदारी दिखाई और किसी तरह अपनी गाड़ी वहां से हटा ली। तब तक फायर ब्रिगेड की टीम भी वहां पहुंच गई और कंटेनर के केबिन में लगी भीषण आग को बुझाने का प्रयास किया। हालांकि, इस घटना में कंटेनर का केबिन जलकर पूरी तरह खाक हो गया। कंटेनर का चालक घायल हो गया जिसका इलाज रामगढ़ सदर अस्पताल में कराया गया। घटना के बाद कुजू नया मोड़ और कांकेबार बाइपास पर दोनों तरफ ट्रैफिक रूट डायवर्ट कर दिया गया था, ताकि किसी भी तरह की कोई अन्य घटना न हो सके।

# चतरा पुलिस ने टीएसपीसी के चार उग्रवादियों को किया गिरफ्तार

स्वदेश संवाददाता



**चतरा :** चतरा पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने टीएसपीसी के चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। ये उग्रवादी विकास कार्य से जुड़े व्यवसायियों और कोयला व्यवसायियों से लेवी वसूलते थे।इनके पास से मेड इन यूएसए लिखे दो पिस्टल, टीएसपीसी पर्चा सहित अन्य समान बरामद किया है। चतरा एसपी विकास पांडेय ने सोमवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि पिपरवार एवं टण्डवा थाना क्षेत्र में कोयला व्यवसाय तथा विकास कार्य से जुड़े व्यवसायियों को प्रतिबंधित टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के द्वारा धमकी देकर रंगदारी स्वरूप लेवी की मांग की जा रही थी। साथ ही कोयलांचल क्षेत्र में कोल परिचालन में लगे हाइवा वाहनों में आगजनी की घटना को अंजाम दिया गया था, जिस कारण कोल-व्यवसायियों तथा आमजन में भय व्याप्त था। घटना को अंजाम देने वाले उग्रवादियों को गिरफ्तार करने के लिए टण्डवा एसडीपीओ के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया। एसआईटी की टीम ने लगातार छापामारी कर टीएसपीसी के चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादियों की पहचान मसी तिग्गा, विफा उरांव, विकास उरांव और किरण नगरवाल के रूप में हुई है। सभी टंडवा और पिपरवार थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। गिरफ्तार उग्रवादी चतरा जिला के टण्डवा, पिपरवार, रांची जिला के खलारी, मैक्लुस्कीगंज, बुढ़मू, रातू थाना क्षेत्र में खनन एवं विकास कार्यों से जुड़े व्यवसायियों से लेवी वसूली की घटनाओं में शामिल थे। हाल ही में पिपरवार थाना क्षेत्र के सेंगाबिलारी गांव में जय अम्बे ट्रांसपोर्ट कम्पनी के हाइवा में आगजनी और जामडीह गांव स्थित श्री इन्टरप्राइजेज कम्पनी के हाइवा वाहन में आगजनी की घटना को भी अंजाम दिया था। उन्होंने बताया कि पूछताछ में टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के अन्य सक्रिय सदस्यों की पहचान की गयी है। साथ ही ये भी पता चला है कि नये लड़कों को संगठन में शामिल किया जा रहा है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

## लातेहार में नक्सलियों की बड़ी साजिश नाकाम, आठ आईईडी बम बरामद



लातेहार : लातेहार पुलिस ने सोमवार को एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए नक्सलियों के द्वारा बरवाडीह थाना क्षेत्र के मोरवाई गांव के निकट जंगल में छुपा कर रखे गए आठ बम को बरामद किया। बरामद बम को जंगल में ही बम निरोधक दस्ते ने विस्फोट का निष्क्रिय कर दिया। एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि जिले के बरवाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत मोरवाई गांव के पास स्थित जंगल में कुछ संदिग्ध वस्तुएं देखी गई हैं। इस सूचना पर पुलिस और सीआरपीएफ की टीम संयुक्त रूप से जंगल में छापामारी अभियान चलाई। छापामारी के क्रम में एक चट्टान के नीचे से आठ बम बरामद किया गया। सभी बम को जंगल में ही विस्फोट कर निष्क्रिय कर दिया गया। एसपी ने बताया कि ऐसी संभावना जताई जा रही है कि नक्सलियों ने सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के लिए बम रखा होगा। उन्होंने बताया कि पूरे जंगल में सर्च अभियान चलाई जा रही है। इसके अलावा लोकसभा चुनाव को लेकर सभी सुदूरवर्ती जंगली इलाकों में भी लगातार सर्च अभियान जारी है। उन्होंने आम लोगों से भी अपील किया है कि किसी भी प्रकार की सूचना होने पर तत्काल पुलिस से संपर्क करें।

# उगते सूर्य के अर्घ्य देने के साथ ही लोक आस्था का महापर्व चैती छठ सम्पन्न

स्वदेश संवाददाता



**चतरा :** उगते सूर्य के अर्घ्य के साथ ही लोक आस्था का महापर्व चैती छठ पूजा सम्पन्न हुई। भद्रकाली मंदिर परिसर स्थित उत्तरवाहिनी नदी बक्सा जलाशय समेत अन्य छठ घाटों में सोमवार की सुबह उदीयमान भुवन भाष्कर भगवान सूर्य को दूसरा अर्घ्य देने के साथ आस्था और विश्वास का महापर्व छठ सम्पन्न हो गया। चार दिवसीय चैती छठ को लेकर प्रखंड के छठ व्रतियों में खासा उत्साह रहा। मान्यता है कि मूलरूप सूर्य षष्ठी व्रत होने के कारण इसे छठ कहा गया है। पारिवारिक सुख-समृद्धि तथा मनोवांछित फल प्राप्ति के लिए यह पर्व मनाया जाता है। रविवार शाम को व्रतियों की ओर से अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया गया था। सोमवार की सुबह ही श्रद्धालु स्नान करने के बाद डाला लेकर घाटों पर पहुंच गए थे। कहीं डीजे पर छठ गीत बजाए जा रहे थे तो कहीं महिलाएं छठ गीत गा रही थीं। शहर के चतरा इटखोरी मयुरहड पथलगड्डा हंटरगंज लावालंग सिमरिया टंडवा समेत अन्य प्रखंडो में घाटों के साथ ही साथ घर-आंगन के बीच व्रतियों ने अर्घ्य प्रदान किया। हर जगह भक्तिपूर्ण माहौल में श्रद्धालु नजर आए। भद्रकाली मंदिर के प्रधान पुजारी नागेश्वर तिवारी ने बताया कि शुक्रवार को सभी छठ व्रती सुबह में पवित्र स्नान कर भगवान सूर्य की आराधना किया। इसके बाद अरवा चावल, चना दान, कद्दू की सब्जी आदि बनाकर भगवान को भोग लगाया और प्रसाद के रूप ग्रहण किया। शनिवार को सभी व्रती पूरे दिन उपवास रखकर संध्या में खरना पूजन किया। इसके साथ ही 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू के साथ रविवार की शाम अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया । सोमवार को सूर्योदय से पहले ही नदी या तालाब के पानी में उतरकर सूर्यदेव से प्रार्थना किया । इसके बाद उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद पूजा का समापन कर व्रत का पारण किया गया ।

## मंत्री सत्यानन्द भोगता ने छठ महापर्व का ग्रहण किया प्रसाद

स्वदेश संवाददाता



**पत्थलगड़ा :** राज्य के लोकप्रिय मंत्री सत्यानन्द भोगता जी आज एक दिवसीय दौरे पर सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के पत्थलगड़ा प्रखण्ड पहुँचे। इस दौरान माननीय मंत्री श्री भोगता जी प्रखण्ड क्षेत्र से जिलापरिषद सदस्य रामसेवक दांगी उर्फ रामा भगत जी के घर छठ पूजा का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर कई अन्य उपस्थित थे । मौके पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहां की छठ मैया से विनती करता हूं राज्य की सुख समृद्धि बना रहे ।

## मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने स्टूडियो राज मोबाइल सेंटर का किया उद्घाटन



स्वदेश संवाददाता

**पत्थलगडा :** सोमवार को प्रखंड मुख्यालय के सुभाष चौक में स्टूडियो राज वीडियोग्राफी एवं मोबाइल सेंटर खुला, जिसका उद्घाटन राज्य सरकार के श्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता मुखिया राधिका देवी संचालक की माता गीता देवी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर उद्घाटन किया । इस मौके पर राज्य के मंत्री सत्यानंद भोगता ने कहा कि वर्तमान समय में मोबाइल लोगों की जरूरत का खास साधन बन गया है। इस टेक्नोलॉजी को रोजाना विस्तार हो रहा है। इसकी जरूरत अभी के समय में हर व्यक्ति को है। मोबाईल के बिना लोगों का कई काम बाधित हो जाता है। साथ ही साथ शादी के मौके पर फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी का भी होना जरूरी है ऐसे में यहाँ के लोगों को काफी सहूलियत होगी । उन्होंने संचालक दीपक राज को शुभकामनाएं भी दिया । प्रतिष्ठान के संचालक दीपक राज ने बताया की हमारे यहां सभी कंपनियों व सभी प्रकार के मोबाईल फोन ,चार्जर ,ब्लूटूथ ,व अन्य सामान उपलब्ध है, साथ ही हमारे यहां शादी विवाह एंव अन्य कार्यक्रमों के लिए फोटो ग्राफी व वीडियोग्राफी ड्रोन कैमरा गिंबल व आधुनिक कैमरा से किया जाता है मौके पर जिला परिषद सदस्य रामसेवक दांगी भाजपा नेता सुजीत भारती, दिनेश्वर राम, राष्ट्रीय जनता दल जिला अध्यक्ष नवलकिशोर यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश कुमार , संसद प्रतिनिधि अमित तिवारी दिनेश्वर दांगी, नन्दकिशोर दांगी, समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे । मालूम हो की पतंग गड्ढा में पूर्व से ही स्टूडियो राज मोबाइल एक प्रतिष्ठित प्रतिष्ठा के नाम से जाना जाता है इस क्षेत्र के अलावे उन क्षेत्रों की ग्राहकों का काफी भरोसा प्रतिष्ठान पर है ।

# रामगढ़ में हुड़दंग करने वालों पर गिरेगी गाज, डीसी-एसपी ने किया फ्लैग मार्च

### आपसी भाईचारे और धार्मिक सौहार्द के साथ रामनवमी मनाने की अपील

स्वदेश संवाददाता



**रामगढ़ :** जिले में रामनवमी का त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो इसके लिए जिला प्रशासन ने पूरी तैयारी कर रखी है। सोमवार को डीसी चंदन कुमार और एसपी डॉ बिमल कुमार खुद फ्लैग मार्च में शामिल हुए। उन्होंने रजरप्पा, चितरपुर और विभिन्न थाना क्षेत्रों में फ्लैग मार्च का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने साफ संकेत दिया कि अपराध पर लगाम लगाने और रामनवमी पर्व के अवसर पर हुड़दंग मचाने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। हर जगह पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन कैमरे से भी नजर रखी जाएगी। डीसी और एसपी ने कहा कि आम जनता शांति, आपसी भाईचारा और धार्मिक सौहार्द के साथ रामनवमी का पर्व मनाए। एसपी डॉ बिमल कुमार ने रामनवमी त्योहार के मद्देनजर जिले के सभी पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने रामगढ़ एसडीपीओ, पतरातू एसडीपीओ, सभी सर्किल इंस्पेक्टर, थाना प्रभारियों को हाई अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि किसी भी स्तर पर विधि व्यवस्था भंग नहीं होनी चाहिए। शांतिपूर्ण व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन की ओर से गाइडलाइन दिए गए हैं। इसके अलावा आदर्श आचार संहिता के तहत भी गाइडलाइन जारी किए गए हैं। पूजा कमेटी और अखाड़ों के पदाधिकारी के साथ सामंजस्य बनाकर शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार को संपन्न करना है। इसके अलावा कोई भी राजनीतिक लाभ न उठाए इसका भी ध्यान रखना है। किसी भी बैनर व पोस्टर पर किसी भी राजनीतिक दल के प्रत्याशी या उसके सिंबल का इस्तेमाल नहीं होना चाहिए।

## सखी मंडल की दीदीयों ने मेहंदी लगाकर मतदान के लिए लोगों को किया जागरूक

**लोहरदगा :** जिला के अंतर्गत पलाश जेएसएलपीएस की ओर से सोमवार को कुडू , भंडरा, किस्को एवं पेशरार प्रखंड में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत सखी मंडल की दीदीयों ने स्वीप के तहत विशेष बैठक की। दीदियों ने मेहंदी अपने अपने हाथों पर बनाकर ग्रामीण लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। लोगों ने शपथ लिया कि हम खुद मतदान करेंगे और दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करेंगे।

## व्यवसायी के हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं होने पर विहिप ने व्यक्त किया आक्रोश

स्वदेश संवाददाता

**लोहरदगा :** लोहरदगा के व्यवसायी सह सामाजिक कार्यकर्ता नरेश कुमार साहू उर्फ. सिब्बू के हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर लोगों ने सोमवार को विश्व हिंदू परिषद की अगुवाई में लोहरदगा शहरी क्षेत्र के पावर गंज में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। मौके पर लोगों ने कहा कि इतनी बड़ी घटना घट गई है लेकिन हत्यारे अभी तक पुलिस की गिरफ्त से दूर है। ऐसे में आम लोगों में भय व्याप्त है। लोगों ने कहा कि पुलिस यदि मुस्तैद होती तो अब तक हत्या का सुराग और हत्यारे पकड़ में आ गए होते। लेकिन हत्या के इतने दिनों बाद भी पुलिस किसी नतीजे तक नहीं पहुंची है ना ही हत्यारे को गिरफ्तार कर पाई है। सिर्फ आश्वासनों का घूंट पिलाया जा रहा है। लोगों ने कहा कि नरेश कुमार साहू के दो छोटे-छोटे बच्चे और पत्नी है। उनके समक्ष संकट उत्पन्न हो गया है। विश्व हिंदू परिषद के लोगों ने पुलिस प्रशासन से आग्रह किया कि यथाशीघ्र हथियारों की गिरफ्तारी करें, ताकि पुलिस पर लोगों का विश्वास कायम रह सके.लोगों ने कहा कि लोहरदगा जिला में विधि व्यवस्था की स्थिति लगातार गड़बड़ाती जा रही है। लोगों ने कहा कि सेन्हा थाना क्षेत्र में भी दिनदहाड़े महिला की हत्या हो जाती है, एक युवक को मार कर फांसी पर लटका दिया जाता है। इस तरह की घटनाएं अब लगातार होने लगी है जो कि किसी भी सभ्य समाज के लिए इसे उचित नहीं कहा जा सकता है।

## एसडीओ ने विभिन्न अखाड़ों के पदाधिकारी से विधि व्यवस्था की ली जानकारी

स्वदेश संवाददाता



**पत्थलगड़ा :-** सोमवार को सिमरिया एसडीओ सन्नी राज प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी ने रामनवमी को लेकर विभिन्न अखाड़ों के पदाधिकारी एवं सदस्यों से मुलाकात कर उनसे वस्तु स्थिति का जायजा लिया एवं कई दिशा निर्देश दिए इस दौरान वे पत्थलगड़ा सुभाष चौक पहुंचकर वहां लगने वाले मेला स्थल का जायजा लिया एवं महासमिति के अध्यक्ष सतीश कुमार ने सारे वस्तु स्थिति से अवगत कराया एवं कई दिशा निर्देश दिए।

आदेश | रामनवमी जुलूस में डीजे पर पूरी तरह से लगाया गया प्रतिबंध

# जुलूस में डीजे पकड़ाने पर होगी कार्रवाई

स्वदेश संवाददाता



### पर्याप्त मात्रा में है पुलिस फोर्स, तीसरी नजर से बचना मुश्किल

डीसी चंदन कुमार ने स्पष्ट कर दिया कि कोई भी शांति व्यवस्था को भंग करने की कोशिश करेगा तो उस पर कार्रवाई निश्चित तौर पर होगी। जिले में फोर्स और मजिस्ट्रेट की कमी नहीं है। सबसे बड़ी बात की तीसरी आंख सब पर नजर रखेगी। पूजा समितियां के द्वारा कैमरामैन तो रखा गया है, लेकिन हर थाना को एक ड्रोन उपलब्ध कराया गया है। ड्रोन से घरों और छतों का मुआयना होगा। जिस रास्ते से जुलूस निकालने वाला है उस पूरे रास्ते पर कहीं भी ऐसा नहीं होगा जिस पर प्रशासन की नजर नहीं होगी।

**रामगढ़ :** जिले के मांडू प्रखंड अंतर्गत दिग्वार पोचरा गांव में शांति व्यवस्था भंग करने की कोई कोशिश के बाद रामगढ़ जिला प्रशासन ने हाई अलर्ट जारी कर दिया है। सोमवार को डीसी चंदन कुमार और एसपी डॉ बिमल कुमार ने संयुक्त रूप से जिला शांति सह निगरानी समिति की बैठक बुलाई। इस दौरान उन्होंने रामनवमी जुलूस में डीजे को पूरी तरीके से प्रतिबंधित कर दिया है। डीसी ने कहा कि पुलिस पदाधिकारी, अंचल अधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी अपने क्षेत्र के सभी पूजा समितियों और अखाड़ों के पदाधिकारी से संपर्क कर उन्हें इसकी सूचना दें। जुलूस में कोई डीजे पकड़ा गया तो आदर्श आचार संहिता खत्म होने तक उसे छोड़ नहीं जाएगा। शांति समिति की बैठक में एसपी डॉ बिमल कुमार ने कहा कि रामनवमी का त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो इसके लिए पूरा गाइडलाइन जारी किया गया है। पूजा कमेटी को एसडीओ कार्यालय से निर्देश दिए जा चुके हैं। सबसे अहम है कि जुलूस का रास्ता पूरी तरीके से साफ होना चाहिए। रास्ते पर अगर भवन निर्माण से संबंधित कोई सामग्री रखी गई है तो उसे तत्काल हटा लें। जिला पुलिस बल के अलावा सीआरपीएफ के बटालियन भी रामगढ़ में मौजूद है। जुलूस में सुरक्षा के लिए उनका भी प्रयोग किया जाएगा। एसपी ने कहा की पूजा समिति अपने क्षेत्र में रोशनी के पुख्ता इंतजाम करें। जुलूस के समय विद्युत आपूर्ति बंद कर दी जाएगी। उन्होंने इस बात पर भी जोर डाला की कोई भी भ्रामक सूचना न फैलाएं।अगर कहीं कोई घटना घटती है तो उसकी सही सूचना प्रशासन को दें। बैठक में एसडीओ आशीष गंगवार ने कहा कि किसी भी विषम परिस्थिति में कमेटी के पदाधिकारी से संपर्क करना मुश्किल हो जाता है। इसलिए हर समिति और अखाड़े के 10 लोगों का नंबर थाना प्रभारी अपने पास रखें। अगर किसी को कोई सूचना देनी हो या कहीं कुछ वारदात हो तो समिति के पदाधिकारी से सबसे पहले संपर्क हो सके और समस्या के निवारण के लिए प्रयास किया जा सके। एसडीओ ने कहा कि जुलूस में किसी की भी धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने का काम नहीं करना है। अगर जुलूस किसी धार्मिक स्थल से होकर गुजरती है तो वहां भी मयार्दा में ही रहे। आदर्श आचार संहिता लागू है और अगर इस दौरान किसी कानून का उल्लंघन होता है तो कार्रवाई निश्चित तौर पर होगी। शांति समिति की बैठक में रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र राम, एनडीसी रविंद्र कुमार गुप्ता, सिविल सर्जन महालक्ष्मी प्रसाद, सभी थानों के प्रभारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी और जिले के प्रबुद्ध नागरिक मौजूद थे।

### घोषणा पत्र तैयार करने के लिए पलामू से भाजपा को मिला 3938 सुझाव

# राज्य सरकार नहीं चाहती मंडल डैम परियोजना हो पूरी : वीडी राम

स्वदेश संवाददाता




**पलामू :** पलामू लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी सह सांसद विष्णु दयाल राम ने सोमवार को भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र की जानकारी दी। मेदिनीनगर के भाजपा के प्रधान कार्यालय में प्रेस वार्ता कर इस संबंध में जानकारी दी। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया, छतरपुर विधायक पुष्पा देवी समेत भाजपा के कार्यकर्ता रहे मौजूद। सांसद ने कहा कि उनके कार्यकाल में अधूरे पड़े कार्यो को पूरा करने का प्रयत्न तेजी से किया जाएगा। रोजगार की संभावना को दुरुस्त करने की कोशिश है। पलायन पर रोक लगे, इसके लिए उनकी पूरी कोशिश होगी कि पलामू और गढ़वा के इलाके में कल-कारखाने और फैक्ट्री की स्थापना हो। सिंचाई सुविधाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए सांसद ने कहा कि उनके द्वारा 22 सिंचाई योजनाओं की स्वीकृति दी गई थी, जिनमें से 15 का कार्य पूरा हो गया है। पांच पर काम चल रहा है। उत्तरी कोयल परियोजना (मंडल डैम) के संबंध में पूछे जाने पर सांसद ने कहा कि इस योजना के अधूरी रहने के पीछे पूरी तरह से राज्य सरकार जिम्मेवार है। 6 माह पहले मुआवजा की राशि राज्य सरकार को दे दी गई है, लेकिन सरकार यह सोच में पड़ी है कि प्रभावित परिवार को किस्त में राशि दी जाए या एक मुफ्त। सरकार की यह भी सोच है कि अगर मंडल दम पर निर्माण कार्य शुरू होता है तो इसका पूरा श्रेय केंद्र सरकार को मिल जाएगा। ऐसे में मामले को जानबूझकर लटकाया गया है। सांसद ने कहा कि पूर्व में 70000 रुपए मुआवजा राशि प्रत्येक परिवार निर्धारित था, लेकिन इसे 10 लाख रुपया उनके द्वारा कराया गया। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में लगती है कि राज्य में भी बीजेपी की सरकार बनेगी तब मंडल डैम परियोजना को पूरी तरह से धरातल पर उतरा जा सकेगा। सांसद सह पलामू लोस प्रत्याशी विष्णु दयाल ने बताया कि घोषणा पत्र जारी करने से पहले भारतीय जनता पार्टी में सुझाव आमंत्रित किया था। पलामू-गढवा से 3 हजार 425 ऑफलाइन, जबकि 513 लोगों ने ऑनलाइन सुझाव दिया था। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की घोषणा पत्र में कई सारी बातों का उल्लेख है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों के साथ-साथ कई बातों का ध्यान रखा गया है।

NEWS IN Gallery

### मानव सेवा आश्रम के बच्चों के बीच भोजन व कपड़े का वितरण



**बोकारो :** चास नगर आजसू पार्टी के महासचिव वीरेंद्र हरि( वीरू) अपने पूज्य पिता स्वर्गीय सुंदर हरि की प्रथम पुण्यतिथि के उपलक्ष में मानव सेवा आश्रम सेक्टर 5 के अनाथ व दिव्यांग बच्चों को भोजन कराया एवं अपने पिता की तस्वीर पर फुल अर्पित कर उन्हें याद किया। और ईश्वर से प्रार्थना की आप एक बेहतर जगह पर हो और आप हमारे जीवन के अभिन्न अंग थे और हमेशा रहेंगे । विदित हो कि पिछले वर्ष 15-04-2024 को लंबी बीमारी के कारण कोलकाता के अस्पताल में उनका निधन हो गया था वे अपने पीछे पत्नी एक पुत्री - दामाद दो पुत्र एवं नाती पोता छोड़ गये वे झारखंड आंदोलन के आरंभ के वर्षों में जुड़े रहे एवं जीवन पर्यंत सामाजिक कार्यों में कार्य करते रहे। मौके पर श्रद्धांजलि देने के लिए उपस्थित हुए - जिला सचिव विकास माहथा, जिला सचिव बंकु बिहारी सिंह, चास नगर अध्यक्ष अभय शर्मा ,मां चंडी थान दुर्गा पूजा कमेटी अध्यक्ष सुग्रीव यादव उपाध्यक्ष विजय यादव पुरोहित एवं सचिव राजू मिश्रा राजकुमार वर्मा राजू शाह राजकुमार साव इत्यादि।

### पुश्तैनी जमीन बेचे जाने से नाराज बेटे ने पिता को उतारा मौत के घाट



**पलामू :** पुश्तैनी जमीन बेचे जाने से नाराज एक बेटे ने अपने पिता की जान ले ली। पंखे के रॉड से पिता की जमकर पिटाई की, जिससे उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपित बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार को उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। घटना पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र अंतर्गत सकलदीपा पंचायत के चांपी गांव की है। पुलिस के अनुसार कृष्णा भुइयां की हत्या उसके मंझले बेटे रिकेश भुइयां (21) ने पंखे के रॉड से मारकर कर दी। सूचना मिलने पर पुलिस अवर निरीक्षक अनूप टोपनो को सशस्त्र बल के साथ मौके पर भेजा गया। सत्यापन के क्रम में यह बात सामने आई कि रिकेश भुइयां द्वारा ही अपने पिता की हत्या कर दी गई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया गया। परिजनों को सौंप दिया गया। घटना में संलिप्त रिकेश भुइयां ने गिरफ्तारी के बाद बताया कि उसकी मां की मृत्यु 5-6 माह पूर्व हो गई है। उसके पिता कृष्णा भुइयां सभी पुश्तैनी जमीन की बिक्री कर रहे थे, जिसका उसने विरोध किया था। बावजूद पिता जमीन की बिक्री कर रहे थे। इसी बात से नाराज होकर रिकेश भुइयां ने रविवार की रात पंखे के रॉड से पिता को जमकर पीटा, जिससे मौत हो गयी।

# चुनाव कार्य में किसी तरह की लापरवाही क्षम्य नहीं : आलोक

स्वदेश संवाददाता

**खूंटी :** लोकसभा आम चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष व स्वच्छ संपन्न कराने को लेकर प्रशिक्षण कोषांग बिरसा कॉलेज, खूंटी परिसर में सोमवार को 72 सेक्टर पदाधिकारी एवं 112 पुलिस अधिकारियों के लिए अलग-अलग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मतदान से पूर्व, मतदान के दिन और मतदान के बाद की समस्त कार्यशैली एवं दायित्वों से अवगत उन्हें कराया गया। मौके पर प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक आइटीडीए आलोक शिकारी कच्छप ने सेक्टर पदाधिकारियों को कार्य एवं जिम्मेवारियों से अवगत कराते हुए कहा कि आपके अधीन कई मतदान केंद्रों की जिम्मेवारी हो सकती है। इवीएम मशीन की सुरक्षा के लिए आपके साथ पुलिस बल के जवान रहेंगे। उन्होंने कहा कि निगरानी रखना होगा कि मतदान केंद्रों पर वोटिंग का कार्य समान्य अवस्था में हो रहा है या नहीं। उन्होंने कहा कि डिस्पैच सेंटर से लेकर मतदान समाप्ति के बाद मतदान से संबंधित सभी सामग्रियों को कलेक्शन सेंटर में जमा कराने का उत्तरदायित्व सेक्टर दंडाधिकारियों का होता है। उन्होंने कहा कि आप सभी को निर्वाचन की सभी प्रक्रियाओं की जानकारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थिति में क्या करना है और क्या नहीं करना है, इसकी जानकारी रखना आपलोगों के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि चुनाव कार्य में किसी तरह की चूक क्षम्य नहीं होती है।



### चुनाव प्रशिक्षण लेने आ रहे दिव्यांग शिक्षक की हाइवा के धक्के से मौत

**पलामू :** लोकसभा चुनाव का प्रशिक्षण लेने हरिहरगंज से मेदिनीनगर आ रहे सहायक अध्यापक (पारा टीचर) अखिलेश पटेल (42) की मौत हो गई। मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के बाइपास रोड में ब्राइटलैंड स्कूल के सामने एक अनियंत्रित हाइवा ने पीछे से बाइक में टक्कर मार कर दिव्यांग शिक्षक अखिलेश को चपेट में ले लिया, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हालांकि इसके बाद भी उन्हें इलाज के लिए एमआरएमसीएच ले जाया गया, जहां उन्हे मृत पाया गया। अखिलेश पटेल हरिहरगंज के कटैया के रहने वाले थे और अपग्रेड हाई स्कूल कटैया में कार्यरत थे। वह लंबे समय से बतौर पारा शिक्षक सेवा दे रहे थे। उनके दो बेटी और एक बेटा है। बताया जाता है कि लोकसभा चुनाव में उनकी ड्यूटी थी और ट्रेनिंग के लिए उन्हें मेदिनीनगर बुलाया गया था।

# राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस पर शहीद जवानों को दी गयी श्रद्धांजलि

स्वदेश संवाददाता

**गोड्डा :** अदाणी पावर प्लांट परिसर में राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस मनाया गया। इस दौरान पावर प्लांट स्थित फायर स्टेशन भवन में अग्निशमन कर्मियों ने मॉक ड्रिल का प्रदर्शन किया। सोमवार को अग्निशमन कर्मियों और अदाणी पावर के अधिकारियों की उपस्थिति में शहीद जवानों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम की शुरूआत अदाणी पावर प्लांट के स्टेशन हेड रमेश झा ने शहीदों को याद करते हुए पुष्प चक्र डाल कर किया। उसके बाद एक कर सभी अधिकारियों ने पुष्प अर्पण करके अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। अदाणी पावर प्लांट के सेफ्टी डिपार्टमेंट प्रमुख रणधीर कुमार ने बताया कि 14 अप्रैल 1944 को मुंबई बंदरगाह पर माल वाहक जहाज फोर्ट स्टीकेन में लगी आग पर साहस व पराक्रम का प्रदर्शन करते हुए काबू पाने के क्रम में आग बुझाने वाले दमकल के 66 अग्निशमन कर्मी आग की लपेट में आकर वीरगति को प्राप्त हुए थे। इन बहादुर अग्निशमन कर्मियों की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 14 अप्रैल को अग्निशमन दिवस मनाया जाता है। अदाणी पावर प्लांट परिसर में 14 अप्रैल से 19 अप्रैल तक अग्निशमन दल द्वारा अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाते हुए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।




### सीआरपीएफ ने शहीद किरण टोपनो को दी श्रद्धांजलि, पत्नी को किया सम्मानित

**खूंटी :** लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना बढ़ाने और देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देनेवाले शहीद नायकों की वीरता और बलिदान का सम्मान करने की कड़ी में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा सोमवार को शहीद हवलदार जीडी किरण टोपनो के गांव तोरपा प्रखंड के मरचा में शहादत दिवस का आयोजन किया गया। शहीद किरण टोपनो आज ही के दिन अर्थात 15 अप्रैल 2000 को देश के लिए शहीद हो गए। 50वीं बटालियन सीआरपीएफ में तैनाती के दौरान जम्मू कशमीर में आतंकवादियों की गतिविधि को रोकने के लिए 15 अप्रैल 2000 को गांव मदीना थाना सुरानकोट जिला पुंछ में सर्च अभियान के दौरान आतंकवादियों के खिलाफ वीरता पूर्वक लड़ते हुए किरण टोपनो ने अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। शहादत दिवस पर उप कमांडेंट अंजन कुमार मंडल 94 बटालियन ने शहीद की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनकी पत्नी हेलेना होरो को सम्मानित किया और उनकी समस्याओं के बारे में चर्चा की।

# छह गरीब लड़कियों की शादी के लिए की मदद

स्वदेश संवाददाता

**बोकारो :** महिलाओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर एवं शिक्षा, स्वास्थ की दिशा में लगातार कार्य कर रही सामाजिक संस्था सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट कमेटी के प्रधान कार्यालय कुंवर सिंह कॉलोनी में आज सविधान शिल्पिकार, भारत रत्न बाबा साहेब डा भीम राव अम्बेडकर जी के 133 वा जन्म दिवस बाबा साहेब के छाया चित्र पर केक काटकर एवम पुष्प माला अर्पित कर मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर चास के महिला थाना के राखी कुमारी उपस्थित हुए।, उपस्थित महिला थाना प्रभारी राखी ने आए हुए सभी सदस्यों को बताया कि आज जो महिलाएं घर से निकल कर आजादी से काम कर रही है, ये बाबा साहेब की देन है। इस कार्यक्रम की संचलन संस्थापक सह सचिव अमल दास, ने किया। जिसके तत्पश्चात मुख्य अतिथि के हाथो संस्था की ओर से छः गरीब लड़कियों के शादी में सहयोग हेतु पांच पांच हजार रुपए के चेक एवं एक एक साड़ी उनके परिजनों के हाथो सोपा गया । मौके पर जिला प्रभारी अशोक दास, उप जिला प्रभारी श्रीकांत दास, रेणुका बाउरी, ममता बाउरी, सबिता महतो, सुमित्रा देवी, सोनू कुमार, गणेश कुमार, खुशबू देवी के अलावे संस्था के दर्जनों एसोसिएट उपस्थित हुए।




# 1100 कर्मियों को मिला तृतीय मतदान पदाधिकारी का प्रशिक्षण

स्वदेश संवाददाता

**पलामू :** डालटनगंज के गिरिवर उच्च विद्यालय में दो पालियों में 1100 कर्मियों को तृतीय मतदान पदाधिकारी का चुनाव प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में तृतीय मतदान पदाधिकारी के कार्य व दायित्वों के साथ मतदान प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी गई। जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी, रामानुज प्रसाद, अशोक सिंह व अमरेन्द्र पाठक तथा प्रशिक्षण कोषांग के प्रधान सहायक रामलखन राम व सहायक सौरभ कुमार सिन्हा ने प्रशिक्षण का अनुसमर्थन करते हुए कहा कि तृतीय मतदान पदाधिकारी सीयू का बैलेट बटन दबाकर मतदाता को वोटिंग कम्पार्टमेन्ट में वोट के लिए भेजते हैं। इसलिए उन्हें बहुत सजग व सावधान होकर कार्य करना है। ऐसे में यह प्रशिक्षण उपयोगी व अनिवार्य है। सदर एलआरडीसी प्यारे लाल व छतरपुर एलआरडीसी विजय कुमार केरकेट्टा ने अपनी टीम के साथ प्रशिक्षण का अनुश्रवण किया। वहीं गौतम प्रसाद, खिरोधर रविदास, जितेन्द्र कुमार सिंह, विकास सिंह, सत्येन्द्र कुमार, दिनेशचंद्र पासवान, अनिश कुमार सिंह, आशीष रंजन, नितेश कुमार सहित अनेक मास्टर प्रशिक्षकों ने मतदानकर्मियों को प्रशिक्षण दिया।



### उदीयमान भुवन भास्कर को अर्घ्य अर्पित करने के साथ चैती छठ संपन्न

**खूंटी :** नेम निष्ठा और लोक आस्था का महापर्व चैती छठ सोमवार को उदीयमान भुवन भास्कर को दूसरा अर्घ्य प्रदान करने के साथ संपन्न हो गया। जिला मुख्यालय के साहू तालाब, राजा तालाब, चौधरी तालाब, तजना नदी, कोरो नदी और छाता नदी में छठ व्रतियों ने उदीयमान भगवान सूर्य को दूध और गंगाजल का अर्घ्य प्रदान कर भगवान सूर्य और छठी माता की पूजा-अर्चना और हवन कर अपने परिवार की खुशहाली की कामना की। उदीयमान सूर्य को अर्घ्य प्रदान करने के लिए विभिन्न नदियों और सरोवरों में तड़के पांच बजे से व्रतियों और भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी थी।

## महात्मा हैनीमैन की 269वीं जयंती मनी




स्वदेश संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो के सेक्टर चार स्थित बुद्ध विहार के बैंक्वेट हॉल में महात्मा हैनीमैन की 269वी जयंती मनाई गई जिसमें बोकारो धनबाद रांची के लगभग 200 से अधिक होम्योपैथी चिकित्सकों ने भाग लिया इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य होम्योपैथी के जन्मदाता को याद करते हुए उनकी पद्धति से रोगों के समूल जस की विधि को अपनाते हुए संपूर्ण संसार को निरोग कैसे रखा जाए इस विषय पर भी चर्चा की गई कार्यक्रम में कोरोना कल के दौरान होम्योपैथी चिकित्सकों ने जो सामाजिक दायित्व को निभाते हुए लोगों का निर्भय पूर्वक इलाज किया घर-घर जाकर होम्योपैथी की दबाव का वितरण किया वैसे सभी चिकित्सकों को कार्यक्रम में मोमेंटो देखकर सम्मानित किया गया क्योंकि होम्योपैथी आज दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी चिकित्सा विधि है जिसमें छोटे से छोटे और वैसे रोग जिन्हें ला इलाज कहकर या सिर्फ सर्जरी के माध्यम से ठीक होगी ऐसा कहा जाता है उसे भी होम्योपैथी के द्वारा बिना किसी सर्जरी के पूर्ण रूप से ठीक किया जाता है और यह पूर्णत महात्मा डॉक्टर सैमुएल क्रिश्चियन फ्रेडरिक हैनीमैन के सिद्धांतों के अनुसार ही होता है इस कार्यक्रम में एच एम ए आई राज्य इकाई के सचिव डॉ राजीव कुमार, अध्यक्ष डॉ बी सहाय जो प्राय रांची और दुमका से आए थे।

# भाजपा पिछड़ा मोर्चा का सामाजिक सम्मेलन संपन्न

स्वदेश संवाददाता

**बोकारो :** भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव के निदेर्शानुसार बोकारो जिला के बोकारो विधानसभा बालीडीह मंडल में ओबीसी मोर्चा की ओर से सामाजिक सम्मेलन किया गया। जिसका अध्यक्षता जिला अध्यक्ष चितरंजन साब ने किया मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी पिछला जाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री हलदर साह धनबाद लोकसभा के प्रत्याशी ढुल्लू महतो विशिष्ट अतिथि प्रदेश महामंत्री राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य देवनारायण प्रजापति गिरिडीह लोकसभा के प्रभारी रोहित लाल सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष ईश्वर चंद्र प्रजापति प्रदेश मंत्री अजय शर्मा जिला परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी प्रदेश कार्य समिति सदस्य सूरजमल नायक घनश्याम आनंद जिला महामंत्री राजेश बरनवाल युवा जिला अध्यक्ष विनोद महतो उपस्थित रहें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि धनबाद लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पिछले दो कार्यकाल में जो कार्य किया है उसको हम लोग निरंतर जारी रखेंगे हमारा यह प्रयास रहेगा की हम समाज के हर एक वर्ग को उनके समस्याओं से निदान दिलाने की पूरी प्रयास रहेगी और इस बार लोकसभा में हमारी पार्टी 400 के पार करेगी।




पीडीजे ने की यूटीआरसी की त्रिमासिक बैठक

# 55 अभियुक्तों के मामलों के संबंध में हुआ विचार-विर्मश

स्वदेश संवाददाता

**बोकारो :** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार राँची के निदेर्शानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश (पीडीजे) सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो अनिल कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को यूटीआरसी की त्रिमासिक बैठक की गई। जिसमें उपायुक्त सह-उपाध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो विजया जाधव, पुलिस अधीक्षक सह-सदस्य, जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारों पूज्य प्रकाश, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बोकारो निभा रंजना लकड़ा, जेल अधीक्षक अरुनाम, प्रभारी लोक अभियोजक विरेन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहें। बैठक में कुल 55 अभियुक्तों के मामलों के संबंध



विचार-विर्मश किया गया। इस संबंध में सचिव, जिला विधिक प्राधिकार बोकारो सुश्री निभा रंजना लकड़ा ने बताया कि इस अभियान के तहत मुख्य तौर पर वैसे बंदी जिनकी जमानत संबंधित न्यायालय द्वारा हो चुकी है, किंतु किसी कारणवश उनके द्वारा बैल बॉन्ड दाखिल नहीं किया जा रहा है। उन्हें पीआर बॉन्ड के माध्यम से रिलीज करने की दिशा में कार्य किया जाएगा। साथ ही साथ दंड प्रक्रिया संहिता 436 के तहत आने वाले बंदियों को भी इस अभियान के माध्यम में रिलीज किया जाएगा।

दिशा-निर्देश | रामनवमी पर्व को लेकर डीसी ने शांति समिति सदस्यों के साथ की बैठक

# भावनाओं को आहत करने वाला गाना ना बजाया जाये : डीसी

स्वदेश संवाददाता

**लोहरदगा :** डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में सोमवार को रामनवमी को लेकर शांति समिति सदस्यों के साथ जिला परिषद कार्यालय स्थित सभाकक्ष में बैठक हुई। बैठक में डीसी ने कहा कि प्रत्येक वर्ष रामनवमी का त्योहार बहुत धूमधाम से हम सभी मनाते आये हैं। इतनी भीड़ होने के बावजूद यह त्योहार शांति से मनाया जाता रहा है। अगर उसी माहौल को अपनाया जाए तो यह त्योहार काफी शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जाएगा। डीसी ने कहा कि अक्सर रामनवमी के मौके पर डीजे का इस्तेमाल विभिन्न अखाड़ों द्वारा किया जाता रहा है लेकिन उसमें सावधानी यह बरती जानी चाहिए कि किसी की भावनाओं को आहत करने वाला या उन्मादित करने का गाना उसमें ना बजाया जाए। किसी के द्वारा डीजे संचालक पर किसी विशेष गाना को बजाने के लिए दबाव ना बनाया जाए। उन्होंने कहा कि जुलूस के दौरान वॉलंटियर्स पर्याप्त संख्या में रखे जाएं और उनका संपर्क अपने थाना प्रभारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारी के साथ अवश्य हो। किसी भी आशंका या असहजता की सूचना अपने संबंधित पदाधिकारियों व थाना प्रभारियों को दी जाए, ताकि ससमय कार्रवाई की जा सके। पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने कहा कि थाना स्तर व जिला स्तरीय शांति समिति की बैठकों के कारण आपस में बातचीत का जो माहौल बना है वह संस्कृति बहुत ही अच्छी है। आपसी सहयोग से ही रामनवमी का यह त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्द्रपूर्ण संपन्न होगा। सभी लोग अपने-अपने क्षेत्र की जिम्मेदारी लें। शांतिदूतों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। वॉलंटियर्स में सभी समुदाय के लोग रहें तो यह और भी अच्छा होगा।




### डीसी-एसपी ने चार किलोमीटर तक किया फ्लैग मार्च



**पलामू :** रामनवमी पूजा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में डीसी-एसपी ने प्रशासनिक महकमा के साथ सोमवार को मेदिनीनगर शहरी क्षेत्र में करीब चार किलोमीटर तक पैदल फ्लैग मार्च किया। एक साथ कई पदाधिकारी और पुलिस जवानों के सड़क पर उतर जाने से लोग असमंजस में पड़ गए। एस-एसपी की जॉइंट प्रशासनिक टीम ने शहर थाना से फ्लैग मार्च शुरू किया और बड़ी मस्जिद, अस्पताल चौक, कनीराम चौक, लाल कोठ, मुस्लिम नगर का भ्रमणकर पुन: लाल कोठ, माली मोहल्ला, जोरावर राम की गली, बम पटाखा रोड होते हुए जिला स्कूल से पोस्ट ऑफिस चौक तक पहुंचे। यहां से पदाधिकारी वाहनों में सवार होकर भ्रमण पर निकले और नावाटोली, नई मुहल्ला, बेलवाटिका, स्टेशन रोड, राइन मुहल्ला के इलाके में गए। इससे पहले पैदल गश्त के दौरान दोनों सीनियर अधिकारियों ने हर स्थिति की नजदीक से देखा। मौके पर उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि सरकारी गाइडलाइन के अनुसार रामनवमी संपन्न कराई जाएगी। अमन चैन बना रहे इसके लिए सभी लोगों को प्रयास करना होगा।

# एनएससी सुकून बुजुर्ग मनोरंजन केंद्र में कैरम प्रतियोगिता का आयोजन

स्वदेश संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो चास एन एस सी वेलफेयर आगेनाईजेशन के तहत चलने वाले एनएससी सुकून बुजुर्ग मनोरंजन केंद्र में सोमवार को एक कैरम प्रतियोगिता का आयोजन संध्याकालीन सत्र में किया गया। जहां पर बुजुर्ग लोगों ने जमकर पूरे उत्साह के साथ कैरम खेलने का और देखने का आनंद प्राप्त किया। यह संस्था प्रतिदिन शाम को दो घंटे बुजुर्गों के मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए छोटी-मोटी गतिविधियां जैसे कैरम, चेस लूडो खेल और हंसी कुछ व्यायाम करवाती है ' आज प्रसिद्ध समाज सेविका ज्योतिर्मय डे राणा के जन्मदिवस के उपलक्ष में यह प्रतियोगिता रखी गई। 14 अप्रैल को इसका क्वार्टर फाइनल मैच रखा गया था और सेमीफाइनल और फाइनल मैच दिनांक 15 तारीख के लिए निर्धारित किया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय वॉलीबॉल टीम के मुख्य प्रशिक्षक जैदीप सरकार उपस्थित रहे, रेड क्रॉस के राज्य प्रशिक्षण पदाधिकारी एस पी वर्मा, प्रमुख समाज सेवी गोपाल मुरारका ने भी अपने समय का सहयोग दिया । संस्था की निर्देशिका नूतन श्रीवास्तव ने बताया कि हम इस तरह के आयोजन से बुजुर्गों की जिंदगी में नए उत्साह भरने की कोशिश कर रहे हैं और मैच देखने से ऐसा लग रहा था कि जैसे इनका बचपन का दिन वापस आ गया है इस अवसर पर प्रथम आर एन शर्मा द्वितीय एस पी सिंह, और तृतीय ए पी शर्मा और विनय पाठक सभी खिलाड़ियों को शील्ड से सम्मानित किया गया भाग लेने वालों में मुख्य रूप से एन के सिन्हा, श्याम जैन, कैलाश जैसवाल, परेश, ए के सिन्हा, नरेंद्र शर्मा, एस बी सिंह रहे। सभी भागीदार को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गया।



संपादकीय

# विकास और विरासत का संतुलन




**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने अपने व्यक्तित्व एवं कृतित्व से भारतीय राजनीति में अपनी एक ऐसी पहचान स्थापित की है जिसका कोई अन्य उदाहरण दिखाई नहीं दे रहा है। उन्होंने भाजपा को निरंतर दस वर्ष केंद्र की सत्ता में बनाये रखा। भाजपा की प्रायः सभी पुरानी घोषणाओं विशेषकर अयोध्या में राम जन्मभूमि पर राम मंदिर का निर्माण, जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद-370 को हटाने, नागरिक संशोधन अधिनियम, तीन तलाक, लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को एक तिहाई सीटों पर आरक्षण देने आदि को पूर्ण करके यह सिद्ध कर दिया है कि भाजपा की कथनी एवं करनी में कोई अंतर नहीं है। इसीलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'भाजपा का संकल्प पत्र-मोदी की गारंटी' नाम से जारी चुनाव घोषणा पत्र प्रस्तुत कर जहां एक ओर मतदाताओं के हृदय को स्पर्श करने में सफलता प्राप्त की है, वही विरोधियों के मुंह पर ताले जड़ दिये हैं। सभी प्रकार की आशंकाओं को परे रखते हुए उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि चार जून के बाद इस गारंटी पर एक्शन प्लान शुरू कर दिया जायेगा। उनका यह कथन कि 'जिन्हें कोई नहीं पूछता उन्हें हम पूजते हैं' यह प्रमाणित करता है कि यह संकल्प पत्र सुविधा की दृष्टि से अंतिम पायदान पर खड़े दरिद्र नारायण के लिए भी संभावनाओं के नये द्वार खोलता है। साथ ही यह भरोसा दिलाता है कि आम मतदाता को इस पर विश्वास करने में किसी भी प्रकार की शंका नहीं करनी चाहिए। ऐसा सोचने के लिए एक तर्क यह भी है कि अपने स्थापना काल से ही भारतीय जनता पार्टी जिन मुद्दों को लेकर संघर्ष करती आयी है, सत्ता में आते ही उन्हें पूरा करने में किसी प्रकार का संकोच नहीं दिखाया है।

जहां तक विकास की बात है तो अब भारत में सुरक्षा का क्षेत्र आत्मनिर्भर हो चला है। औद्योगिक क्षेत्र में वैश्विक स्तर के बड़े-बड़े निर्माण मेक इन इंडिया के तहत हमारे देश में ही हो रहे हैं। वंदे भारत के रूप में अत्याधुनिक ट्रेनों की व्यापक श्रृंखलाएं पूरे देश के यातायात को सुगम कर रही हैं। राष्ट्रीय नेशनल मार्गों की फोरलेन सिक्स लेन और अब आठ लेनों वाली श्रृंखलाएं तथा आश्चर्यचकित कर देनेवाले फ्लाईओवर ब्रिज विकसित देशों को पीछे छोड़ चुके हैं। चीन और पाकिस्तान से सटे हुए सीमांत प्रदेशों में मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर दुश्मनों को चुनौती दे रहा है। देश के अधिकांश भागों में विद्युत आपूर्ति अब सहज सुलभ तथा अनेक प्रांतों में सरप्लस हो चुकी है। फलस्वरूप एक दशक पहले जब अत्यावश्यक कार्यों के लिए भी विद्युत उपलब्ध नहीं हो पाती थी, अब वहां लाखों इलेक्ट्रॉनिक वाहन सरप्लस बिजली से रिचार्ज होकर विदेशी ईंधन से मुक्ति पा रहे हैं। किसने सोचा था कि हम कभी कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटते हुए देख पायेंगे। लेकिन भाजपा की मोदी सरकार ने यह करिश्मा तब कर दिखाया जब विरोधियों ने दावे किये थे कि ऐसा करने पर देश में भारी बवाल पैदा होगा, एक प्रकार से देश जल ही उठेगा। पूरे 500 साल हुए जब से लाखों लोगों ने अयोध्या की श्रीराम जन्मभूमि को स्वतंत्र करने के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। मुगल तो हमारे दुश्मन और विदेशी लुटेरे थे। अतः उनका मंदिर तोड़कर मस्जिद बनाना समझ में आता है, लेकिन आजाद भारत में हमारे देश की, हमारी अपनी धर्मनिरपेक्ष सरकारें राम जन्मभूमि स्वतंत्रता आंदोलन में अड़ंगे पैदा करती रहीं। अदालत में भगवान श्रीराम को इन्हीं सरकारों से संबंधित वकीलों ने कपोल कल्पित कहने में शर्म महसूस नहीं की। अयोध्या की सड़कें कार सेवकों के खून से लाल कर दीं और सरयू का पानी रक्त रंजित कर दिया। किंतु जैसे ही भाजपा सरकार में आयी और मंदिर समर्थकों को अपना पक्ष रखने का अनुकूल वातावरण मिला, वैसे ही सर्वोच्च न्यायालय द्वारा श्रीराम जन्मभूमि स्वतंत्र होने की घोषणा कर दी गयी। आदेश सामने आते ही भाजपा शासित मोदी सरकार ने पल भर की देर नहीं लगायी और भव्य श्रीराम मंदिर का केवल शिला पूजन ही नहीं किया, वरन भगवान की भव्यतम प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा भी करके दिखा दी।

अध्यात्म पथ

## हनुमान चालीसा की कैसे हुई रचना जानिये इससे जुड़े ये रोचक फैक्ट्स



**हिंदू** धर्म में हनुमान चालीसा का अधिक महत्व माना गया है। इसका पाठ करने से व्यक्ति को जीवन के सभी संकटों से मुक्ति मिल जाती है। वहीं, हनुमान चालीसा का पाठ करने से न सिर्फ हनुमानजी बल्कि प्रभु श्रीराम का भी आशीर्वाद प्राप्त होता है। मान्यता के मुताबिक, हनुमान चालीसा का पाठ करने के साथ ही इसको सुनना भी काफी पुण्यकारी होता है। वहीं, आप में से बहुत सारे लोग रोजाना हनुमान चालीसा का पाठ करते हैं। लेकिन क्या आप हनुमान चालीसा से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में जानते हैं। आज इस आर्टिकल के जरिये हम आपको हनुमान चालीसा से जुड़े रोचक तथ्यों के बारे में बताने जा रहे हैं। क्या आप हनुमानडी के गुरु के बारे में जानते हैं। आप में से बहुत लोगों का जवाब सूर्यदेव होगा। जोकि काफी हद तक सही भी है। लेकिन हनुमान चालीसा में बताया गया है कि वह सूर्यदेव के अलावा माता सीता को भी अपना गुरु मानते थे। हनुमान चालीसा की शुरुआत दो दोहों से होती है। जिसमें पहला शब्द 'श्रीगुरु' है। इसमें श्रीगुरु का अर्थ मां सीता से है। वैसे तो भारत में हनुमानजी के अनेक मंदिर हैं। लेकिन स्वयं तुलसीदास जी ने बनारस में मौजूद संकट मोचन हनुमान मंदिर का निर्माण किया था। तुलसीदास जी ने ही हनुमान चालीसा की रचना की थी। बताया जाता है कि जब तुलसीदास ने हनुमान चालीसा की रचना की थी, तब तुलसीदास जी के पास अप्रत्यक्ष रूप में स्वयं श्रीराम ने बैठकर हनुमान चालीसा को सुना था। बता दें कि हनुमान चालीसा की पहली 10 चौपाई श्रीराम भक्त हनुमान की शक्ति और ज्ञान को दर्शाती हैं। फिर 11-20 चौपाई में श्रीराम और उनके भ्राता के बारे में वर्णन मिलता है। वहीं, हनुमान चालीसा के आखिरी में लिखी चौपाइयों में हनुमानजी की कृपा दिखती है। हनुमान चालीसा में तुलसीदास ने प्रभु श्रीराम, मां सीता और उनके भ्राता लक्ष्मण का उल्लेख किया है।

# जनसाधारण को समर्पित 'भाजपा का संकल्प पत्र'

> भाजपा ने कहा है कि हमारा सुशासन का मूल मंत्र है। हमने पिछले दशक में अपनी नीतियों, तकनीकी के उपयोग और सरल प्रक्रियाओं के माध्यम से देश में सुशासन के नये आयाम कायम किये हैं। हम नागरिक और सरकार के बीच संबंध को निरंतर बेहतर बनाने के लिए संस्थागत सुधार करते रहेंगे और तकनीकी के सही उपयोग से सभी प्रक्रियाओं को सरल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे। इस संकल्प पत्र में मोदी के दस वर्ष के शासनकाल में हुए कार्यों का आंकड़ों के साथ उल्लेख किया गया है। यद्यपि कोई भी सरकार अपनी पिछले पांच वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों का उल्लेख करती है, परंतु भाजपा ने दस वर्ष के कार्यों का उल्लेख किया है। भाजपा अपने चुनाव प्रचार में दस वर्ष की उपलब्धियों के आधार पर ही जनता से समर्थन मांग रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पिछले दस साल में हमने समय के हर पल को जनकल्याण के लिए समर्पित करने का प्रयास किया है।

**डॉ. सौरभ मालवीय**

**भाजपा** ने लोकसभा चुनाव 2024 के घोषणा पत्र को भाजपा का संकल्प-मोदी की गारंटी नाम से जारी किया है। इस संकल्प पत्र की एक विशेष बात यह भी है कि इसमें भाजपा ने जनता से कोई लुभावना वादा नहीं किया है। भाजपा का संपूर्ण ध्यान जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने एवं विकास पर है। इसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार एवं विकास पर विशेष बल दिया गया है। वास्तव में यह संकल्प पत्र युवाओं, महिलाओं, किसानों एवं निर्धन वर्ग पर केंद्रित है। इस संकल्प पत्र में जनता को मोदी की गारंटी दी गयी है। गरीब परिवारों की सेवा- मोदी की गारंटी, मध्यम-वर्ग परिवारों का विश्वास, नारी शक्ति का सशक्तिकरण, युवाओं को अवसर, वरिष्ठ नागरिकों को वरीयता, किसानों का सम्मान, मत्स्य पालक परिवारजनों की समृद्धि, श्रमिकों का सम्मान, एमएसएमई, छोटे व्यापारियों और विश्वकर्माओं का सशक्तिकरण, सबका साथ सबका विकास, विश्व बंधु भारत, सुरक्षित भारत, समृद्ध भारत, ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब बनेगा भारत, विश्वस्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर, ईज ऑफ लिविंग, विरासत भी विकास भी, सुशासन, स्वस्थ भारत, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, खेल के विकास, सभी क्षेत्रों के समग्र विकास, तकनीक एवं नवाचार तथा पर्यावरण अनुकूल भारत- मोदी की गारंटी सम्मिलित है। इसमें दो मत नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा की वे पुरानी घोषणाओं को पूर्ण किया, जिन्हें पूर्व की सरकारों ने विवादास्पद बना रखा था। वे सरकारें इन विषयों को स्पर्श भी नहीं कर पा रही थीं। उन्हें लगता था कि ऐसा करने से उनका वोट बैंक उनसे छिन जायेगा। शाहबानो प्रकरण में कांग्रेस पीड़ित वृद्ध महिला का साथ देने की बजाय उसके पति के साथ खड़ी हो गयी। यद्यपि उसने अपनी वृद्ध पत्नी पर अत्याचार करते हुए उसे तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया था। कट्टरपंथियों के दबाव में कांग्रेस झुक गयी। परिणामस्वरूप तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने संसद में विधेयक पास करवाकर शाहबानो जैसी महिलाओं के लिए समस्याएं खड़ी कर थीं। किंतु यह मोदी का दृढ़ संकल्प ही था कि उन्होंने मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक के अभिशाप से छुटकारा दिलाने के लिए कानून बनाया। उन्होंने ऐसे अनेक कड़े निर्णय लिये। वे किसी भी दबाव के आगे नहीं झुके। इसमें तनिक भी संदेह नहीं है कि नरेंद्र मोदी जैसा मजबूत प्रधनामंत्री ही देश को आगे लेकर जा सकता है। अभी देश में समान नागरिक संहिता लागू करने का प्रकरण लंबित है। इस संकल्प पत्र के सुशासन की मोदी की गारंटी के द्वितीय बिंदु में कहा गया है कि भारत के संविधान के अनुच्छेद-44 में समान नागरिक संहिता राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों के रूप में दर्ज की गयी है। भाजपा का मानना है कि जब तक भारत में समान नागरिक संहिता को अपनाया नहीं जाता, तब तक महिलाओं को समान अधिकार नहीं मिल सकता। भाजपा सर्वश्रेष्ठ परंपराओं से प्रेरित समान नागरिक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें उन परंपराओं को आधुनिक समय की जरूरतों के मुताबिक ढाला जाये। इसमें तनिक भी संदेह नहीं है कि यदि भाजपा को तृतीय बार केंद्र में सत्ता में आने का अवसर मिल जाता है तो वह अपने इन वादों को भी पूर्ण करेगी।



भाजपा ने कहा है कि हमारा सुशासन का मूल मंत्र है। हमने पिछले दशक में अपनी नीतियों, तकनीकी के उपयोग और सरल प्रक्रियाओं के माध्यम से देश में सुशासन के नये आयाम कायम किये हैं। हम नागरिक और सरकार के बीच संबंध को निरंतर बेहतर बनाने के लिए संस्थागत सुधार करते रहेंगे और तकनीकी के सही उपयोग से सभी प्रक्रियाओं को सरल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे। इस संकल्प पत्र में मोदी के दस वर्ष के शासनकाल में हुए कार्यों का आंकड़ों के साथ उल्लेख किया गया है। यद्यपि कोई भी सरकार अपनी पिछले पांच वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों का उल्लेख करती है, परंतु भाजपा ने दस वर्षों के कार्यों का उल्लेख किया है। भाजपा अपने चुनाव प्रचार में दस वर्ष की उपलब्धियों के आधार पर ही जनता से समर्थन मांग रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पिछले दस साल में हमने समय के हर पल को जनकल्याण के लिए समर्पित करने का प्रयास किया है। पिछले एक दशक में देश आमूलचूल बदलावों का साक्षी बना है। एक तरफ देश तेजी से प्रगति के पथ पर बढ़ा है तो वहीं देशवासियों के मन में भी एक सकारात्मक बदलाव हुआ है। बड़े लक्ष्य तय करके उसे हासिल करने की धारणा मजबूत हुई है। उन्होंने दावा किया कि पिछले दस साल में हम फ्रेजाइल-5 अर्थव्यवस्था से टॉप-5 अर्थव्यवस्था बन चुके हैं। देश के अर्थतंत्र में हुए इस बदलाव का सबसे बड़ा लाभ उन देशवासियों को मिला है, जो वाकई जरूरतमंद हैं। इस बदलाव का सबसे बड़ा लाभ समाज के गरीब, वंचित और मध्यम वर्ग को मिला है। सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास-सबका प्रयास केवल हमारा नारा ही नहीं, बल्कि हमारी प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। दशकों से बुनियादी जरूरतों की पूर्ति से वंचित रहे इन 25 करोड़ लोगों का जीवन स्तर बहुत बेहतर हुआ है। यह गरीबों के खिलाफ हमारी लड़ाई की जीत है। आज ऐसे लोगों तक न सिर्फ आवास, गैस कनेक्शन, शौचालय की सुविधाएं पहुंच रही हैं, बल्कि उससे कहीं आगे नए दौर के ऑप्टिक फाइबर कनेक्शन, डिजिटल समाधान और ड्रोन तकनीक इत्यादि भी इनके अपने हाथों में है। देश में पिछले 10 साल में हुए सामाजिक-आर्थिक बदलावों का लाभ हमारी महिला, किसान, मछुआरा समाज, रेहड़ी-पटरी वेंडर्स, छोटे कारोबारियों तथा एससी, एसटी और ओबीसी को मिला है। तकनीक के माध्यम से ये वर्ग लाभान्वित भी हो रहे हैं और सशक्त भी। जनधन-आधार-मोबाईल ट्रिनिटी के कारण इनका लाभांश सीधे इन्हें बिना किसी बिचौलिये के मिलना संभव हुआ है। उन्होंने युवाओं का उल्लेख करते हुए कहा है कि देश के विकास में हमारी युवाशक्ति की भूमिका बहुत बड़ी है। भारत के युवा ने न सिर्फ बड़े सपने देखने की हिम्मत की है, बल्कि अंतरिक्ष, खेल और स्टार्ट-अप जैसे विभिन्न क्षेत्रों में बड़े सपने साकार करने के लिए भी उत्कृष्ट कार्य किया है। पिछले दस वर्षों में चाहे शिक्षा हो, रोजगार हो या उद्यमिता हो, हमारे युवाओं के लिए करोड़ों नये अवसर पैदा हुए हैं। वर्ष 2014 में जब केंद्र में भाजपा की सरकार बनी थी, उसी समय भाजपा ने 2047 को अपना लक्ष्य बना लिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि 2014 में हमें आपका आशीर्वाद और मिला समर्थन मिला तो हम इन बड़े बदलावों को कर पाये। 2019 में पहली बार से बड़ा जनादेश मिला तो विकास की गति और तेजी से आगे बढ़ी। बड़े-बड़े निर्णय लिये गये। आपका आशीर्वाद लेकर अगले पांच साल हम 24 घंटे 2047 के लिए संघर्ष करेंगे, ये मोदी की गारंटी है। वास्तव में भाजपा का यह संकल्प पत्र जन साधारण से जुड़ा हुआ है। इसलिए इसमें कही गयी बातें लोगों को प्रभावित अवश्य करेंगी।

**- (लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# लोकसभा चुनाव में मर्यादा लांघते नेताओं के बयान

> वर्तमान में एक नयी प्रकार की राजनीति का उदय हुआ है, उसके अंतर्गत अपने दल की कार्यप्रणाली का या कहा जाये कारगुजारियों का बखान कम, दूसरे दलों की छीछालेदर करना ज्यादा ही देखने में आ रहा है। इस प्रकार का खेल कांग्रेस सहित विपक्षी दल की ओर से कुछ ज्यादा ही चल रहा है। कारण साफ है कि कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल भ्रष्टाचार के बारे में ज्यादा बोल नहीं सकती। क्योंकि कांग्रेस की सरकार में मंत्रियों और कांग्रेसी नेताओं ने जिस प्रकार से भ्रष्टाचार के कारनामे किये, उससे देश को करोड़ों का नुकसान हुआ।

**सुरेश हिन्दुस्तानी**

**देश** में लोकसभा चुनाव प्रचार में राजनीतिक दलों में बयानों की आंधी सी चल रही हैं। ऐसे में सभी राजनीतिक दल अपने आपको आम जनता का हितैषी सिद्ध करने का प्रचार कर रहे हैं। इन बयानों में कहीं-कहीं राजनीति की मर्यादा का भी उल्लंघन भी होता दिख रहा है। चुनाव प्रचार के दौरान सभी दल अपने-अपने हिसाब से ढोल पीटकर जनता को अपने पाले में लाने की कवायद कर रहे हैं। राजनीतिक दलों के बयान सुनने में अप्रमाणिक से लगते हैं। अभी बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की बेटी मीसा भारती ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर जो बयान दिया है, वह उनकी राजनीतिक मजबूरी हो सकती है, लेकिन यह भी सही है कि इस बार के चुनाव में विपक्ष, सत्ता पक्ष पर किसी प्रकार का ठोस आरोप नहीं लगा पा रहा है। जहां तक चुनावी चंदे के भ्रष्टाचार की बात है तो इस खेल में सभी दल शामिल हैं। कहने का तात्पर्य है राजनीति में जो सुना जाता है, वह होता नहीं है। परदे पर कुछ और दिखाने का प्रयास करते हैं, वास्तविकता कुछ और होती है। कौन नहीं जानता कि विपक्ष के कई नेता भ्रष्टाचार के आरोप में जमानत पर हैं। ऐसे में बयान देने से पहले नेताओं को अपने गिरेबां में झांक कर भी देख लेना चाहिए। वर्तमान में एक और बात महत्वपूर्ण यह भी है कि राजनीतिक दल धरातल पर बाहुबल और धनबल के सहारे चुनाव जीतने का प्रयत्न करते हैं। जबकि यह सब इतनी सावधानी से किया जाता है कि दिखाई नहीं देता, लेकिन आम जनता को यह मालूम है कि वास्तविकता क्या है। सारे चुनाव की छिपी हुई हकीकत यही है कि चुनाव में पैसा पानी की तरह प्रवाहित किया जाता है? जो लोग पैसे की भाषा नहीं समझते, उन्हें समझाने के दूसरे तरीके अपनाये जाते हैं, यानी बाहुबल का सहारा लिया जाता है। हालांकि, इस सत्य को राजनेता इतनी सफाई से करते हैं कि कोई भी संस्था इसे सिद्ध नहीं कर सकती?

वर्तमान में एक नयी प्रकार की राजनीति का उदय हुआ है, उसके अंतर्गत अपने दल की कार्यप्रणाली का या कहा जाये कारगुजारियों का बखान कम,



दूसरे दलों की छीछालेदर करना ज्यादा ही देखने में आ रहा है। इस प्रकार का खेल कांग्रेस सहित विपक्षी दल की ओर से कुछ ज्यादा ही चल रहा है। कारण साफ है कि कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल भ्रष्टाचार के बारे में ज्यादा बोल नहीं सकती। क्योंकि कांग्रेस की सरकार में मंत्रियों और कांग्रेसी नेताओं ने जिस प्रकार से भ्रष्टाचार के कारनामे किये, उससे देश को करोड़ों का नुकसान हुआ। आज देश पर जो आर्थिक बोझ आया है, उसके पीछे के कारणों में यह भ्रष्टाचार एक है। आज की राजनीति को देखकर सहज ही यह कहा जा सकता है कि राजनीतिक बयान मर्यादा को लांघ रहे हैं। विपक्ष की ओर से आधारहीन तर्क किये जा रहे हैं। कोई लोकतंत्र को बचाने की राजनीतिक बयानबाजी कर रहा है तो कोई संविधान बचाने का प्रश्न कर रहा है। खास बात यह है कि यह सब वे लोग कर रहे हैं जो भ्रष्टाचार समाप्त करने के कहकर भ्रष्टाचार करते रहे हैं। लालू प्रसाद यादव पर भ्रष्टाचार का आरोप सिद्ध हो चुका है, लेकिन उनकी बेटी प्रधानमंत्री पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा रही है। वर्तमान में भारत की राजनीति में प्रतिद्वंद्व छिड़ा हुआ है। राजनीति में जिस प्रकार का वाद प्रतिवाद चल रहा है वह या तो मूर्ख बनने की प्रक्रिया का हिस्सा है या फिर मूर्ख बनाने की। अब आज के हालात में कौन मूर्ख बनता है और कौन बनाता है, यह भविष्य के गर्भ में छिपा है। जैसे ही समय की सीमा पूरी हो जायेगी, इसके पीछे का अर्थ सामने आता चला जायेगा। आज हमारे देश की राजनीति में नेताओं के कई रूप देखने को मिल जाते हैं, यानी जैसी स्थिति होती है नेता लोग अपने को वैसा ही प्रचारित करने लग जाते हैं। इसको और व्याख्या करके कहा जाये तो तर्कसंगत ही होगा कि हमारे नेता बहुरूपिया बन जाते हैं और भारत देश की भोली भाली जनता उनके इस नकली रूप को देखकर भ्रमित हो जाती है। देश भर में सारे नेता इस होड़ में आगे दिखने का प्रयास कर रहे हैं कि हम ही जनता के असली हितैषी हैं। नेताओं का यह रूप हमारे देश को किस दिशा में ले जाएगा या ले जा रहा है, पता नहीं। पर यह सत्य है कि यह खेल बहुत ही खतरनाक है। देश के भविष्य के साथ एक प्रकार का अनहोना अपराध है? भारत की राजनीति में आज ऐसे परिवारवादी नेता उदित हो चुके हैं, जिन्हें ठीक से भारत की राजनीति करना नहीं आता, वे केवल सत्ता प्राप्त करने के लिए ही जनता के वोट प्राप्त करने का उपक्रम ही करते हैं। भारत की जनता के समक्ष ऐसे हालात बन गये हैं कि वह सही और गलत की पहचान भी नहीं कर पा रहे हैं। हमारे राजनेता कौन-कौन से खेल खेलते हैं, यह आज सबको दिखाई देने लगा है। आज देश में कई नेता ऐसे हैं जिनका व्यवसाय कुछ नहीं होने पर भी धनवान बन गये हैं, वास्तव में आज की राजनीति सेवा का माध्यम न होकर एक व्यवसाय बन गयी है। राजनीति का जिस प्रकार से व्यवसायीकरण हुआ है, उसी के परिणाम स्वरूप हमारा देश रसातल की ओर जा रहा है और उसका खामियाजा देश की जनता को भुगतना पड़ रहा है। राजनीति में नेताओं द्वारा जिस प्रकार की राजनीति की जाती है, वह केवल भारत के एक वर्ग विशेष को प्रभावित करने के लिए किया जाता है। जो नेता इनके संप्रदाय के बारे में अच्छी बात बोलता है, उस नेता को ये लोग अपना हमदर्द मानने की भूल कर बैठते हैं। बस यही कारण है कि नेता लोग इस समुदाय को वोट बैंक मानकर चाल चलता है, लेकिन आज का यह समुदाय भी असलियत जान चुका है, भावनाएं भड़काने का यह खेल अब समाप्त होना चाहिए।

**- (लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

RNI (JHAHIN/2016/69693) स्वत्वाधिकारी स्वदेश मीडिया नेटवर्क के लिए, मुद्रक एवं प्रकाशक मंगल प्रताप पाण्डेय द्वारा 237-बी,रोड़ न.2,अशोकनगर,रांची 834002 से प्रकाशित एवं शिवासाई पब्लिकेशन प्रा.लि. काठीटांड, (नियर टेंडर बगीचा) रातू, रांची-835222 झारखंड से मुद्रित।
**प्रधान संपादक :** मंगल पाण्डेय, **संपादक :** रौशन कुमार *, **विज्ञापन एवं प्रसार :** 8092174888, 9031730388, **कार्यालय:** 0651-7961780, किसी भी प्रकार के विवाद में न्यायिक क्षेत्र रांची होगा। ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार* )

# केशव का कांग्रेस पर हमला: इस बीमारी से मुक्ति पा लीजिए

## 10 साल जो देखा वह ट्रेलर, असली तस्वीर चार जून के बाद

**महराजगंज , एजेंसी।** 10 साल जो देखा है, वह अभी ट्रेलर है। असली तस्वीर चार जून के बाद दिखेगी। एक परिवार से राष्ट्र की राजनीति नहीं होती है। वक्त आ गया है, अब सपा बसपा से मुक्ति पा लीजिए। अब कांग्रेस रुपी बीमारी से मुक्ति पा लीजिए। पहले मतदान की शपथ लेकर जाएं, मतदान के बाद ही जलपान करिएगा। 500 साल के बाद रामलला का मंदिर बना कर दिया है। पीएम की सीट के बाद सबसे ज्यादा मत से महाराजगंज की सीट आनी चाहिए। विरोधियों के पास भी संकल्प लेकर जाएं और पूछे की मोदी को पीएम बनने से रोक सकते हैं क्या? ये बातें उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहीं।

### 100 में से 75 प्रतिशत वोट हमारा

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य रविवार को भारतीय जनता पार्टी के सोशल मीडिया वालंटियर्स को शहर के एक निजी होटल में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विरोधी दलों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश का चुनाव है। एक चाय बेचने वाले को देश चलाने के लिए जनता ने दिया है। 100 में से 75 प्रतिशत वोट हमारा है और बंटवारा मत में भी आधा हमारा है। एक जून को महराजगंज में रिकार्ड 11 लाख मतों से जिताना है।

### जो देश का पैसा लूटते हैं, उन्हें भेजा जेल

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री जेल में हैं, लेकिन इस्तीफा नहीं दे रहे हैं। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री जेल में हैं। जो देश का पैसा लूटते हैं, उनको जेल भेज दिया गया। 52 करोड़ से अधिक जनधन के खाते खोल कर सीधा लाभार्थियों के खाते में पैसा भेजा है, विरोधी इसी से तिलमिला गए हैं। 34 लाख करोड़ रुपया लाभार्थियों के खाते में गया है। उन्होंने कहा कि मैं तो कांग्रेस को कहता हूं की भ्रष्टाचार की अम्मा हैं। ईडी के छापे लुटेरों के घर पड़ना चाहिए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र पर सारे विरोधियां टूट पड़ेंगे। सोशल मीडिया एक प्लेटफार्म है। जिसमें विरोधी भी आकर घुस जाते हैं, सचेत रहने की जरूरत है। चुनाव के बाद देश 100 साल आगे जाएगा।



**405 फिर एक बार प्रचंड बहुमत की मोदी सरकार**

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि 4 जून 405 फिर एक बार प्रचंड बहुमत की मोदी सरकार। आपने पिछली बार 2014 में भी जिताया। 2019 में भी दिखाया, लेकिन 2024 में बड़ी विजय दिलानी है। सब लोग तैयार रहें। इस समय सपा, बसपा, कांग्रेस का कोई नाम लेना नहीं चाहता है। कांग्रेस मुक्त तो भारत देश हो रहा है। यहां तो एक्सीडेंट से खाता खुल गया था, उत्तर प्रदेश में दो विधायक बन गए, लेकिन आप सबके सामने खुला मैदान है।

## संक्षिप्त समाचार

### एसी रिपेयरिंग की दुकान में लगी आग, कंप्रेसर फटने से दो फायरकर्मी सहित तीन लोग घायल

**आगरा , एजेंसी।** ताजनगरी आगरा के राजपुर चुंगी (सदर) स्थित देव पैलेस मार्केट में सोमवार की सुबह एसी रिपेयरिंग की दुकान में आग लग गई। पलभर में दुकान आग का गोला बन गई। सूचना पर तीन दमकलें पहुंचीं। आग बुझाते समय एसी का कंप्रेसर फटने से दो फायरकर्मी झुलस गए और एक राहगीर कंप्रेसर का टुकड़ा लगने से घायल हो गया। अफरातफरी मच गई। एक घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग शॉर्ट सर्किट से लगने की आशंका है।

राजपुर चुंगी स्थित देव पैलेस के भूतल, पहली और दूसरी मंजिल पर दुकानें बनी हैं। जंगजीत नगर निवासी योगेंद्र शर्मा की भूतल पर एसी रिपेयरिंग की दुकान है। रविवार सुबह 7 बजे लोगों ने दुकान से लपटें निकलती देखीं। कुछ देर बाद धमाके होने लगे। इससे दहशत फैल गई। इसकी जानकारी योगेंद्र शर्मा को दी। इस पर दुकानदार और अन्य लोग आ गए। आग बुझाने के प्रयास करने लगे। मगर, कोई फायदा नहीं हुआ।

सूचना पर थाना सदर पुलिस और दमकलें पहुंच गईं। मुख्य अग्निशमन अधिकारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि अग्निशमन कर्मी आग बुझाने के प्रयास में लगे थे। तभी एक एसी का कंप्रेसर फट गया। फायरमैन सुंदरलाल और गजेंद्र कुमार झुलस गए। एक राहगीर प्रेम नगर निवासी रमेश चंद्र (60) सिर में कंप्रेसर का टुकड़ा लगने से घायल हो गया। घायल दमकल कर्मी और राहगीर को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया।

आग से पूरी दुकान जल गई। उसमें एसी रिपेयरिंग के सामान से लेकर पार्ट्स तक रखे थे। इसके अलावा कंप्रेसर और सिलिंडर भी थे, वह भी जल गए। दुकान मालिक ने लाखों के नुकसान की बात कही। मुख्य अग्निशमन अधिकारी का कहना था कि आग शॉर्ट सर्किट से लगने की आशंका है। जांच की जा रही है।

### पड़ताल: राजा की मंडी स्टेशन पर व्यवस्थाएं ठीक नहीं, रिटायरिंग रूम... शौचालय पर ताला




**आगरा , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के आगरा में राजा की मंडी रेलवे स्टेशन पर रविवार को व्यवस्थाएं ठीक नहीं दिखीं। साफ-सफाई तो खराब है ही, रिटायरिंग रूम और शौचालय पर ताला लगा दिखा। प्रतीक्षालय में भी बेहतर व्यवस्था नहीं होने से यात्री परेशान दिखे। राजा की मंडी रेलवे स्टेशन से रोजाना 80 से अधिक ट्रेनें गुजरती हैं। यात्रियों ने बताया कि यहां प्रतीक्षालय में लंबे समय से शौचालय बंद है। स्टेशन पर बने दिव्यांगों के शौचालय पर भी ताला लगा है। रिटायरिंग रूम में नए कूलर लगे हैं लेकिन ताले लगे हैं। पूछताछ काउंटर पर भी किसी के बैठा न होने से यात्री जानकारी के लिए परेशान दिखे।

इस संबंध में पूछने पर रेलवे वाणिज्य प्रबंधक प्रशस्ति श्रीवास्तव ने बताया कि प्रतीक्षालय के शौचालय का निर्माण हो रहा है। रिटायरिंग रूम बुक होने पर खोले जाते हैं। दिव्यांग शौचालय पर ताला और पूछताछ काउंटर क्यों बंद था, इसका पता कराते हैं।

### फर्नीचर कारोबारी के खाते से 2.18 लाख निकाले

**साहिबाबाद , एजेंसी।** टीला मोड़ थानाक्षेत्र की कृष्णा विहार कुटी में फर्नीचर कारोबारी के खातों से शातिर ने दो लाख 18 हजार की ट्रांजेक्शन कर ठगी कर ली। उन्होंने पुलिस को ठगी का मुकदमा कराया है। शिकायतकर्ता राजेंद्र कुमार ने बताया कि 11 अप्रैल को 2.18 लाख रुपये उनके खाते से डेबिट होने के मैसेज आए थे। रकम निकलने पर उनके पास फोन पर बैंक से कोई संदेश या कॉल नहीं आई। उन्होंने किसी लिंक पर क्लिक भी नहीं किया। शातिरों ने ओटीपी भेजे बिना ही खाते से नकदी निकाल ली। एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि बैंक प्रबंधन से कारोबारी के खाते की जानकारी मांगी है। जानकारी मिलने के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी।

## सुनील बंसल ने कार्यकर्ताओं को किया संबोधित, बोले- भाजपा के सेनापति और राजदूत हैं बूथ अध्यक्ष



**लखनऊ , एजेंसी।** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने कहा कि बूथ स्तर पर काम करने वाले हमारे तीन करोड़ से ज्यादा कर्मठ कार्यकर्ता हैं, जो पार्टी के सेनापति और राजदूत हैं। पहले के समय में भी सेनापति और राजदूत का कार्य अपनी राज्य की सीमाओं का विस्तार करना अपने क्षेत्र को मजबूत किले के रूप में रखना होता था। इसी भूमिका में आपको कार्य करना है कि जिन लोगों ने पिछली बार वोट नहीं दिया, उनके वोट डलवाएं। सुनील बंसल रविवार को गोमती नगर विस्तार स्थित एक स्कूल के ऑडिटोरियम में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बूथ अध्यक्ष देखें कि पिछले चुनाव में किस मोहल्ले और किस गली में हमको वोट नहीं मिले, उन सभी क्षेत्रों में जाकर लोगों को पार्टी की उपलब्धियां बताएं। लोगों को पार्टी से जोड़ें। उन्होंने कहा कि हमें सिर्फ इतने से संतुष्ट नहीं होना है। अभी हम 60 फीसदी तक ही पहुंच सके हैं, अभी भी 40 फीसदी लोगों को पार्टी से जोड़ने का कार्य करना है। यदि भारत माता की जय करनी है तो देश के 140 करोड़ लोगों को जोड़कर एक साथ भारत माता की जय करनी होगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश का संगठन देश में अहम भूमिका में हैं। नमो एप, विकसित भारत एम्बेसडर जैसे हर अभियान में उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। उन्होंने कहा कि राजनाथ सिंह ने पिछले 10 सालों में लखनऊ में 68000 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्य कराए हैं। समारोह में वरिष्ठ नेता नीरज सिंह को विकसित भारत एम्बेसडर में साप्ताहिक रूप में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, मंत्री जेपीएस राठौर, प्रदेश उपाध्यक्ष विधायक नोएडा पंकज सिंह, प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण, संजय राय, क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक डॉक्टर नीरज बोरा, प्रवक्ता प्रवीण गर्ग सहित विधानसभा क्षेत्रों के संयोजक सहसंयोजक, प्रभारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी सहित बड़ी संख्या में बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे।

**दुनिया का नेतृत्व करने वाली टीम:** सुनील बंसल ने कहा कि हमारा उद्देश्य विश्व में भारत का नाम हो और हर व्यक्ति का मान सम्मान बढ़े। हमारे पास देश में मोदी, राजनाथ और प्रदेश में योगी जैसा नेतृत्व है। पूरी दुनिया को नेतृत्व प्रदान करने वाली एवं चुनाव प्रबंधन और 18 करोड़ कार्यकर्ताओं की बड़ी टीम भी है। उन्होंने कहा कि पिछली बार से ज्यादा बूथों पर चुनाव जीतना और ज्यादा मतों से भी चुनाव जीत दर्ज कराना है। लखनऊ में पांच लाख के अंतर से चुनाव जीतने के लिए लक्ष्य तय करना होगा। प्रधानमंत्री ने 370 मत बढ़ाने का हर बूथ पर लक्ष्य दिया है, जिसको हमें पूरा करना है। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि लखनऊ लोकसभा में कुल 1893 बूथ, 89 वार्ड, 334 शक्ति केंद्र हैं। 21 मंडलों में 1508 ए श्रेणी के बूथ, बी श्रेणी के 161, सी के 224 बूथ हैं। सभी बूथ अध्यक्ष गठित हो चुके और अपनी बूथ संख्या, विधानसभावार सुनिश्चित सीट पर उपस्थित हैं।

## कदम-कदम पर समस्याएं, अस्पताल... न ढंग के स्कूल; जूझ रही 50 हजार आबादी




**आगरा , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के आगरा में छावनी क्षेत्र की 50 हजार से ज्यादा आबादी को भी लोकसभा चुनाव से बड़ी उम्मीदें हैं। यहां जनता अनिश्चय की स्थिति में है। परिषद के चुनाव नहीं होने के कारण नुमाइंदगी करने वाला कोई नहीं है। कहीं नाला चोक है तो कहीं सड़कें जर्जर हैं। स्ट्रीट लाइटें खराब हैं। पार्क बदहाल हैं। नागरिक सुविधाओं का अभाव है। टैक्स का बोझ है।

देशभर की छावनी में बदलाव की कवायद के बीच आगरा छावनी की जनता पशोपेश में है। नगर निगम में विलय का रास्ता बनेगा या छावनी का अस्तित्व बना रहेगा। छावनी में सरदार वल्लभभाई पटेल पार्क में झूले लगवाए गए मगर पार्किंग और प्रवेश शुल्क लगाने से लोग कम ही रुख करते हैं। अन्य पार्कों का भी यही हाल है।

सीवरेज सिस्टम नहीं होने के कारण गंदा पानी पार्क के टैंक में जमा होता है। वाटर एटीएम खराब पड़े हैं। आम जनता के लिए बनवाए गए शौचालय टूटे पड़े हैं। टक्कर रोड से नगर आयुक्त आवास की ओर जाने वाली सड़क जर्जर है। सुल्तानपुरा की सड़क का भी बुरा हाल है।

**छावनी के चुनाव हों, अधिकार बढ़ें:** छावनी परिषद के अधिकार बढ़ाए जाने चाहिए। निगम की तरह शक्तियां बढ़ेंगी तो नागरिकों की समस्याएं भी कम होंगी। या फिर छावनी को दयालबाग की तरह एक नगर पंचायत का दर्जा दिया जाए, ताकि छावनी की विधिधताओं को सहेजा जा सके।

### यह हैं रोड़े

भवन निर्माण कराने के लिए अनुमति नहीं मिलती है। ऐसे में लोग गिरासू मकानों में रहते हैं।

मरम्मत के लिए भी छावनी कार्यालय के चक्कर लगाने होते हैं।

बंटवारा (म्युटेशन) छावनी का सबसे बड़ा रोड़ा है। तमाम तरह की तकनीकी दिक्कतों के कारण म्युटेशन की फाइलें लटकी रहती हैं।

व्यावसायिक गतिविधियां संचालित नहीं कर सकते हैं। 8 साल से नेतृत्व विहीन छावनी: छावनी परिषद में चुनाव को करीब आठ साल गुजर चुके हैं। इसमें आठ वार्डों में 50 हजार से ज्यादा की आबादी है। इनमें 20 हजार से ज्यादा वोटर हैं। इनमें सैन्य एरिया के वोटर शामिल नहीं है। आठ परिषद के सभासदों में से एक छावनी उपाध्यक्ष चुना जाता है। लेकिन चुनाव नहीं होने पर बैरीड बोर्ड के गठन का नियम है। इस बोर्ड में ब्रिगेडियर, सीईओ के अलावा एक जनता का प्रतिनिधि शामिल होता है। लेकिन इस बोर्ड का गठन भी नहीं हुआ है।

**छावनी की आय कम, खर्च ज्यादा:** छावनी परिषद हमेशा कर्ज में डूबी रहती है। आय के साधनों में गृह, जलकर, दुकानों का किराया, सरकारी कार्यालयों से किराया, एंट्री टैक्स आदि है, जबकि कर्मचारियों के वेतन, भत्ते और अन्य खर्च ज्यादा हैं। यही कारण है कि जनता पर टैक्स का बोझ कई गुना है।

**अस्पताल व स्कूलों का हाल ठीक नहीं:** छावनी में करोड़ों की लागत से अस्पताल का पुनर्निर्माण करवाया गया मगर अब इसका बुरा हाल है। एक चिकित्सक के भरोसे अस्पताल चल रहा है। करोड़ों के खर्च के बाद भी अस्पताल में इलाज नहीं मिल पा रहा है। स्टाफ की कमी है। निजी फर्म को ठेका दिया था, लेकिन वह गबन करके चली गई।

## पहले इंग्लैंड, जेल से छूटे तो आस्ट्रेलिया के लोगों से ठगी- 3 लाख डाटा चोरी कर बना रहे थे शिकार

**गोरखपुर, एजेंसी।** कैंट थाना क्षेत्र के बेतियाहाता इलाके में कॉल सेंटर खोलकर जालसाजी करने वाला गैंग बीते वर्ष 18 अगस्त को पकड़ा गया था। पुलिस ने आठ सदस्यों को जेल भेजवाया था। गैंग के सदस्य जेल से छूटकर एक बार फिर रांची में कॉल सेंटर खोलकर ऑनलाइन जालसाजी करते हुए पकड़े गए हैं।

पुलिस का कहना है कि गोरखपुर से यह गैंग इंग्लैंड वासियों को निशाना बनाता था, जबकि इस बार आस्ट्रेलिया वासियों के साथ ऑनलाइन ठगी कर रहे थे। आस्ट्रेलिया के तीन लाख से अधिक लोगों के व्यक्तिगत डेटा का दुरुपयोग ठगी के लिए कर रहे थे।

रांची पुलिस ने 19 मार्च को कॉल सेंटर पर छापा मारकर दो आरोपियों गोड्डा जिला के लालमटिया, चितरकोठी के इकरामुल अंसारी और रांची के चुटिया थाना क्षेत्र के द्वारिकापुरम निवासी रविकांत को गिरफ्तार किया है। इस गैंग का एक साथी रांची (झारखंड) सदर के पीएचडी चौक बरियातु निवासी कादिर अली अंसारी पुलिस के पहुंचने से पहले फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि इकरामुल और कादिर बेतियाहाता कॉल सेंटर से भी पकड़े गए थे। रांची पुलिस ने दोनों के आपराधिक इतिहास के साथ ही कादिर को पकड़ने के लिए गोरखपुर साइबर



अपराध थाने की पुलिस से मदद मांगी है।

**रांची से गोरखपुर आए थे जालसाज:** सीआईडी झारखंड ने रांची के अपर बाजार स्थित किशोरगंज चौक में बीएम हाइट्स के तृतीय तल पर एक कार्यालय पर चल रहे कॉल सेंटर पर छापा मारकर आरोपियों को पकड़ा। पता चला कि रांची में 2021-22 में एक गिरोह कॉल सेंटर चलाता था। उसके बाद ये कॉल सेंटर को गोरखपुर में शिफ्ट कर दिए थे। गोरखपुर में पकड़े जाने के बाद एक बार फिर रांची में कॉल सेंटर खोले थे।

**गोरखपुर जेल से 10 दिन में छूटे थे जालसाज:** पुलिस ने 18 अगस्त को जालसाजों के गैंग को पकड़कर जेल भेजवाया था। यहां 10 दिन के अंदर ही एक-एक करके सभी आठ आरोपी रिहा हो गए थे।

## कारोबार में भरा फर्राटा: कानपुर में सबसे तेजी से बढ़ीं नई इकाइयां, 72 फीसदी रही वृद्धि दर

**कानपुर , एजेंसी।** कभी अपनी सूती मिलों के दम पर दुनिया भर में धमक जमाने वाले कानपुर ने एक बार फिर फर्राटा भरना शुरू कर दिया है। बीते वित्तीय वर्ष में शहर ने नई कारोबारी इकाइयों के खुलने के मामले में प्रदेश में सबसे तेज 72 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर हासिल की है। यह वृद्धि दर नोएडा, लखनऊ और गाजियाबाद से भी ज्यादा है। हालांकि कुल इकाइयों की संख्या में ये तीनो शहर अभी कानपुर से आगे हैं। लेकिन इकाइयां खुलने की ताजा रफ्तार से उम्मीद बंधी है कि एक बार फिर कानपुर अपना पुराना गौरव हासिल कर सकेगा।



शहर में वित्तीय वर्ष 2023-24 में उत्पादन, सेवा और ट्रेडिंग की 41227 नई इकाइयां खुली हैं। इसके साथ ही शहर में कुल पंजीकृत इकाइयों की संख्या 98138 हो चुकी है। कुल पंजीकृत इकाइयों के लिहाज से कानपुर उत्तर प्रदेश में चौथे नंबर पर आ गया है। मार्च 2023 में समाप्त हुए वित्तीय वर्ष में आगरा चौथे नंबर पर था। वहीं, पहले स्थान पर लखनऊ, दूसरे पर गाजियाबाद और तीसरे स्थान पर नोएडा (गौतमबुद्धनगर) है।

कानपुर के बाद सर्वाधिक वृद्धि दर आगरा की 62 प्रतिशत से ज्यादा रही। वृद्धि दर के लिहाज से इसके बाद लखनऊ, गाजियाबाद और नोएडा आते हैं। कानपुर ने यह वृद्धि दर छोटी और मझोली इकाइयों की बदौलत हासिल की है। जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र के आंकड़ों के मुताबिक इस साल होजरी और रेडीमेड की इकाइयां बड़ी संख्या में खुली हैं। इनकी संख्या 2116 है जबकि चर्म उद्योग से जुड़ी 1400 नई इकाइओं ने आकार लिया है। शहर की कुल 98138 इकाइयों में उत्पादन की 32200 और सेवा क्षेत्र की 66803 इकाइयां हैं। वहीं इस साल उत्पादन की 12645, सेवा क्षेत्र की 11973 और ट्रेडिंग की 16609 इकाइयां पंजीकृत हुई हैं। उत्पादन में भी होजरी की 1197, रेडीमेड की 919, चमड़े की 1400, सैडलरी-हारनेस की 172, सिविल इंजीनियरिंग की 369, फूड प्रोसेसिंग की 502, बेकरी प्रोसेसिंग की 495, 620 फ्लोर मिल, ट्रेडिंग में हार्डवेयर की 403 और फैब्रिकेशन की 369 इकाइयां हैं। सेवा क्षेत्र में ब्यूटी पार्लर की 258, 70 साइबर कैफे, कैटरिंग की 260 इकाइयों का पंजीकरण हुआ है। प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्योग बीमा योजना शुरू की है। एक जिला एक उत्पाद योजना में चमड़ा, होजरी और रेडीमेड उद्योग को शामिल किया गया। इसमें कम ब्याज पर उद्योगों को लोन मिल जा रहा है। पीएमईजीपी, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत लोन, सब्सिडी दी जा रही है। प्रदेश सरकार नई एमएसएमई नीति लाई है। अब एमएसएमई को भुगतान की भी नई व्यवस्था की गई है।

## यूपी में गर्मी जनित और संक्रामक रोगों की निगरानी बढ़ी, लू के मरीजों की देखभाल के भी निर्देश

**लखनऊ , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में गर्मी के तेवर तीखे होते जा रहे हैं। ऐसे में लू के साथ ही अन्य संक्रामक बीमारियां फैलने की आशंका बढ़ गई है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग की ओर से गर्मी जनित बीमारियों के साथ ही संक्रामक रोगों के प्रति निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग (एफएसडीए) को भी निरंतर खाद्य पदार्थों की जांच करते रहने के लिए कहा गया है। हालांकि अप्रैल माह में एक ही स्थान पर बड़ी संख्या में मरीज मिलने की कोई घटना नहीं हुई है।

प्रदेश के सभी अस्पतालों में गर्मी की वजह से होने वाली बीमारियों को रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं। कमरों को ठंडा रखने के लिए एसी और कूलर की व्यवस्था की गई है। लू के मरीजों को भर्ती करने के लिए सभी अस्पतालों में वार्ड तैयार किए गए हैं। इस मौसम में विभिन्न तरह के खाद्य पदार्थों के जरिये संक्रामक रोग फैलने की भी आशंका रहती है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सभी मुख्य चिकित्साधिकारियों एवं अधीक्षकों को नए सिरे से



निर्देश जारी किए हैं। इसमें निर्देशित किया है कि लू के मरीजों की यह भी जांच की जाए कि वे किन परिस्थितियों में उल्टी दस्त के शिकार हुए हैं। एक ही स्थान पर पांच अथवा अधिक मरीज मिलने पर टीम बनाकर जांच की जाए ताकि बीमारी की वजह स्पष्ट हो सके। एक ही स्थान पर करीब पांच मरीज मिलते हैं तो वहां स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम अथवा नगर पंचायत, ग्राम पंचायत की टीम लगाई जाए। ऐसे मामलों की हर दिन की रिपोर्ट मुख्यालय भेजने के भी निर्देश दिए हैं।

**संचारी रोग अभियान के दौरान विशेष जागरूकता:** प्रदेश में 30 अप्रैल तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे में प्रमुख सचिव ने अभियान के दौरान गर्मी जनित और संक्रामक बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया है।

इसमें स्वास्थ्य विभाग के साथ 12 अन्य विभागों की टीमें भी जुड़ी हैं। विभिन्न विभागों के समन्वय से प्राथमिकता के आधार पर लोगों को बीमारी के बारे में जानकारी दी जाएगी। गर्मी के मौसम में विभिन्न स्थानों पर खुले में जूस, फल एवं खाद्य पदार्थ की बिक्री होती है। इसके संक्रमित होने की आशंका रहती है। ऐसे में एफएसडीए की टीम निरंतर निगरानी करेगी। एफएसडीए के उपआयुक्त हरिशंकर सिंह ने सभी खाद्य निरीक्षकों को हर रोज जांच करने और उसकी रिपोर्ट मुख्यालय भेजने का निर्देश दिया है। उन्होंने सभी विक्रेताओं से अपील की है कि गुणवत्तायुक्त खाद्य तेल का प्रयोग करें। एक ही तेल को बार-बार गरम करके उससे खाद्य पदार्थ तैयार न करें।

## बिल्डर सचिन दत्ता समेत 13 पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

**साहिबाबाद , एजेंसी।** कोतवाली पुलिस ने एक युवक को फ्लैट बेचने की एवज में करीब 27 लाख रुपये की धोखाधड़ी में बिल्डर बाबा सचिन दत्ता समेत 13 पर मुकदमा दर्ज किया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। लाजपत नगर के अनुव्रत सिंह ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया कि करीब 13 साल पहले उन्होंने बिल्डर बाबा सचिन दत्ता से फ्लैट के लिए संपर्क किया था। क्रॉसिंग रिपब्लिक स्थित प्रोजेक्ट में 27 लाख रुपये के फ्लैट का सौदा किया। सौदा तय होने पर उन्होंने 7.55 लाख रुपये नकद दे दिए थे। बाद में बिल्डर बाबा ने बैंककर्मियों से साठगांठ कर 19 लाख रुपये का लोन पास कराया, जिसकी किस्त वह चुका रहे हैं। समय खत्म होने के बावजूद उन्हें फ्लैट मिला और न ही पैसे वापस मिल रहे हैं। अब तकादा करने पर उन्हें मारने की धमकी मिलती है। आरोप है कि उनके फ्लैट पर कई बार लोन पास कराकर बेचा जा चुका है। इस मामले में कोर्ट ने साहिबाबाद पुलिस को बालाजी हाईटेक कंस्ट्रक्शन लिमिटेड, बिल्डर बाबा उर्फ सचिन दत्ता, राजेंद्र दत्ता, सुरुचि दत्ता, राजेश भार्गव, नीरज कुमार, बीएल मीणा, वसुंधरा में पीएनबी के लीगल मैनेजर और कर्मचारी, टेक्निकल मैनेजर, मैनेजर संजय जैन, हरीश पाल बब्बर, पीयूष प्रकाश और प्रशांत कुमार पर मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए।

## संक्षिप्त समाचार

### इजराइल ने एहतियात के तौर पर लगाए प्रतिबंध हटाए



**जेरूसलम, एजेंसी।** इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने सोमवार तड़के कहा कि ईरान के शनिवार रात के हमले से पहले एहतियात के तौर पर लगाए गए सभी प्रतिबंध हटा दिए गए हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के मिसाइल और ड्रोन हमले से पहले इजराइल ने शनिवार को सभी शैक्षणिक गतिविधियों और बड़े आउटडोर समारोहों पर प्रतिबंध लगा दिया था। आईडीएफ ने एक बयान में कहा कि स्थिति के आकलन के बाद रविवार मध्यरात्रि से इन प्रतिबंधों को हटाने का फैसला किया गया। बयान में कहा गया है, अब पूरे इज़राइल में शैक्षिक गतिविधियों को बहाल कर दिया गया है और सभाओं पर से भी प्रतिबंध हटा दिया गया है।

### इंडोनेशिया के सुलावेसी में भूस्खलन से 14 ग्रामीणों की मौत



**जकार्ता, एजेंसी।** इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर मूसलाधार बारिश के कारण हुए भूस्खलन से कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई और एक अन्य लापता है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रवक्ता अब्दुल मुहरी ने कहा कि दक्षिण सुलावेसी प्रांत के ताना तोराजा जिले में चार घर भूस्खलन में दब गए। शनिवार की आधी रात से लगातार हुई भारी बारिश ने क्षेत्र में भारी तबाही मचाई। मुहारी ने कहा कि बचावकर्मी अभी भी पहाड़ी दक्षिण मकाले गांव में एक लापता ग्रामीण की तलाश कर रहे हैं। हालांकि, बिजली की कमी, क्षेत्र में लगातार हो रही भारी बारिश और भूस्खलन के कारण ताना तोराजा के ऊंचे इलाकों में सड़कें अवरुद्ध होने से बचाव कार्य में बाधा आ रही है।

### ईरान के हमले के बाद जी7 ने इजरायल के प्रति पूर्ण समर्थन जताया



**वाशिंगटन, एजेंसी।** जी7 देशों के नेताओं ने रविवार को वर्चुअल मुलाकात की और इजरायल और उसके लोगों के प्रति पूर्ण एकजुटता और समर्थन जताया और इसकी सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। व्हाइट हाउस द्वारा जारी एक बयान में उन्होंने कहा, हम जी7 के नेता इजरायल के खिलाफ ईरान के सीधे और अभूतपूर्व हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। ईरान ने इजरायल की ओर सैकड़ों ड्रोन और मिसाइलें दागीं। मगर इजरायल ने अपने सहयोगियों की मदद से ईरान को हरा दिया। जी7 देशों में संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, इटली, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और जापान के साथ-साथ यूरोपीय संघ भी शामिल हैं। उन्होंने बयान में कहा, हम इजरायल और उसके लोगों के प्रति अपनी पूरी एकजुटता और समर्थन व्यक्त करते हैं और इसकी सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं। उन्होंने कहा कि इजरायल पर हमला शुरू करके ईरान ने क्षेत्र को अस्थिर करने की दिशा में कदम बढ़ाया है और एक बेकाबू क्षेत्रीय तनाव को भड़काने का जोखिम उठाया है। इससे बचा जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि वे गाजा में संकट को खत्म करने के लिए हमारे सहयोग को मजबूत करेंगे, जिसमें तत्काल और स्थायी युद्धविराम व हमास द्वारा बंधकों की रिहाई की दिशा में काम करना और जरूरतमंद फिलिस्तीनियों को बढ़ी हुई मानवीय सहायता प्रदान करना शामिल है। राष्ट्रपति बाइडेन ने इजरायल की सुरक्षा के लिए अमेरिका की दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि करने के लिए पहले इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से अलग से बात की। बाइडेन ने एक बयान में कहा : मैंने उनसे कहा कि इजरायल ने अभूतपूर्व हमलों से भी बचाव करने और उन्हें हराने की उल्लेखनीय क्षमता का प्रदर्शन किया है – अपने दुश्मनों को एक स्पष्ट संदेश भेजा है कि वे प्रभावी रूप से इजरायल की सुरक्षा को खतरे में नहीं डाल सकते।

# लाहौर जेल में सरबजीत सिंह की हत्या करने वाले कैदी आमिर तनबा की गोली मारकर हत्या

**लाहौर , एजेंसी।** यहां रविवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने आमिर तनबा की हत्या कर दी, जो 2013 में लाहौर की कोट लखपत जेल में भारतीय कैदी सरबजीत सिंह की हत्या के लिए जिम्मेदार था। आमिर तनबा लाहौर के इस्लामपुरा में अपने घर के बाहर खड़ा था, उसी वक्त कम से कम दो अज्ञात मोटरसाइकिल सवार बंदूकधारियों ने गोलीबारी की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सरबजीत सिंह के हत्यारे आमिर तनबा की हत्या को भाड़े के हत्यारों द्वारा की गई बदले की हत्या के तौर पर देखा जा रहा है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, गोली लगने से आमिर गंभीर रूप से घायल हो गया और अस्पताल ले जाने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। स्थानीय लोगों ने यह भी दावा किया कि आमिर को पिछले कुछ दिनों से जान से मारने की धमकियां मिल रही थीं। आमिर पर अपने साथी कैदी मुदासिर मुनीर के साथ अप्रैल 2013 में भारतीय कैदी सरबजीत सिंह पर हमला करने का आरोप लगाया गया था। बताया गया कि दोनों कैदियों ने लाहौर की कोट लखपत जेल में यातनाएं देकर सरबजीत सिंह को मार डाला। लेकिन 15 दिसंबर 2013 को हत्या के सभी गवाहों के अपने बयान से मुकर जाने के बाद अदालत ने आमिर और मुनीर दोनों को बरी कर दिया, जिस कारण आरोपियों को रिहा कर दिया गया। लाहौर की कोट लखपत जेल के कैदियों आमिर और मुनीर ने सरबजीत पर हमला किया और उसे यातनाएं देकर मार डाला। कुंद वस्तुओं और ईंटों से की गई यातना से




सरबजीत के सिर पर गंभीर चोटें आईं। उन्हें लाहौर के जिन्ना अस्पताल लाया गया और कम से कम पांच दिनों तक गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में रखा गया। बाद में वरिष्ठ न्यूरोसर्जन के मेडिकल बोर्ड ने सरबजीत सिंह को मृत घोषित कर दिया था।अन्य रिपोर्टों से यह भी संकेत मिलता है कि सरबजीत सिंह की कैदियों द्वारा यातना के पहले दिन ही जेल से अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई और वास्तविक घटना पर पर्दा डालने के लिए मामले को और अधिक खींचा गया। सरबजीत सिंह को 1990 के दशक के दौरान लाहौर और फैसलाबाद में सिलसिलेवार बम विस्फोटों में शामिल होने के लिए पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने आतंकवाद और जासूसी का दोषी ठहराया था। लाहौर उच्च न्यायालय ने पहले उसे मौत की सजा सुनाई, जबकि शीर्ष अदालत में अपील बाद में खारिज कर दी गई और 1991 में मौत की सजा बरकरार रखी गई।

**कैसे दिया वारदात को अंजाम :** सूत्रों के मुताबिक, सरबजीत की हत्या के आरोपी और लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के संस्थापक हाफिज सईद के करीबी सहयोगी अमीर सरफराज तांबा पर इस्लामपुरा इलाके में मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने हमला किया। उसे गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। तांबा के परिवार के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया कि दो लोग मोटरसाइकिल पर उनके घर आए और ऊपरी मंजिल पर खड़े तांबा को गोली मार दी।

रिपोर्ट में कहा गया कि तांबा के शरीर पर चार गोलियों लगीं। दो गोलिया तांबा की छाती और दो पैरों में लगीं। हमला करने वाले एक बंदूकधारी ने हेलमेट पहन रखा था तो दूसरे ने चेहरे पर नकाब डाल रखा था। दोनों गोली चलाने के बाद घटनास्थल से भाग गए। सूत्रों की मानें तो तांबा कारावास के दौरान जेल के अंदर मोबाइल फोन सहित सभी सुविधाओं का आनंद लेता था।

**तांबा के बारे में जानिए :** सरफराज जावेद का बेटा तांबा का जन्म 1979 में लाहौर में हुआ था। वह लश्कर संस्थापक का करीबी सहयोगी था। कहा जाता है कि हाफिज ने सरबजीत सिंह की हत्या के लिए तांबा को सम्मानित भी किया था। लाहौर का असली डॉन के नाम से कुख्यात तांबा ट्रकेनवाला गिरोह का हिस्सा था। वह संपत्ति व्यापार और मादक पदार्थों की तस्करी का काम करता था। वह हाल ही में गिरोह के एक सदस्य अमीर बालाज टीपू के साथ झड़प में शामिल था। टीपू लाहौर में एक शादी के रिसेप्शन के दौरान मारा गया था।

**लाहौर की सेंट्रल जेल में हुई थी सरबजीत की हत्या :** दरअसल, भारतीय नागरिक सरबजीत सिंह की मौत 2 मई 2013 को हुई थी। साल 1991 में पाकिस्तान की कोर्ट ने सरबजीत सिंह को लाहौर और फैसलाबाद में हुए चार बम धमाकों के आरोप में सजा सुनाई थी। इन धमाकों में करीब 10 लोगों की मौत हुई थी। मार्च 2006 में पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने सरबजीत की दया याचिका खारिज करते हुए उन्हें सुनाई गई मौत की सजा को बरकरार रखा था।

## सिडनी के मॉल में हमलावर के निशाने पर थीं महिलाएं पुलिस जांच में चौंकाने वाला खुलासा

**सिडनी, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में एक मॉल में हुई चाकूबाजी की घटना को लेकर एक चौंकाने वाली बात सामने आई है। दरअसल ऑस्ट्रेलियाई पुलिस का कहना है कि हो सकता है कि हमलावर के निशाने पर सिर्फ महिलाएं थीं। पुलिस का कहना है कि घटना में मारे गए छह लोगों में से पांच महिलाएं हैं। साथ ही घायलों में भी 12 महिलाएं ही हैं।

**क्या हमलावर के निशाने पर थीं सिर्फ महिलाएं :** शनिवार को सिडनी के वेस्टफील्ड बॉन्डी जंक्शन मॉल में एक हमलावर ने लोगों पर चाकू से हमला करना शुरू कर दिया था। इस हमले में छह लोगों की मौत हो गई थी। वहीं घायलों में एक 9 महीने की बच्ची भी शामिल है। पुलिस की फायरिंग में हमलावर मौके पर ही ढेर हो गया था। हमले की वजह अभी तक साफ नहीं हुई है। पुलिस का कहना है कि हमलावर अकेला था। फिलहाल हमले से संबंधित ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

न्यू साउथ वेल्स स्टेट पुलिस के कमिश्नर केरेन वेब ने मीडिया को बताया कि यह स्वभाविक है क्योंकि हमलावर ने पुरुषों को छोड़कर महिलाओं को ही निशाना बनाया। सबूत भी यही कह रहे हैं कि हमलावर के निशाने पर महिलाएं थी। हम भी इस एंगल से जांच कर रहे हैं। गौरतलब है कि सिडनी के मॉल में हुए हमले में सिर्फ एक पुरुष की मौत हुई है, जो कि मॉल का सुरक्षाकर्मी था।

**किसी विचारधारा से प्रेरित होकर हमला करने के नहीं मिले सबूत :** जांच में हमलावर की पहचान जोएल काउची (40 वर्ष) के रूप में हुई है। हमले के दौरान ही एक महिला पुलिसकर्मी ने गोली मारकर हमलावर को ढेर कर दिया था। पुलिस का कहना है कि आरोपी काउची को मानसिक स्वास्थ्य से संबंधी परेशानी थी और अभी तक हमले के पीछे किसी विचारधारा से प्रेरित होकर हमले के सबूत नहीं मिले हैं।

## अप्सरा के अवतार में नजर आईं कंबोडिया में भारत की राजदूत देवयानी

**कंबोडिया, एजेंसी।** कंबोडिया में भारत की राजदूत देवयानी खोब्रागडे अपने नए रूप को लेकर चर्चाओं में हैं। दरअसल कंबोडिया स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर देवयानी की तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों में वे पारंपरिक परिधानों को पहने हुए 'खमेर अप्सरा' के रूप में दिख रही हैं। बता दें कि कंबोडिया में सबसे बड़ा पारंपरिक त्योहार 'खमेर नव वर्ष' मनाया जा रहा है। तीन से चार तक चलने वाले इस त्योहार के दौरान कंबोडिया में सार्वजनिक अवकाश होता है। इसे देखते हुए देवयानी खोब्रागडे ने 'खमेर अप्सरा' की वेशभूषा में लोगों को शुभकामनाएं दीं।

भारतीय राजदूत देवयानी खोब्रागडे ने कंबोडिया की खमेरी संस्कृति और परंपरा के प्रति गहरा प्रेम जताया है। कंबोडिया स्थित भारतीय दूतावास का कहना है कि इस परंपरा के प्रति सम्मान जताते हुए राजदूत ने खमेर अप्सरा का रूप धरा और लोगों को नए साल की शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही भारतीय दूतावास द्वारा एक्स पर कुछ तस्वीरें भी साझा की गई हैं, जिनमें देवयानी पारंपरिक परिधान पहने हुए नजर आ रही हैं।

कंबोडिया में नए साल को खमेर नव वर्ष रूप में मनाया जाता है। तीन दिन तक चलने वाले इस उत्सव के लिए पहले से ही सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है। यह उत्सव पारंपरिक सौर नव वर्ष पर आधारित है और 13 अप्रैल या 14 अप्रैल को मनाया जाता है।

## इस्राइल से युद्ध विराम के लिए हमास का नया प्रस्ताव, कहा- पहले जंग रोकें, फिर बंधकों की रिहाई

**यरुशलम, एजेंसी।** हमास-इस्राइल के बीच जल रही जंग को करीब छह महीने से ज्यादा का समय हो गया है। फिर भी युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस बीच एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि हमास ने मध्यस्थों के सामने संघर्ष विराम और बंधकों की रिहाई के लिए एक प्रस्ताव रखा है। उसकी मांग है कि इस्राइल 129 बंधकों में से किसी की भी रिहाई से पहले छह सप्ताह के युद्ध विराम का पालन करे। हालांकि, इस्राइल द्वारा रखे प्रस्ताव को हमास ठुकरा चुका है, तो ऐसे में देखना होगा कि इस समझौते पर इस्राइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू का क्या रुख होगा। बताया जा रहा है कि हमास ने शनिवार देर रात अमेरिका की मध्यस्थता वाले समझौते को खारिज कर दिया था। बाद में, उसने नया प्रस्ताव सामने रखा।

**हमास ने रखीं ये मांगें :** रिपोर्ट के अनुसार, प्रस्ताव में हमास ने मांग की है कि इस्राइल रक्षा बल (आईडीएफ) गाजा में सभी हमलों को रोक दे और शहरी क्षेत्रों से छह सप्ताह के लिए पीछे हट जाए। इससे विस्थापित फलस्तीनी उत्तर में लौट सकेंगे। समझौते में यह भी कहा गया है कि छह




सप्ताह की समाप्ति के बाद ही किसी भी बंधक को रिहा किया जाएगा। इतना ही नहीं हमास ने यह भी कहा है कि हर इस्राइली नागरिक के लिए 30 फलस्तीनी कैदियों को छोड़ना होगा। इसके अलावा, 50 फलस्तीनी कैदियों को हर बंदी सैनिक के लिए रिहा करने की मांग की है। बता दें, 50 कैदियों में से 30 आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं। गौरतलब है, हमास ऐसा समझौता पहले भी रख चुका है, जिसे इस्राइल ने खारिज कर दिया था।

**अपनी मांगों पर हमास अड़ा :** एक समाचार एजेंसी के मुताबिक, इससे पहले शनिवार को हमास ने इस्राइल के बंधक समझौते और संघर्ष विराम पर बात की और अपनी मांगों पर अड़े रहकर प्रस्ताव खारिज कर दिया। उसका कहना है कि वह स्थायी युद्धविराम, गाजा से इस्राइली सैनिकों की वापसी, उत्तरी गाजा और अन्य क्षेत्रों में फलस्तीनियों की वापसी, मानवीय सहायता में वृद्धि और पट्टी के पुनर्निर्माण की शुरुआत के लिए अपनी मूल मांगों पर कायम है।

**इस्राइल-हमास के बीच कई माह से जंग जारी :** हमास ने सात अक्तूबर को इस्राइली शहरों पर पांच हजार से ज्यादा रॉकेट दागकर हमले की शुरुआत की थी। इसके बाद हमास के आतंकियों ने इस्राइल में घुसकर लोगों को मौत के घाट उतारा। इसके जवाब में इस्राइल ने हमास आतंकियों के खिलाफ गाजा में ऑपरेशन शुरू किया था। इस ऑपरेशन में गाजा स्थित हमास के ठिकानों पर जबरदस्त बमबारी की गई है, जिससे अधिकतर गाजा खंडहर में तब्दील हो गया है। अब तक इस्राइल और गाजा में कुल मिलाकर 30000 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।

## जो बाइडन और नेतन्याहू की बातचीत के बाद ठंडे पड़ गए तेवर, ईरानी हमलों के बाद भी इजरायल चुप

**येरुशलम, एजेंसी।** अरब देशों से अकेले ही निपटने के लिए मशहूर रहा इजरायल आखिर ईरान के मिसाइल और ड्रोन हमलों के बाद भी ज्यादा आक्रामक क्यों नहीं है और बदले की बात पर चुप क्यों है। अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में फिलहाल यह सवाल अहम है। इजरायल पर आरोप था कि उसने सीरिया में ईरान के कौंसुलेट पर अटैक किया था और उसके टॉप जनरल समेत 12 लोगों को मार डाला था। इसका बदला लेने की धमकी देते हुए ईरान ने उस पर रातोंरात हमला किया और करीब 300 ड्रोन एवं मिसाइल दागे। इनमें से ज्यादातर को इजरायल ने आसमान में ही मार गिराया, लेकिन कुछ मामूली नुकसान भी हुआ है। इजरायल की प्रतिष्ठा के लिहाज से ईरान का हमला एक चुनौती की तरह है। ईरान ने यह भी कहा है कि यदि आप फिर से पलटकर अटैक करेंगे तो फिर उसका भी माकूल जवाब मिलेगा। फिर भी इजरायल अब ज्यादा आक्रामक नहीं है। इसकी वजह यह है कि अमेरिका ने सक्रिय तौर पर युद्ध में उतरने से इनकार कर दिया है। रविवार को



इजरायल की वॉर कैबिनेट की मीटिंग थी। इसमें ज्यादातर सदस्यों ने ईरान से बदला लेने पर सहमति जताई। लेकिन यह बदला कब और कैसे लिया जाए, इसे लेकर स्पष्टता नहीं दिखी। बेंजामिन नेतन्याहू की अध्यक्षता वाली 5 सदस्यीय वॉर कैबिनेट के कुछ लोगों ने कहा कि हमें बदला लेने के लिए हमला कर देना चाहिए।

**गरम थे तेवर, पर बाइडेन से बातचीत के बाद पड़े ठंडे :** इस मीटिंग के बाद फिर बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से बात की। जो बाइडेन ने स्पष्ट किया कि वह हथियारों और अन्य मदद से इजरायल के साथ हैं, लेकिन अमेरिका सक्रिय तौर पर उसकी ओर से युद्ध में नहीं उतरेगा। उसके बाद से ही इजरायल का रुख थोड़ा ठंडा पड़ गया है। दरअसल इजरायल की यह खासियत रही है कि वह अपनी जंग को वैश्विक रूप देने में सफल रहा है।

## नौ मई तक बखमुत के पास के शहरों पर कब्जा करना चाहता है रूस, यूक्रेन के शीर्ष कमांडर का दावा

**कीव, एजेंसी।** रूस-यूक्रेन जंग को दो साल से ज्यादा का समय हो चुका है। फिलहाल, यह जंग थमती नजर नहीं आ रही है। इस बीच, यूक्रेन के शीर्ष कमांडर ने रविवार को दावा किया कि रूसी बलों ने नौ मई तक चासिव यार शहर पर कब्जा करने का लक्ष्य रखा है। रूसी हमलों को देखते हुए यह शहर अखाड़े के लिए तैयार हो गया है। बता दें, पूर्वी हिस्सों पर कब्जा करने के लिए यह शहर महत्वपूर्ण है।

**चासिव यार पर कब्जा करने की कोशिश :** इस सप्ताह के अंत में कर्नल जनरल ऑलेक्जेंडर सिरस्की ने चेतावनी दी थी कि पूर्व में स्थिति काफी खराब हो गई है। अब उन्होंने फिर एक बार कहा कि रूस क्रामटोरस्क शहर की ओर बढ़ने से पहले चासिव यार पर कब्जा करने की कोशिश करेगा। इसके लिए वह अपने कब्जे वाले बखमुत के पश्चिम में ध्यान दे रहा है। गौरतलब है, बखमुत से 5-10 किलोमीटर दूर दोनेत्स्क क्षेत्र में चासिव यार स्थित है। पिछले साल मई में रूसी सेना ने बखमुत को अपने कब्जे में लेकर तबाह कर दिया था।

**खतरा लगातार बना है :** उन्होंने बताया कि कीव की ब्रिगेड चासिव यार के पास हमलों को रोकने में लगी हुई है। सेना को गोला-बारूद, ड्रोन और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध उपकरणों के साथ मजबूत किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि खतरा लगातार बना हुआ है। रूस की सेना ने अपने सैनिकों को नौ मई तक चासिव



यार पर कब्जा करने का काम सौंपा है।

**रक्षा मंत्री ने यूक्रेनी इकाइयों का दौरा किया :** यूक्रेन के रक्षा मंत्री रुस्तम उमेरोव ने रविवार को पूर्वी मोर्चे पर यूक्रेनी इकाइयों का दौरा किया। उन्होंने हालातों को तनावपूर्ण बताया, जहां बखमुत के पास के प्रमुख शहरों पर कब्जा करने के लिए रूस आगे बढ़ने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि दुश्मनों की संख्या अधिक होने के बावजूद हमारे रक्षक अपने साहस और प्रशिक्षण के जरिए लगातार कड़ी टक्कर दे रहे हैं।

**रूसी हमले के बाद जंग और तेज हुई :** बता दें, रूस नौ मई को राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के नेतृत्व में रेड स्क्वायर पर एक बड़ी सैन्य परेड कर सकता है। हाल के हफ्तों में रूस ने यूक्रेनी बिजली संयंत्रों और सबस्टेशनों पर तीन बड़े हवाई हमले किए, जिससे जंग और तेज हो गई है। रूस की सेना ने बीते माह में मध्य यूक्रेन के शहर क्रीवी रिह में मिसाइल हमला किया था।

## अफगानिस्तान और पाकिस्तान में बाढ़, बिजली गिरने से 57 की मौत, 250 से ज्यादा पशुओं की मौत

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** जान गंवाने वालों में अफगानिस्तान के 33 और पाकिस्तान के 24 लोग शामिल हैं। पाकिस्तान में सबसे ज्यादा मौत पंजाब प्रांत में दर्ज की गई है। दोनों देशों के मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भारी बरिश की संभावना बनी हुई है। अफगानिस्तान और पाकिस्तान में भारी बारिश और बिजली गिरने से 57 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, दोनों देशों में हजार से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए तो 250 से ज्यादा पशुओं की भी मौत होने की खबर है। जान गंवाने वालों में अफगानिस्तान के 33 और पाकिस्तान के 24 लोग शामिल हैं। पाकिस्तान में सबसे ज्यादा मौत पंजाब प्रांत में दर्ज की गई है। दोनों देशों के मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भारी बरिश की संभावना बनी हुई है। तालिबान के प्राकृतिक आपदा प्रबंधन मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल्ला जनान सैक ने बताया कि बाढ़ ने राजधानी काबुल व देश के कई अन्य प्रांतों को प्रभावित किया है। बाढ़ से लगभग 800 हेक्टेयर की फसलें नष्ट हो गई हैं और सड़कें क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। पश्चिमी फराह, हेरात, दक्षिणी जाबुल व कंधार प्रांतों में सबसे अधिक नुकसान हुआ है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि आने वाले दिनों में अफगानिस्तान के



34 प्रांतों में से अधिकांश में तेज बारिश हो सकती है। तालिबान शासित अफगानिस्तान में भारी बारिश के कारण अचानक आयी बाढ़ के कारण तीन दिन में कम से कम 33 लोगों की मौत हो गयी और 27 अन्य घायल हो गए हैं। जबकि 600 से ज्यादा घर बाढ़ में बह गए। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में और भी अधिक तबाही की आशंका जताई है। ऐसा अनुमान है कि अफगानिस्तान के 34 प्रांतों पर प्राकृतिक आपदा का खतरा मंडरा रहा है।

प्राकृतिक आपदा प्रबंधन मंत्रालय के लिए तालिबान के प्रवक्ता अब्दुल्ला जनान सैक ने रविवार को बताया कि राजधानी काबुल और कई प्रांतों में अचानक बाढ़ आ गयी है। उन्होंने बताया कि बाढ़ के कारण 600 से अधिक मकान नष्ट या क्षतिग्रस्त हो गए हैं जबकि करीब 200 मवेशियों की मौत हो गयी है। सैक ने बताया कि बाढ़ से 800 हेक्टेयर कृषि भूमि भी नष्ट हो गयी है और 85 किलोमीटर से अधिक की सड़कें क्षतिग्रस्त हो गयी हैं। उन्होंने बताया कि बाढ़ के कारण पश्चिमी फराह, हेरात, दक्षिणी जाबुल और कंधार प्रांतों में सबसे अधिक नुकसान पहुंचा है। मौसम विभाग ने अफगानिस्तान के 34 प्रांतों में से अधिकांश में आने वाले दिनों में और बारिश का अनुमान जताया है।

# कांग्रेस सांसद पर 300 करोड़ कैश मिले तो क्या एजेंसियां न पूछें :अनुराग ठाकुर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर इन दिनों चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं। देश भर में जनसभाएं कर रहे ठाकुर का मानना है कि उनकी सरकार फिर से भारी बहुमत से सत्ता हासिल करेगी। चुनावी दंगल के बीच एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि मैंने अब तक तमिलनाडु, कर्नाटक, राजस्थान उत्तर प्रदेश, हिमाचल और जम्मू-कश्मीर में चुनाव प्रचार किया है। मैं तो यही कहूंगा कि उत्तर से दक्षिण तक पश्चिम से पूरब तक एक ही बात सुनने को मिलती है। माई च्वाइस मोदी-मेरी पसंद मोदी। लोगों के दिलो-दिमाग पर मोदी राज कर रहे हैं। मोदी सरकार की उलपब्धियां चीख-चीख कर रही हैं एक बार फिर मोदी सरकार।

**मिशन दक्षिण कितना कामयाब होगा:** जहां तक तमिलनाडु की बात है, वहां हमारा वोट प्रतिशत भी बढ़ेगा और सीटें भी आएंगी। कर्नाटक में पिछली बार हमारा प्रदर्शन शानदार था और मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस बार भी रहेगा। वहां महज एक साल के भीतर कांग्रेस के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर पैदा हो गई है। इसकी मुख्य वजह कांग्रेस की झूठी गारंटी है। जो वादे किए थे, वह जमीन पर नहीं उतरे। तेलंगाना में मुझे लगता है कि हमारी सीटें दोगुनी हो जाएंगी। आंध्र प्रदेश में भी हमें बढ़त मिलेगी और केरल में भी हम अच्छा प्रदर्शन करने जा रहे हैं।

विपक्ष कह रहा रहा है कि तीसरी बार भाजपा सरकार बनी तो संविधान ही बदल जाएगा, ऐसा क्यों? मैं शुक्रगुजार हूं कि आपने यह सवाल पूछा। आज 14 अप्रैल को बाबा साहेब आंबेडकर का जन्म दिन भी है जिन्होंने संविधान बनाया। लेकिन उन्हीं बाबा साहेब का कांग्रेस ने तिरस्कार किया। उन्हें पार्टी से बाहर निकाला। चुनाव हरवाया। जीते जी उनके खिलाफ एक के बाद दूसरा षडयंत्र रचा। अब उनके जाने के बाद भी उनके नाम पर षडयंत्र कर रहे हैं। बाबा साहेब के बनाए संविधान में 62 बार संशोधन कांग्रेस ने किया। केंद्र में जब भाजपा की सरकार बनी तो मोदी जी ने संसद की पहली सीढ़ी पर सिर झुकाया। इसके बाद बाबा साहेब के संविधान पर दूसरी बार सिर झुकाया। पीएम मोदी ने कहा, सबका साथ-सबका विकास करूंगा। मैं यही कहंगा कि हमने संविधान दिवस भी मनाया। 14 अप्रैल को अवकाश भी घोषित किया। हमने पंच तीर्थ बनाए। दीक्षा भूमि, शिक्षा भूमि, जन्म भूमि, चैतन्य भूमि और महापरिनिर्वाण भूमि। पांच जगहों पर संग्रहालय और बाबा साहेब के केंद्र बन गए। ये सब मोदी जी ने किया। इसलिए यह कहना ही गलत है। कांग्रेस केवल लोगों को बांट कर सत्ता में आना चाहती है, कभी जाति के नाम पर, कभी क्षेत्र के नाम पर तो कभी बाबा साहेब के नाम पर।

**केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग को भी विपक्ष बड़ा मुद्दा बना रहा है :** यदि कांग्रेस के सांसद के पास साढ़े तीन सौ करोड़ रुपये नकद मिलेंगे, तृणमूल कांग्रेस के मंत्री के पास 65 करोड़ कैश मिलेगा, जमीन के बदले नौकरी देने के नाम पर कई लोगों की जमीन अपने परिवार के नाम कराई जाएगी, इसी प्रकार जेल से लेकर शराब मंत्री और मुख्यमंत्री किसी घोटाले में शामिल होंगे तो क्या सरकारी एजेंसियां उनके खिलाफ जांच नहीं करें। मुझे केवल इतना कहना है कि चुनाव के नाम पर विपक्षी दल अपने गलत कामों पर पर्दा न डालें। जो कभी भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन करने की बात करते थे और जो कभी सोनिया गांधी को गिरफ्तार करके दो घंटे पूछताछ करने की बात करते थे। जब उन्हीं अरविंद केजरीवाल के खिलाफ आज कार्रवाई की जाती है तो वो छटपटाते हैं लेकिन कुर्सी के साथ चिपककर बैठ जाते हैं।

**छिंदवाड़ा में भी आपने जनसभा की है, क्या लगता है इस सीट पर :** पहली बात, पिछली बार मध्य प्रदेश की 29 में से 28 सीटें भाजपा ने जीती। एक सीट छिंदवाड़ा कांग्रेस जीत गई। लेकिन पिछले पांच वर्षों में छिंदवाड़ा के सांसद ने संसद में एक बार भी न किसी विधेयक पर चर्चा में भाग लिया, न कोई निजी विधेयक लेकर आए। न ही किसी बहस में हिस्सा लिया। ऐसा जनप्रतिनिधि किस काम का, जिन्होंने पांच वर्षों में लोकसभा में अपना खाता भी नहीं खोला। जनता को ऐसा जनप्रतिनिधि नहीं चाहिए जो ये कहे कि 12 दिन (चुनाव प्रचार के) मेहनत करो और पांच वर्ष मौज करो। जनता को उसका मददगार चाहिए। उसकी संसद में मौजूदगी चाहिए ताकि वह अपने क्षेत्र की बात उठा सके। जिनके पास पहले से सबकुछ है उन्हें सांसद बनने की जरूरत भी नहीं है। न ही उनमें वह प्रतिबद्धता नजर आती है। बात यह है कि वह क्या चेहरा लेकर और क्या बात लेकर जनता के बीच जाएंगे? दुनिया को साफ नजर आता है कि चोला बदल लिया लेकिन चाल, चरित्र और चेहरा वही है। न इस गठबंधन के पास नेता है।

# एकनाथ शिंदे का गढ़ मांग रही है भाजपा, महाराष्ट्र में 9 सीटों पर फंसा पेंच



**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी, शिवसेना और अजित पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी यानी महायुति अब तक सीट बंटवारा नहीं कर सकी है। खास बात है कि महाराष्ट्र में चुनावी दौर शुरू होने में महज 5 दिनों का ही समय रह गया है। कहा जा रहा है कि तीनों दलों के बीच 9 सीटों पर पेच फंसा हुआ है। इधर, विपक्षी गठबंधन महाविकास अघाड़ी में भी सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस नेताओं में नाराजगी की खबर है। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि महायुति रत्नागिरी-सिंधुदुर्गी, सतारा, औरंगाबाद, नाशिक, ठाणे, पालघर, मुंबई दक्षिण, मुंबई उत्तर पश्चिम और मुंबई उत्तर दक्षिण को लेकर सहमति नहीं बना पा रही है। अब रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग और सतारा में 7 मई को मतदान होना है, औरंगाबाद में 13 मई और अन्य सीटों पर 20 मई को वोटिंग होगी।

कहा जा रहा है कि सीट शेयरिंग पर हो रही बातचीत अब तक गठबंधन के लिए सकारात्मक रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, ऐसी सीटों की संख्या 15 से घटकर 9 रह गई है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी कुछ सीट शेयरिंग में बातचीत को स्वीकार कर चुके हैं। उन्होंने कहा था, तीन या चार सीटों पर चर्चाएं हैं। हम बातचीत करेंगे और समाधान निकालेंगे। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम अजित पवार भी ऐसी ही प्रतिक्रिया देते नजर आए थे।

**शिंदे का गढ़ चाहे भाजपा :** रिपोर्ट के मुताबिक, जानकार बताते हैं कि भाजपा ठाणे पर दावा पेश कर रही है। जबकि, शिवसेना शिंदे की पहचान जुड़े होने के चलते इसे हाथ से नहीं जाने देना चाहती। कहा जा रहा है कि सीट शेयरिंग पर बातचीत की शुरुआत में ही भाजपा ने शिवसेना से ठाणे या कल्याण चुनने के लिए कहा था। कल्याण से शिंदे के बेटे श्रीकांत सांसद हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पंजाब में भाजपा को लग सकता है झटका, सर्वे में कांग्रेस-आम आदमी पार्टी गठबंधन ने मारी बाजी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पंजाब में इस बार इंडिया गठबंधन भाजपा को कड़ी टक्कर दे सकता है। सर्वे रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पंजाब की ज्यादातर सीटों पर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी मजबूत है। एबीपी न्यूज ने सीवोटर के साथ मिलकर पंजबा की सीटों पर एक सर्वे किया है। इस सर्वे में लोगों से पूछा गया कि क्या वे केंद्र सरकार के कामकाज से खुश हैं। इसके अलावा लोग किसको वोट करने जा रहे हैं। सर्वे के मुताबिक पंजाब में कांग्रेस को 13 में से 7 सीटों पर जीत हासिल हो सकती है। वहीं आम आदमी पार्टी को 4 में से दो सीटों पर जीत हासिल हो सकती है। इस सर्वे के मुताबिक शिरोमणि अकाली दल को एक भी सीट मिलने की उम्मीद नहीं है। वहीं वोटशेयर की बात करें तो इंडिया गठबंधन को 30.4 फीसदी और एनडीए को 20.6 फीसदी वोट मिल सकते हैं। पंजाब की 13 लोकसभा सीटों पर 1 जून को चुनाव होने जा रहे हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के अगुआई वाले गठबंधन को आठ सीटों प रकामयाबी मिली थी। वहीं भाजपा को केवल दो सीटें ही नसीब हुई थीं। आम आदमी पार्टी को एक सीट पर और शिरोमणि अकाली दल को दो सीटें मिली थीं। कांग्रेस पार्टी ने उम्मीदवारों की एक और सूची का ऐलान किया है जिसमें पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के नाम का भी ऐलान किया गया है। चन्नी को जालंधर सीट से टिकट दिया गया है। वहीं चंडीगढ़ की सीट पर इस बार कांग्रेस ने पवन बंसल की जगह मनीष तिवारी पर भरोसा जताया है।

### बसपा ने जारी की नई लिस्ट, छत्तीसगढ़ की 3 और लोकसभा सीटों पर उतारे प्रत्याशी



**रायपुर, एजेंसी।** बहुजन समाज पार्टी ने छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के लिए रविवार को तीन और उम्मीदवारों की सूची जारी की है। बसपा ने सरगुजा (सु) से संजय एक्का , रायगढ़(सु) से इन्नोसेंट कुजूर और बिलासपुर से अश्विनी रजक को उम्मीदवार बनाया है। बसपा छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों में अब तक आठ सीट पर अपने उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। इससे पहले बसपा ने जांजगीर-चांपा(सु) से डॉ रोहित कुमार डहरिया , बस्तर(सु) से आयतु राम मंडावी , राजनांदगांव से देवलाल सूर्यवंशी , महासमुंद से बसन्त सिन्हा और कांकेर(सु) से तिलकराम को प्रत्याशी बनाया है। गौरतलब है कि बसपा और क्षेत्रीय दल गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के बीच चुनावी गठबंधन को लेकर प्रयास हुए थे, लेकिन फलीभूत नहीं हो सका। इसके बाद बसपा ने छत्तीसगढ़ में अकेले चुनाव लड़ने का फैसला किया है। बहुजन समाज पार्टी के छत्तीसगढ़ की तीन लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों के ऐलान के बाद अब प्रदेश की 11 सीटों पर बसपा प्रत्याशी मैदान में हैं। यहां उनका मुकाबला भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस प्रत्याशियों से होगा। बसपा ने छत्तीसगढ़ के साथ ही राजस्थान और मध्य प्रदेश की कुछ सीटों पर भी चुनाव लड़ने का फैसला किया है। इन प्रदेशों की कुछ लोकसभा सीटों पर बसपा ने प्रत्याशियों का ऐलान भी कर दिया है। छत्तीसगढ़ में कुल 11 लोकसभा सीटें हैं। इन सीटों पर भाजपा और कांग्रेस के सामने अब बहुजन समाज पार्टी भी मैदान में है। रविवार को बसपा ने तीन और सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया है। ऐसे में प्रदेश की सभी सीटों पर अब मुकाबला कांग्रेस बनाम भाजपा था, लेकिन अब बहुजन समाज पार्टी भी मैदान में है। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय प्रदेश की सभी सीटों पर जीत दर्ज करने का दावा कर चुके हैं। हालांकि, यह देखने वाली बात होगी कि छत्तीसगढ़ की 11 सीटों पर किस पार्टी को कितनी सीटों पर जीत मिलती है।

### क्या हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट पर राजा पर भारी पड़ेगी रानी?

**शिमला, एजेंसी।** कांग्रेस ने शनिवार को हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से राज्य सरकार में मंत्री विक्रमादित्य सिंह को उम्मीदवार बनाने की घोषणा की, जिसके साथ ही इस सीट पर उनके और भाजपा उम्मीदवार एवं अभिनेत्री कंगना रनौत के बीच एक बेहद दिलचस्प चुनावी मुकाबले होने की उम्मीद है। हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के मंत्री विक्रमादित्य सिंह छह बार के मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह एवं कांग्रेस की राज्य इकाई की अध्यक्ष प्रतिभा सिंह के बेटे हैं। वीरभद्र सिंह राजघराने से थे। लोग उन्हें राजा साहब कहकर पुकारते थे। ऐतिहासिक रूप से, मंडी निर्वाचन क्षेत्र ने 1952 के बाद से दो उपचुनावों सहित 19 में से 13 चुनावों में पूर्व रियासतों के वंशजों को चुना है। विक्रमादित्य सिंह मंडी संसदीय क्षेत्र के लिए नए नहीं हैं क्योंकि उनके पिता और मां दोनों ने तीन-तीन बार यह सीट जीती है। मंडी लोकसभा सीट पर 2021 के उपचुनाव में सिंह ने अपनी मां के लिए बड़े पैमाने पर प्रचार किया था। अपनी उम्मीदवारी की घोषणा होने से पहले ही, विक्रमादित्य सिंह और बॉलीवुड फिल्म क्वीन की अभिनेत्री कंगना के बीच तीखी बहस छिड़ चुकी थी।

## मनोज तिवारी से होगी कन्हैया कुमार की टक्कर, कांग्रेस ने 10 और सीटों पर किया उम्मीदवारों का ऐलान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने 10 नामों की 13वीं सूची जारी की है। लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने उत्तर पूर्वी दिल्ली से इस बार मनोज तिवारी के खिलाफ कन्हैया कुमार को उतार दिया है। कांग्रेस ने 13वीं लिस्ट में कुल 10 प्रत्याशियों का ऐलान किया है। दिल्ली की चांदनी चौक सीट से जेपी अग्रवाल, उत्तर पूर्वी दिल्ली से कन्हैया कुमार, उत्तर पश्चिम दिल्ली से उदित राज को टिकट दिया गया है। इसके अलावा पंजाब की 6 सीटों पर भी कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों का ऐलान किया है। पंजाब की अमृतसर सीट पर गुरजीत सिंह औजला, जालंधर से पूर्व सीएम चरणजीत सिंह चन्नी, फतेहगढ़ साहिब से अमर सिंह, भटिंडा से जीत मोहिंदर सिंह सिद्धू, संगरूर से सुखपाल सिंह खैरा और पटियाला से डॉ. धर्मवीर गांधी को टिकट दिया गया है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश की इलाहाबाद सीट पर उवल रेवती रमन सिंह पर भरोसा जताया गया है।

बता दें कि बेगूसराय की सीट वामदलों के खाते में जाने के बाद से ही चर्चा थी कि कन्हैया कुमार को दिल्ली की किसी सीट से उतारा जा सकता है। वहीं बात करें उत्तर पूर्वी दिल्ली की तो मनोज तिवारी यहां पहले से भी सांसद हैं। वहीं दिल्ली की सात सीटों में से इस बार केवल इसी सीट पर भाजपा ने उम्मीदवार रिपीट किया है।

# ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने 75 उम्मीदवारों का किया ऐलान

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** कांग्रेस ने रविवार को ओडिशा विधानसभा चुनाव की दूसरी सूची के लिए 75 उम्मीदवारों की घोषणा की। इससे पहले पार्टी ने पहली सूची में दो अप्रैल को 49 उम्मीदवारों की घोषणा की थी। राज्य विधान सभा की कुल सीटों की संख्या 147 हैं। कांग्रेस से अभी तक दोनों सूची में 124 उम्मीदवारों की घोषणा की है। दूसरी सूची में पार्टी ने जिन उम्मीवारों को मैदान में उतारा है उनके नाम इस प्रकार हैं। अत्ताबिरा (सु.) से अभिषेक सेठ, तलसरा (सु.) से देवेन्द्र भिटारिया (प्रबोध टिर्की के स्थान पर), कुचिंडा (सु.) केदारनाथ बरिहा, रंगोली (सु.) से दिलिप कुमार दुरिया, संबलपुर से दुर्गा प्रसाद पाढ़ी, रायराखोल से असफ अली खान, देवगढ से सेम हेमबरमा, तेलकाई (सु.) निर्मल चन्द्र नायक, घासिपुरा से सुब्रता चक्रा, आनंदपुर (सु.) जयदेव जेना, पटना (सु.) से हृषिकेश नाइक, क्योंझार (सु.) श्रीमती प्रतिभा मंजरी नाइक, चंपुआ से



यंशवंत लाघुरी, जशीपुर (सु.) श्रीमती श्वेता चत्तर , सरस्काना (सु.) राम कुमार सोरेन, रायरंगपुर (सु.) जोगेन्द्र बनरा, बंग्रिपोसी (सु.) मुरली धर नाइक, करंजिया (सु.) से लक्ष्मीधर सिंह, उदाला (सु.) से दुर्गा चरण टुडु, बारिपदा (सु.) बादल हेमबर्मा, मोरदा से प्रवेश कार महापात्रा, भोगराई से सत्या शिवा दास, बस्ता से बिजन नायक, रेमुना (सु.) सुदर्शन जेना, सोरो (सु.) सुब्रत धड़ा, सिमुलिया से हिमांशु शेखर बेहेरा, भंडारीपोखरी से निरंजन पटनायक, भद्रक से असित पटनायक, बासुदेवपुर से अशोक कुमार दास, धामनगर (सु.) रंजन कुमार बेहेरा, चंदबली से अमिया कुमार महोपात्रा, बिंझरपुर (सु.) श्रीमती कनकलता मल्लिक, बारी से श्रीमती आरती देव, धर्मशाला से किसन पांडा, जाजपुर से सुदिप कुमार कार, कोरी से श्रीमती बंदिता परीदा, धेनकनाल से श्रीमती सुस्मिता सिंह देव, हिंडोल (सु.) से गोबर्धन शेखर नाइक, कमाख्यानगर से बिप्रबार साहू, परजंगा से रंजीत कुमार साहू, तालचेर से प्रफुल्ल चन्द्र दास, अंगुल से अंबिका प्रसाद भट्टा, छेंदीपाडा (सु.) से नरोत्तम नायक, अथमल्लिक से विजयानंद चौलिया, बिरमहाराजपुर (सु.) प्रदीप सेठी, सोनेपुर से प्रियाब्रत साहू, टिटलागढ (सु.) से बीरेन्द्र बाग, खरियर से कमल चरण तांडी, बालिगुडा (सु.) से उपेन्द्र प्रधान (सुरदा प्रधान के स्थान पर), बारम्बा से संजय कुमार साहू, बांकी से देवासीस पटनायक, शर्मा, पारादीप से निरंजन नायक, तिर्तोल पृथ्वी बल्लव पटनायक, रणपुर से विभु प्रसाद मिश्रा, नयागढ़ से रंजीत दास, कविसूर्यनगर से विपिन बिहारी स्वैन से चित्र सेन बेहरा, अस्का से सुरभी बिसायी, हिंजिली से रंजनीकांत पाढ़ी, बेरहमपुर से दीपक पटनायक और दिगापहांडी से श्रीधर देव को टिकट दिया गया है।

# यूपी में 2019 से बेहतर रिजल्ट देंगे, नितिन गडकरी का दावा- लोकसभा चुनाव में 110 फीसदी जीत पक्की

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर तमाम दल अपनी-अपनी जीत के दावे कर रहे हैं। भाजपा अपनी तीसरी टर्म की सरकार को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त है। नितिन गडकरी ने हिन्दुस्तान से बातचीत में दावा किया कि वे चुनाव में भाजपा की जीत को लेकर 110 फीसदी आश्वस्त हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास मोदी जैसा चेहरा नहीं है। इस बार भाजपा यूपी में 2019 से बेहतर प्रदर्शन करेगी। अन्य राज्यों में भी भाजपा का प्रदर्शन अच्छा होने वाला है। दक्षिण भारतीय राज्यों को लेकर उन्होंने दावा किया कि तेलंगाना, तमिलनाडु और केरल में भाजपा इस बार चौंकाने वाले परिणाम देने वाली है।

केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी भाजपा के उन वरिष्ठ नेताओं में हैं, जिनकी मजबूत पहचान और काम करने का अलग अंदाज है। महाराष्ट्र की नागपुर संसदीय सीट से तीसरी बार मैदान में उतरे गडकरी न सिर्फ अपनी जीत को लेकर आश्वस्त हैं बल्कि भारी बहुमत से तीसरी बार केंद्र में भाजपा सरकार बनाने का दावा भी करते हैं। वे कहते है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में जनता को उम्मीद दिखती है और भाजपा में अपना भविष्य। एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि मैं जात-पात, धर्म, भाषा से ऊपर उठकर नियमित रूप से लोगों की सेवा करता हूं। मेरा काम सरकारी कार्यक्रमों तक ही सीमित नहीं बल्कि व्यक्तिगत क्षमता से भी काम करता हूं। मैंने 1.15 लाख लोगों की इलाज में मदद की। 40 लाख लोगों के दिल का ऑपरेशन, 20 हजार का कैंसर उपचार, 350 लोगों को कृत्रिम पैर, एक लाख लोगों की आंखों की जांच और कोविड काल में पीड़ितों के इलाज के लिए करोड़ों के कार्य किए। इसी प्रकार खेल महोत्सव, सांस्कृतिक महोत्व तथा भक्ति महोत्व जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है जिनमें हजारों लोग हिस्सा लेते हैं। मेरे कार्यक्रमों के लाभार्थियों में हर जाति एवं धर्म के लोग शामिल होते हैं। मेरे प्रयासों से नागपुर शिक्षा का केंद्र भी बना है।

**सवाल- आप राष्ट्रीय नेता है, फिर भी अपने संसदीय क्षेत्र के लिए इतना समय कैसे निकाल लेते हैं :** जवाब- इमारत ऊंची होगी तो उसकी नींव भी मजबूत होगी। मैंने राज्यसभा सांसद के तौर पर करियर नहीं बनाया है। मैंने शुरू से यहां जमीन पर काम किया है। यहीं के लिए नहीं बल्कि पूरे विदर्भ के लिए कर रहा हूं।

**सवाल-** इन चुनावों में महाराष्ट्र में भाजपा के प्रदर्शन को कैसे देखते हैं ?

**जवाब-** पिछली बार महाराष्ट्र में शानदार जीत मिली थी। तब शिवसेना साथ थी और 41 सीटें जीती थीं। लेकिन इस बार शिवसेना के साथ-साथ एनसीपी का इंजन भी लग गया है। मुझे लगता है कि इस बार प्रदर्शन और बेहतर होगा। पिछली बार से एक-दो सीटें और ज्यादा जीतेंगे।

**सवाल-** पूरे देश में पार्टी का प्रदर्शन कैसा रहेगा?

**जवाब-** भाजपा 370 और एनडीए 400 पार

**सवाल-** दक्षिणी राज्यों में पीएम काफी मेहनत कर रहे हैं, कैसे नतीजों की उम्मीद है?

**जवाब-** केरल एवं तमिलनाडु में इस बार हमारी अच्छी सीटें आएंगी।

**सवाल-** कर्नाटक एवं तेलंगाना में कैसा रहेगा?

**जवाब-** कर्नाटक में हम पिछला प्रदर्शन कायम रखेंगे। तेलंगाना में सीटें बढ़ेंगी।

**सवाल-** यदि उत्तरी राज्यों की बात करें तो सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में कैसे प्रदर्शन की उम्मीद रखते हैं?

**जवाब-** उत्तर प्रदेश में हमारा प्रदर्शन इस बार 2019 से बेहतर होगा। अन्य उत्तरी राज्यों में भी पिछले प्रदर्शन को दोहराएंगे।

# भाजपा नेता की फिसली जुबान, बोले-नींद नहीं आ रही तो एक्स्ट्रा पैग लगा लेना

**बेंगलुरु, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 शुरू होने में गिनती के दिन बचे हैं। चुनाव प्रचार में लगे दिग्गज नेता जनता से लोकलुभावन वादों के साथ अपने प्रतिद्वंद्वी पर हमले करने से नहीं चूक रहे लेकिन, इस कार्य में कई बार उनकी जुबान भी फिसल जा रही है। कर्नाटक में भी यही देखने मिला। यहां भाजपा नेता संजय पाटिल ने कांग्रेस नेता और राज्य की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी हेब्बालकर को शराब पीने की सलाह दे डाली। उन्होंने कथित तौर पर कहा कि रात में अच्छी नींद के लिए एक एक्स्ट्रा पैग जरूर लगाएं। उनके बयान ने नया विवाद खड़ा कर दिया है। जवाब में कांग्रेस पार्टी ने भाजपा की कौरवों और रावण से तुलना कर डाली।

मामला यूं है कि कर्नाटक की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी हेब्बालकर पर कटाक्ष करते हुए पूर्व भाजपा विधायक संजय पाटिल ने कहा कि कर्नाटक में भाजपा के उदय से हेब्बालकर को बहुत चिंता हो रही होगी, शायद उन्हें रात में नींद भी नहीं आती होगी। इसलिए मेरी सलाह है कि वह रात में अच्छी नींद पाने के लिए नींद की गोली या एक एक्स्ट्रा पैग लें। पाटिल ने शनिवार को बेलगावी में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, मैंने कर्नाटक में आठ अलग-अलग क्षेत्रों में प्रभारी के रूप में काम किया है। बेलगावी में, बड़ी संख्या में महिलाएं भाजपा के समर्थन में सामने आ रही हैं। यही कारण है कि मैं चाहता हूं कि मेरी बड़ी बहन (लक्ष्मी हेब्बालकर) नींद की गोली ले लें। या अच्छी रात की नींद पाने के लिए एक अतिरिक्त पेग लें। कर्नाटक कांग्रेस ने भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि संजय पाटिल ने लक्ष्मी हेब्बालकर पर अपनी टिप्पणी के माध्यम से पूरे महिला समुदाय को निशाना बनाया और अपमानित किया है। कर्नाटक कांग्रेस की तरफ से बयान दिया गया, जो कोई भी महिलाओं को नीची दृष्टि से देखता है, इसका मतलब है कि उनका पतन शुरू हो गया है। भाजपा और जेडीएस पार्टियों का पतन शुरू हो गया है, इसलिए उनका महिला विरोधी रवैया बढ़ रहा है। कौरवों और रावण की तरह, भाजपा और जेडीएस का भी निश्चित रूप से विनाश होगा। गौरतलब है कि हेब्बालकर के बेटे मृणाल रवींद्र हेब्बालकर भाजपा उम्मीदवार और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार के खिलाफ बेलगावी सीट से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं।



# कानून से जो करेगा खिलवाड़ उसका 'राम-नाम सत्य': सीएम योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ, एजेंसी।** यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा ने देश को विकास के साथ आस्था और सुशासन का मॉडल दिया। विकास और विरासत की इस जुगलबंदी से देश को दुनियां में विशिष्ट स्थान हासिल हुआ। योगी ने अपराधियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जो भी कानून के साथ खिलवाड़ करेगा उसका 'राम'राम सत्य' है। कहा कि अगर कोई अपराधी यह सोचता है कि अपराध करने के बाद पड़ोसी राज्यों में छुप जाएगा तो उसको उस लायेक छोड़ेंगे ही नहीं कि वह भाग सके। सीएम योगी ने लोकसभा चुनाव में रिकार्ड जीत का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तराखंड और यूपी की 85 सीटें मोदी के गले का हार बनेंगी। रविवार को उत्तराखंड में ताबड़तोड़ तीन चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस के समय देश में आतकंवाद, उग्रवाद जैसी समस्याएं थी। पाकिस्तान अतिक्रमण करता तो सरकार आंखें मूंद लेती। लेकिन आज देश में यदि कहीं पटाखा भी जोर से फूट जाए तो सबसे पहले पाकिस्तान की सफाई आती है कि इसमें हमारा हाथ नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के समय देश में बमबाजी की घटनाएं होती थी। लेकिन अब घर घर बम बम भोले की गूंज सुनाई देती है। योगी ने कहा कि राम को नकारने वाले भी उसके अस्तित्व को स्वीकार कर रहे हैं। आज देश विकास की राह पर है और उत्तराखंड सहित सभी राज्यों में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं।



**अपराधियों को उत्तराखंड आने लायक नहीं छोड़ेंगे :** योगी ने कहा कि पहले यूपी में दो दो महीनों तक कर्फ्यू लगा रहता था। लेकिन जब से यूपी में भाजपा की सरकार आई कहीं न कर्फ्यू लगा है और न दंगे हुए। योगी ने कहा कि यूपी में अपराधियों में खौफ का माहौल है। उन्होंने कहा कि अपराधियों को इस लायक नहीं छोड़ा जाएगा कि वे यूपी से निकलकर उत्तराखंड आ सकें। उन्होंने कहा कि अपराधियों के लिए जेल से पहले जहन्नुम के रास्ते खुलेंगे।

**कांग्रेस नहीं कर पाई समस्याओं का समाधान :** कांग्रेस पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस देश की समस्याओं का समाधान नहीं कर पाई। कांग्रेस देश को सुरक्षा भी नहीं दे पाई। उन्होंने सवाल किया कि ऐसे में अब कांग्रेस को लाने की जरूरत क्या है? उन्होंने कहा कि हमारी सरकार तुष्टीकरण की बजाए संतुष्टीकरण और सबका साथ सबका विकास के आधार पर काम कर रही है। यही वजह है कि आज युवाओं के हाथ में रोजगार है।

**कानून के साथ जो करेगा खिलवाड़ उसका राम नाम सत्य :** उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ हरिद्वार लोकसभा सीट से प्रत्याशी त्रिवेंद्र सिंह रावत के समर्थन में रूड़की मैं रैली की। उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत को सम्मान मिला है। दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। भारत की सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। उन्होंने कहा कि यूपी में सुरक्षा व्यवस्थाा जितनी अच्छी होगी उसका लाभ उत्तराखंड को भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि अगर कोई अपराधी ये सोच रहा होगा कि वह भागकर उत्तराखंड में चला जाएगा तो उसको उस लायेक छोड़ेंगे ही नहीं कि वह भाग सके। कहा कि जो कानून को नहीं मानेगा उसका राम नाम सत्य है। सीएम योगी ने कहा भारत के 12 करोड़ किसानों को किसान सम्मान निधि मिल रही है। इसके साथ ही 12 करोड़ लोगों को शौचालय मिले हैं। उन्होंने ये भी कहा कि जो कानून को नहीं मानेगा वो दुनिया छोड़ कर चले गए। उन्होंने उत्तराखंड में पांचों सीटों पर कमल खिलाने को कहा।

## संक्षिप्त समाचार

### हार्दिक की कप्तानी पर इरफान ने उठाए सवाल

## कहा- उन्हें गेंदबाज पर भरोसा नहीं...



**मुंबई** पूर्व भारतीय क्रिकेटर और मौजूदा कमेंटेटर इरफान पठान ने स्ल्क्ष 1ह्य ष्टस्ञ्च मैच के बाद हार्दिक पांड्या की कप्तानी पर सवाल उठाए हैं। इसी के साथ उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें अपने गेंदबाज आकाश मधवाल पर भरोसा नहीं है। बता दें, चेन्नई सुपर किंग्स ने इस मैच में पहले बैटिंग करते हुए 206 रन बोर्ड पर लगाए थे, सीएसके को 200 के पार पहुंचाने में महेंद्र सिंह धोनी का अहम रोल रहा था जिन्होंने अंतिम 4 गेंदों पर 20 रन बटोरे थे। धोनी ने आखिर ओवर में हार्दिक पांड्या के खिलाफ यह रन बटोरे थे। इरफान पठान ने हार्दिक पांड्या के इसी ओवर को लेकर सवाल उठाए हैं। इरफान पठान ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, हार्दिक शुरू से ही एक कप्तान के रूप में अच्छे नहीं रहे हैं। सीएसके के खिलाफ मैच में आकाश मधवाल को आखिरी ओवर फेंकना था और वह बॉलिंग मार्क तक पहुंच गए थे।

## पलक ने शूटिंग में जीता 20वां ओलिंपिक कोटा

- ISSF फाइनल ओलिंपिक क्वालिफिकेशन चैंपियनशिप में 10 मीटर एयर पिस्टल में जीता ब्रॉन्ज मेडल



नईदिल्ली, एजेंसी। पलक ने रविवार को ब्राजील के रियो डी जनेरियो में ढ्ढस्स्स्न फाइनल ओलिंपिक क्वालिफिकेशन चैंपियनशिप में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में ब्रॉन्ज मेडल जीतने के साथ ही भारत के लिए 20वां पेरिस 2024 ओलिंपिक कोटा हासिल किया। 18 साल की पलक ने 217.6 का स्कोर किया। वहीं आर्मेनिया की एल्मिरा करापेटियन ने 240.7 के स्कोर के साथ गोल्ड जबकि थाईलैंड की कामोनलाक साएंचा ने 240.5 के साथ सिल्वर मेडल जीता। वहीं भारतीय शूटर सान्याम 176.7 के स्कोर के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। गोल्ड जीतने वाली शूटर ने पहले ही हासिल कर लिया था ओलिंपिक कोटा फाइनल में पलक की शुरुआत अच्छी नहीं रही। वहीं थाईलैंड की कामोनलाक साएंचा और हंगरी की मेजर वेरोनिका ने ओलिंपिक कोटा के लिए हो रही प्रतियोगिता में शुरुआत में ही अच्छी बढ़त बना ली। हालांकि, दबाव के बाद भी पलक ने वापसी करते हुए एलिमिनेशन स्टेज के दौरान अच्छा प्रदर्शन किया। वेरोनिका को पांचवें राउंड में हार का सामना करना पड़ा और उन्हें चौथे स्थान से संतुष्ट होना पड़ा। वहीं पहले स्थान पर रही एल्मिरा करापेटियन पहले ही ओलिंपिक कोटा हासिल कर चुकी थी, ऐसे में सिल्वर जीतने वाली साएंचा और ब्रॉन्ज जीतने वाली पलक को ओलिंपिक कोटा मिल गया।

# 12 साल बाद

## रोहित ने लगाया शतक

### फिर भी चेहरे पर उदासी, जश्न तक नहीं मना सके हिटमैन

**आईपीएल में रोहित शर्मा के बल्ले से 12 साल बाद शतकीय पारी आई, लेकिन इसके बावजूद टीम को जीत नहीं मिल पाई। मैच में सीएसके ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 206 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में रोहित के शतक बाद भी मुंबई की टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 186 रन ही बना पाई।**



मुंबई, एजेंसी। इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 29वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मुंबई इंडियंस के धाकड़ खिलाड़ी रोहित शर्मा ने नाबाद 105 रनों की पारी खेली। आईपीएल में रोहित शर्मा के बल्ले से 12 साल बाद शतकीय पारी आई, लेकिन इसके बावजूद टीम को जीत नहीं मिल पाई। मैच में सीएसके ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 206 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में रोहित के शतक बाद भी मुंबई की टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 186 रन ही बना पाई। रोहित शर्मा आईपीएल के इतिहास में पहले ऐसे बल्लेबाज बन गए जिन्होंने नाबाद शतक तो लगाया, लेकिन उनकी टीम मैच में जीत हासिल नहीं कर पाई। रोहित अपनी शतकीय पारी में 63 गेंद में 105 रन बनाए, जिसमें उन्होंने 11 चौके और 5 छक्के भी लगाए। रोहित के अलावा सीएसके के खिलाफ और कोई भी खिलाड़ी कमाल नहीं दिखा सके।

### सीएसके के लिए पाथिराना ने गेंदबाजी में किया कमाल

सीएसके खिलाफ मैच में जब मुंबई की टीम 207 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी थी तो रोहित शर्मा ने ईशान किशन के साथ मिलकर टीम को दमदार शुरुआत दिलाई, लेकिन ईशान किशन के आउट होने के साथ ही मुंबई की टीम पूरी तरह से लड़खड़ा गई। खास तौर से तेज गेंदबाज मथिसा पाथीराना के खिलाफ तो मुंबई के बल्लेबाजों की हालत बहुत ही खराब हो गई। मैच में पाथिराना ने दमदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में सिर्फ 28 रन देकर चार विकेट हासिल किए। पाथिराना सीएसके के लिए आईपीएल में चार विकेट झटकने वाले सबसे यंगेस्ट प्लेयर भी बने। पाथिराना ने यह कारनामा 21 साल 118 दिन की उम्र में किया।

### 17वें सीजन में मुंबई को मिली चौथी हार

हार्दिक पंड्या की कप्तानी में 17वें सीजन में खेल रही मुंबई इंडियंस को चौथी हार का सामना करना पड़ा। शुरुआती तीन मैचों में मिली हार के बाद मुंबई ने दिल्ली और आरसीबी के खिलाफ जीत हासिल कर दमदार वापसी की थी, लेकिन एल क्लासिको मुकाबले में उसे एक बार फिर से हार का मुंह देखना पड़ा।

# रोहित के शतक पर भारी पड़े माही के 20 रन...

### माही के 3 छक्कों से थर्रा गया वानखेड़े

**मुंबई, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर ली 2024 सीजन में रविवार (14 अप्रैल) चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच धांसू मैच खेला गया. इस मुकाबले में महेंद्र सिंह धोनी के 20 रनों से रोहित शर्मा का नाबाद शतक हार गया.

मैच में धोनी ने मैदान में उतरते ही तूफानी अंदाज में 3 करारे छक्के जड़े, जिससे पूरा वानखेड़े स्टेडियम थर्रा गया. धोनी ने 4 गेंदों पर नाबाद 20 रन बनाए और यही रन मैच में जीत-हार का अंतर साबित हुए. चेन्नई ने 20 रनों से ही मुंबई को करारी शिकस्त दी. रोहित 63 गेंदों पर खेली नाबाद 105 रनों की शतकीय पारी

यह जीत इसलिए भी खास रही, क्योंकि मुकाबले में मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा 63 गेंदों पर 105 रनों की शतकीय पारी खेलकर नाबाद रहे थे, लेकिन वो टीम को मैच नहीं जिता सके. रोहित दूसरे छोर पर खड़े होकर अपनी टीम को हारते हुए देखते रहे. दरअसल, यह कहानी शुरू होती है चेन्नई की पारी से. मैच में टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए चेन्नई टीम ने 19.2 ओवर में 186 रन बना दिए थे. पारी की सिर्फ 4 गेंद बची थीं और धोनी नए बल्लेबाज के रूप में क्रीज पर आए थे. यह आखिरी ओवर मुंबई टीम के कप्तान और तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या




कर रहे थे. धोनी के लगातार 3 छक्कों से थर्रा गया वानखेड़े स्टेडियम

धोनी ने मैदान में आते ही लगातार 3 छक्के जमा दिए और स्कोर 200 के पार पहुंचाया. फिर आखिरी बॉल पर धोनी ने 2 रन लिए. इस तरह माही ने अपनी पारी में 4 गेंदों पर 20 रन बनाए. यही मैच का असली जीत का अंतर साबित हुए, क्योंकि मुंबई ने भी 20 ओवर में 6 विकेट पर 186 रन बना दिए थे. यदि धोनी के यह 20 रन नहीं आते तो मैच का नतीजा कुछ और हो सकता था, क्योंकि रोहित शतक लगाकार नाबाद ही मैदान से लौटे हैं. मगर धोनी ने जब यह 3 छक्के लगाए, तब पूरा वानखेड़े स्टेडियम झूम उठा. फैन्स चाहे चेन्नई के हों या मुंबई के... लगभग सभी ने माही के तीन छक्कों का जमकर जश्न मनाया. धोनी के बाद पथिराना का जलवा... 4 विकेट लेकर मैच पलटा


मैच में चेन्नई ने 207 रनों का टारगेट सेट किया, जिसके जवाब में मुंबई की टीम 6 विकेट गंवाकर 186 रन ही बना सकी. 105 रनों की नाबाद शतकीय पारी खेलने वाले हिटमैन एक छोर पर खड़े रहे, लेकिन दूसरी ओर से कोई भी बल्लेबाज उनका साथ नहीं दे सका. दूसरी ओर चेन्नई टीम के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना ने 4 विकेट लेकर पूरी बाजी ही पलट दी. पथिराना ने ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा और रोमारियो शेफर्ड को अपना शिकार बनाया.

### गायकवाड़ और शिवम ने जड़ी ताबड़तोड़ फिफ्टी

मैच में टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी चेन्नई टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी. उन्होंने 8 रनों पर पहला विकेट गंवा दिया. ओपनिंग आए अजिंक्य रहाणे 5 रन बनाकर कैच आउट हुए. मगर उसके बाद कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने पारी को संभाला और 33 गेंदों पर फिफ्टी जमाई. इसके बाद शिवम दुबे ने 28 गेंदों पर फिफ्टी जड़ी. गायकवाड़ ने मैच में 40 गेंदों पर 69 रनों की पारी खेली. जबकि शिवम दुबे ने 38 गेंदों पर नाबाद 66 रन जड़ दिए. इसके बदौलत चेन्नई टीम ने 4 विकेट गंवाकर 206 रन बनाए. दूसरी ओर मुंबई टीम का कोई भी गेंदबाज कमाल नहीं दिखा सका. हार्दिक पंड्या ने 2 विकेट लिए. जबकि तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएत्जी और स्पिनर श्रेयस गोपाल ने 1-1 विकेट अपने नाम किया.

# पेरिस ओलिंपिक्स में ट्रैक का कलर पर्पल होगा

### टोक्यो में लाल था; कंपनी बोली- ट्रैक मैटीरियल से एथलीट्स की परफॉर्मेंस सुधरेगी



**पेरिस, एजेंसी।** पेरिस ओलिंपिक में एथलेटिक्स प्रतियोगिता के इंचार्ज और पूर्व ओलिंपियन एलेन ब्लोंडेल ने कहा है कि ट्रैक का रंग बैंगनी कलर में देने की वजह यह है कि बैंगनी कलर पेरिस ओलिंपिक खेल के रंगों में से एक है। हाल ही ओलिंपिक एसोसिएशन ने पेरिस ओलिंपिक खेल के लिए तीन रंगो को चयनित किया था। जिसमें गुलाबी, नीला और बैंगनी कलर शामिल था।

### इटली में तैयार गया है ट्रैक का मटेरियल

पेरिस ओलिपिंक के एथलेटिक्स ट्रैक के मटेरियल इटली में तैयार किया गया है। 1976 के बाद से ओलिंपिक के लिए ट्रैक तैयार करने वाली कंपनी मोंडो का मानना है कि ट्रैक पहले से ज्यादा बेहतर होंगे। इससे खिलाड़ियों को अपने प्रदर्शन में सुधार करने में मदद मिलेगी।

**टोक्यो ओलिंपिक में बने थे तीन वर्ल्ड रिकॉर्ड-** टोक्यो ओलिंपिक में एथलेटिक्स में तीन वर्ल्ड रिकॉर्ड और 10 ओलिंपिक रिकॉर्ड बने थे। पेरिस ओलिंपिक में एथलेटिक्स प्रतियोगिता के इंचार्ज एलेन ब्लोंडेल ने कहा कि पेरिस में टोक्यो से ज्यादा रिकॉर्ड बनेंगे।

**पेरिस ओलिंपिक 26 जुलाई से होगी शुरू-** पेरिस ओलिंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त के बीच होना है। भारत को टोक्यो में पहली बार एथलेटिक्स में गोल्ड मेडल मिला था। नीरज चोपड़ा ने जेवलिन थ्रो में भारत के लिए ओलिंपिक में ट्रैक एंड फील्ड में पहली बार मेडल जीता था। पेरिस ओलिंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त के बीच होना है।

# टी20 वर्ल्ड कप के लिए जल्द होगा टीम इंडिया का ऐलान

### इन 15 खिलाड़ियों को मिलेगी जगह!

नईदिल्ली, एजेंसी। आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2024 की शुरुआत में अब कुछ ही दिन बचे हैं. आगामी टी20 वर्ल्ड कप 1 जून से यूएसए और वेस्टइंडीज में खेला जाना है. टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम का ऐलान जल्द होने वाला है. इसके लिए अजीत अगरकर की अगुवाई में भारतीय चयनकर्ताओं की मीटिंग इस महीने की आखिरी तारीख (30 अप्रैल) या अगले माह के पहले दिन हो सकती है.




टी20 वर्ल्ड कप के लिए आईसीसी ने टीम घोषित करने की डेडलाइन 1 मई रखी है. यानी इस डेट तक में सभी 20 देशों को अपनी-अपनी टीमें चुन लेनी है. भारतीय फैन्स को भी अपनी टीम के चुने जाने का बेसब्री से इंतजार है.

# रोहित के साथ 13 साल बाद दोहराई सचिन तेंदुलकर जैसी कहानी

### ये संयोग उड़ा देंगे आपके भी होश

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई इंडियंस वर्सेस चेन्नई सुपर किंग्स आईपीएल 2024 का 29वां मुकाबला रविवार 14 अप्रैल की रात मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया था। इस मैच में सीएसके ने एमआई को 20 रनों से पटखनी देकर सीजन की चौथी जीत दर्ज की। एमआई के लिए पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने शतक जरूर जड़ा, मगर वह अपनी टीम को जीत की दहलीज पार नहीं करवा पाए। चेन्नई ने इस मैच में पहले बैटिंग करते हुए मुंबई के सामने जीत के लिए 207 रनों का लक्ष्य रखा था, इस स्कोर का पीछा करते हुए एमआई निर्धारित 20 ओवर में 186 ही रन बना पाई। रोहित शर्मा ने इस दौरान 105 रनों की नाबाद पारी खेली। इस पारी के साथ हिटमैन की सचिन तेंदुलकर के खास क्लब में एंट्री हो गई है। रोहित शर्मा सचिन तेंदुलकर के बाद आईपीएल में शतक लगाने वाले दूसरे सबसे उम्रदराज भारतीय बन गए हैं। सचिन ने आईपीएल का अपना एकमात्र शतक 2011 में कोच्चि टस्कर्स केरल के खिलाफ जड़ा था। सचिन की उम्र उस दौरान 37 और 356 दिन की थी।

वहीं रोहित शर्मा ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 36 साल 350 दिन की उम्र में यह सेंचुरी लगाई है। इन दोनों ही दिग्गजों के इस शतक में कुल 3 समानताएं थी।

- सचिन तेंदुलकर और रोहित शर्मा ने यह शतक मुंबई इंडियंस की ओर से खेलते हुए जड़ा।
- दोनों ने यह शतक वानखेड़े स्टेडियम में लगाया।
- दोनों की यह सेंचुरी मुंबई इंडियंस की हार में आई।



### आईपीएल में असफल रन चेज में नाबाद रहते हुए हाइएस्ट स्कोर-

- 105* (63) – रोहित शर्मा, एमआई बनाम सीएसके, 2024
- 95* (70) – केएल राहुल, पंजाब बनाम आरआर, 2018
- 94* (55) – नमन ओझा, आरआर बनाम सीएसके, 2010
- 92* (62) – विराट कोहली, आरसीबी बनाम एमआई, 2018
- 89* (44) – डेविड मिलर, पंजाब बनाम एसआरएच, 2015

आईपीएल के इतिहास में रोहित शर्मा का यह असफल रन चेज में नाबाद रहते हुए सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। वहीं आईपीएल के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब कोई बल्लेबाज ने असफल रनचेज में शतक जड़ने के बाद नाबाद रहा हो।

## संक्षिप्त समाचार

### अडानी के शेयर धराशायी




**नई दिल्ली, एजेंसी।** इजरायल पर ईरान के हमले के बाद युद्ध की आशंका प्रबल हो गई है। इजरायल ने भी हमले का जवाब देने का ऐलान कर चुका है। दोनों देशों के इस तनातनी के बीच अडानी ग्रुप के स्टॉक्स धराशायी हो गए हैं। भारतीय शेयर मार्केट में भी भूचाल है। इजरायल-ईरान के बीच युद्ध का सीधा असर अडानी ग्रुप पर भी पड़ेगा। क्योंकि, अडानी पोर्ट्स उत्तरी इजरायल में हाइफा बंदरगाह का संचालन करता है और ईरान द्वारा हाल ही में किए गए ड्रोन और मिसाइल हमलों के बाद इजरायल और ईरान के बीच किसी भी तरह का संघर्ष चिंता का विषय हो सकता है। इसका असर आज अडानी ग्रुप के स्टॉक्स पर देखने को मिल रहा है। अडानी पावर 4.12 फीसद गिरकर 570.65 रुपये पर आग गया है। अडानी ग्रीन एनर्जी भी 4.32 फीसद लुढ़क कर 1802 रुपये के आसपास है। अडानी एंटरप्राइजेज में 3.20 फीसद की गिरावट है। अडानी टोटल भी 4 फीसद से अधिक गोता लगा चुका है।अडानी पोर्ट्स में 2.45 फीसद की गिरावट है और यह 1311.30 रुपये पर है। अडानी एनर्जी सॉल्यूशन में 3.60 फीसद की गिरावट है और यह 1030.45 रुपये पर है। एसीसी भी 1.35 फीसद नीचे 2435 रुपये पर ट्रेड कर रहा है। अंबुजा सीमेंट में भी 1 पफीसद से अधिक की गिरावट है और यह 602 रुपये के करीब है। एनडीटीवी में भी 3.84 फीसद की गिरावट है और यह 216.90 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। सुबह पौने दस बजे तक सेंसेक्स 761 अंकों की गिरावट के साथ 73483 के लेवल पर था। यहां टाटा मोटर्स सबसे बड़ा लूजर था। इसमें करीब 3 फीसद की गिरावट थी। जबकि, निफ्टी गिरावट का दोहरा शतक लगाकर 226 अंकों के नुकसान के साथ 22293 के लेवल पर था। यहां टाटा कंज्यूमर, टाटा मोटर्स, बीपीसीएल, अडानी एंटरप्राइजेज और अडानी पोर्ट्स टॉप लूजर थे।

### बाजार में हाहाकार, लेकिन इस शेयर में तूफानी तेजी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में हाहाकार है, लेकिन एस्टर डीएम हेल्थकेयर के शेयरों में तूफानी तेजी देखने को मिल रही है। एस्टर डीएम के शेयर सोमवार को 13 पर्सेंट से अधिक की तेजी के साथ 558.30 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों ने सोमवार को 52 हफ्ते का अपना नया हाई बनाया है। एस्टर डीएम हेल्थकेयर के शेयर शुक्रवार को 487.95 रुपये पर बंद हुए थे। कंपनी के शेयरों में यह तेजी स्पेशल डिविडेंड के ऐलान की वजह से आई है। एस्टर डीएम हेल्थकेयर ने निवेशकों को हर शेयर पर 118 रुपये का स्पेशल डिविडेंड देने का ऐलान किया है। 23 अप्रैल है स्पेशल डिविडेंड की रिकॉर्ड डेट एस्टर डीएम हेल्थकेयर ने 118 रुपये स्पेशल डिविडेंड देने के लिए 23 अप्रैल 2024 की रिकॉर्ड डेट फिक्स की है। स्पेशल डिविडेंड अनाउंसमेंट की तारीख से 30 दिन के भीतर कंपनी इसका भुगतान निवेशकों को करेगी। एस्टर डीएम ने एक्सचेंज फाइलिंग में बताया है कि कंपनी के बोर्ड ने जीसीसी बिजनेस की सेल और एफिनिटी होल्डिंग्स की तरफ से जारी रिडीमबल प्रेफरेंस शेयरों को भुनाने से मिली रकम के कारण प्रत्येक शेयर 118 रुपये का स्पेशल डिविडेंड मंजूर किया है। एस्टर डीएम हेल्थकेयर के शेयरों में पिछले एक साल में 120 पर्सेंट से अधिक की तेजी आई है। कंपनी के शेयर 17 अप्रैल 2023 को 250.10 रुपये पर थे।

# ईरान और इजरायल के बीच युद्ध का असर भारत के कारोबार पर पड़ेगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईरान ने इजरायल पर अटैक किया है। इसके बाद से दोनों देशों के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। इस युद्ध का असर कई देशों पर पड़ सकता है। ईरान ने इजरायल पर शनिवार देर रात सैकड़ों ड्रोन, क्रूज मिलाइल और बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया है। इस हमले के बाद से मध्य-पूर्व में तनाव अपने चरम पर पहुंच गया है। ईरान और इजराइल के बीच युद्ध तेज होने की आशंका से पूरी दुनिया सहमी हुई है। ईरान और इजरायल युद्ध का असर भारत पर देखने को मिल सकता है। अगर दोनों देशों के बीच जंग छिड़ती है तो इससे न केवल भारत में महंगाई बढ़ने का खतरा है, बल्कि शेयर बाजार पर नकारात्मक असर होने की आशंका जताई जा रही है। भारत के दोनों ही देशों से कारोबारी संबंध है। ऐसे में इस युद्ध से भारत के कारोबार पर असर पड़ सकता है। आईए जानते हैं भारत के ईरान और इजरायल के साथ कैसे कारोबारी संबंध हैं। दोनों के बीच कितना कारोबार होता है। इस युद्ध का इसपर क्या असर पड़ सकता है।





### इन सामानों का होता है निर्यात

भारत मुख्यत- ईरान को चाय, कॉफी, बासमती चावल और चीनी का निर्यात करता है। भारत से ईरान को पिछले साल करीब 15,300 करोड़ रुपये का निर्यात किया गया था। वहीं, ईरान से भारत ने पेट्रोलियम कोक, मेवे और कुछ अन्य चीजें आयात की थीं। इनका मूल्य करीब 5500 करोड़ रुपये था। भारत चाबहार पोर्ट और इससे लगे चाबहार स्पेशल इंडस्ट्रियल जाने में भी साझेदार है। साल 2023 में भारत का इजरायल के साथ 89 हजार करोड़ रुपये का कारोबार रहा है। भारत ने ईरान को 70 हजार करोड़ रुपये का माल और सेवाओं का निर्यात किया।

### लगातार बढ़ा कारोबार

रिपोर्ट के मुताबिक, एफवाय22 के मुकाबले एफवाय23 में दोनों देशों के बीच कारोबार करीब 21 फीसदी से ज्यादा बढ़ा है। ईरान और इजरायल के साथ पिछले साल भारत ने करीब 1.1 लाख करोड़ रुपये का कारोबार किया था। ईरान के साथ भारत ने 20800 करोड़ का कारोबार किया। अगर ईरान-इजरायल युद्ध से स्ट्रेट ऑफ होर्मुज का रास्ता प्रभावित होता है तो भारत को काफी नुकसान हो सकता है। दरअसल कच्चे तेल के लिए स्ट्रेट ऑफ होर्मुज एक अहम रास्ता है। चूंकि, भारत अपनी जरूरत का ज्यादातर क्रूड ऑयल आयात करता है तो ऐसे में कच्चे तेल के दाम में तेजी से यहां वित्तीय घाटे पर बोझ बढ़ सकता है। वहीं देश में महंगाई का संकट खड़ा हो सकता है।

## अडानी के शेयर की बदौलत एलआईसी की चांदी, 61 हजार करोड़ से ज्यादा का हुआ मुनाफा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी एलआईसी ने वित्त वर्ष 2023-24 में अडानी समूह की कंपनियों में किए गए अपने निवेश वैल्यू में 59 प्रतिशत का लाभ दर्ज किया है। अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट से समूह के शेयरों के प्रभावित होने के बाद उन्होंने जोरदार वापसी की। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, अडानी समूह की सात कंपनियों में एलआईसी का कुल निवेश 31 मार्च, 2023 को 38,471 करोड़ रुपये से बढ़कर 31 मार्च, 2024 को 61,210 करोड़ रुपये हो गया। इसमें 22,378 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की गई। पिछले साल, हिंडनबर्ग रिपोर्ट में अडानी के शेयरों में हेराफेरी के आरोपों के बाद बीमा कंपनी को भी समूह में निवेश करने के अपने फैसले पर सवालों का सामना करना पड़ा था। हालांकि, अडानी ने रिपोर्ट को पूरी तरह गलत बताया था। राजनीतिक दबाव का सामना करते हुए, एलआईसी ने रणनीतिक रूप से समूह की दो प्रमुख कंपनियों - अडानी पोर्ट्स एंड एसईजेड और अडानी एंटरप्राइजेज - में अपना निवेश कम कर दिया था। इन दो कंपनियों के शेयरों में क्रमशः 83 प्रतिशत और 68.4 प्रतिशत की तेजी हुई। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, निवेश घटाने के बावजूद एलआईसी को वित्त वर्ष 2023-24 में अडानी समूह में किए गए निवेश पर 59 प्रतिशत का लाभ हुआ।

इस दौरान अडानी समूह की कंपनियों में कई विदेशी निवेशकों - कतर इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी, अबू धाबी स्थित आईएचसी, फ्रांसीसी दिग्गज टोटल एनर्जी और अमेरिका स्थित जीक्यूजी इन्वेस्टमेंट ने लगभग 45,000 करोड़ रुपये का निवेश किया। आंकड़ों के मुताबिक, अडानी एंटरप्राइज लिमिटेड में एलआईसी का निवेश 31 मार्च, 2023 को 8,495.31 करोड़ रुपये से बढ़कर एक साल बाद 14,305.53 करोड़ रुपये हो गया।

## 49 पर जा सकता है सुजलॉन एनर्जी का शेयर, सालभर में 416 प्रतिशत चढ़ गया भाव



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर आप भी किसी रिन्यूएबल एनर्जी शेयर पर दांव लगाने की सोच रहे हैं तो आप सुजलॉन एनर्जी पर फोकस रख सकते हैं। सुजलॉन एनर्जी के शेयर को लेकर मार्केट एक्सपर्ट बुलिश हैं और इसे खरीदने की सलाह दे रहे हैं। ब्रोकरेज फर्म आनंद राठी ने सुजलॉन एनर्जी के शेयर पर 49 रुपये का टारगेट प्राइस दिया है और इसे खरीदने की सलाह दी है। आनंद राठी के मुताबिक, कंपनी को मार्च तिमाही में मजबूत विंड टर्बाइन डिलीवरी की उम्मीद है। घरेलू ब्रोकिंग फर्म ने सुजलॉन एनर्जी लिमिटेड के लिए 313 मेगावाट का अनुमान लगाया है।

## इजरायल पर ईरान के बड़े हमले के बाद औंधे मुंह गिरे तेल के दाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इजरायल पर ईरान के हमले के बाद कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आने का अंदेशा जताया जा रहा था। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच तेल की कीमतों पर इसका असर पड़ने की संभावना जताई जा रही थी। एनालिस्टों का अनुमान है कि अगर यह युद्ध बड़ा रूप लेता है तो ब्रेंट क्रूड ऑयल का भाव 100 डॉलर प्रति बैरल के पार जा सकता है। हालांकि इन सबसे बीच क्रूड ऑयल की कीमतों में एशियाई बाजार में गिरावट आई है। ईरान की कार्रवाई की उम्मीद में कीमतें पहले ही बढ़ गई थीं, पिछले हफ्ते ब्रेंट क्रूड छह महीने के उच्च स्तर के करीब पहुंच गया था। जानकारों के मुताबिक, तेल बाजार को इस समय किसी भी अतिरिक्त आपूर्ति खतरे को ध्यान में रखने की आवश्यकता नहीं दिख रही है। उन्होंने कहा कि ब्रेंट क्रूड 90 डॉलर के निशान से नीचे गिर सकता है, लेकिन व्यापारियों के गाजा और यूक्रेन में संघर्षों से जुड़े जोखिमों पर ध्यान केंद्रित रहने के कारण एक बड़ी गिरावट की संभावना नहीं है। विश्लेषकों ने यह भी कहा कि हमले पर इज़राइल की प्रतिक्रिया आने वाले दिनों और हफ्तों में वैश्विक बाजारों के लिए महत्वपूर्ण होगी।




पिछले हफ्ते के अंत में, ब्रेंट क्रूड की कीमत 92.18 डॉलर प्रति बैरल हो गई, जो अक्टूबर के बाद सबसे अधिक है, लेकिन फिर गिरकर 90.45 डॉलर पर बंद हो गई। अमेरिकी ऊर्जा सूचना प्रशासन के मुताबिक, ईरान दुनिया का सातवां सबसे बड़ा तेल उत्पादक है और ओपेक तेल उत्पादकों के कार्टेल का तीसरा सबसे बड़ा सदस्य है। विश्लेषकों का कहना है कि तेल की कीमत के लिए आगे बढ़ने के लिए एक महत्वपूर्ण मुद्दा यह है कि क्या होर्मुज जलडमरूमध्य से शिपिंग प्रभावित होगी। ओमान और ईरान के बीच स्थित जलडमरूमध्य एक महत्वपूर्ण शिपिंग मार्ग है, क्योंकि दुनिया की कुल तेल आपूर्ति का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा इससे होकर गुजरता है।

ओपेक के सदस्य सऊदी अरब, ईरान, यूएई, कुवैत और इराक अपने द्वारा निर्यात किए जाने वाले अधिकांश तेल को जलडमरूमध्य से भेजते हैं। शनिवार को, ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरते समय इज़राइल से जुड़े एक वाणिज्यिक जहाज को जब्त कर लिया।

### दिख रही गिरावट

कच्चे तेल की कीमतों में आज भी गिरावट देखने को मिल रही है। डब्ल्यूटीआई क्रूड के दाम 33 फीसदी गिरकर 85.38 डॉलर प्रति बैरल पर हैं। वहीं ब्रेंट क्रूड की कीमत गिरकर 90/28 डॉलर प्रति बैरल हो गई है।

## सोने-चांदी के भाव पर ईरान-इजरायल तनाव का दिखेगा असर, 1 लाख के होगा पार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईरान-इजरायल में तनाव के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना अपने नए ऑल टाइम हाई पर है। भारतीय सर्राफा मार्केट में बहुत जल्द एक लाख रुपये पर पहुंचने की उम्मीद है। सर्राफा मार्केट में शादियों के सीजन से ऐन पहले सन्नाटा है। सोने-चांदी के आसमान छूते भाव ने बाजार की रौनक छीन ली है। सोना शुक्रवार को 73174 रुपये प्रति 10 ग्राम के ऑल टाइम हाई पर बंद हुआ। चांदी भी 83819 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। विशेषज्ञों का कहना है कि वर्तमान में दुनियाभर में जो परिस्थितियां बन रही हैं, उसके कारण सोने की कीमत में जल्द कमी आने के संकेत नहीं हैं। ईरान- इजरायल के बीच तनाव से सोने की कीमतों में और तेजी आ सकती है। वैश्विक फर्म गोल्डमैन सैक्स ने अनुमान लगाया है कि इस साल के अंत तक सोना 2,700 डॉलर प्रति औंस के भी पार जा सकता है। पहले यह अनुमान 2,300 डॉलर का था। वहीं, अन्य फर्म 3000 डॉलर का अनुमान जता रही हैं।

### ऑल टाइम हाई पर सोना-चांदी

विशेषज्ञों का कहना है कि फरवरी के बाद से अंतराष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में लगातार तेजी देखने को मिल रही है। मौजूदा समय में अंतराष्ट्रीय बाजार में सोने का भाव रिकॉर्ड 2,424.32 डॉलर प्रति औंस के पार चला गया है। बीते हफ्ते ही इसमें चार फीसदी उछाल चुका है और यह अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। चांदी की कीमत भी चार फीसदी के उछाल के साथ 29.60 डॉलर प्रति औंस पर आ गई है, जो 2021 के बाद सबसे अधिक है।



विशेषज्ञों का कहना है कि इसका असर भारतीय बाजार में भी देखने को मिल रहा है। देश में सोना 73,000 रुपये प्रति 10 ग्राम से ज्यादा पहुंच गया है, जो सर्वकालिक उच्चस्तर है। चांदी की कीमतें भी पहली बार 83 हजार रुपए प्रति किलोग्राम को पार कर गई है।

विशेषज्ञों का अनुमान है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर यदि और तेजी आती है तो घरेलू बाजार में अगले साल के शुरुआत महीनों में सोना एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर तक पहुंच सकता है। चांदी भी एक लाख रुपये प्रतिकिलो तक पहुंच सकती है। इन दिनों सोने और चांदी की कीमतों ने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं और नए ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि जिस तरह से दुनिया में भू-राजनीतिक संकट बढ़ रहा है, इससे इनकी कीमतों में और तेजी देखने को मिल सकती है। यह निवेश के लिए सही समय भी साबित हो सकता है। जो इसके लिए मन बना रहे हैं, उनके लिए गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ अच्छे विकल्प साबित हो सकते हैं। भौतिक सोने के मुकाबले इनसे अधिक मुनाफा हो सकता है।

### या है गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ

एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड्स यानी ईटीएफ निवेश के सबसे सस्ते विकल्पों में से एक है। इन्हें शेयरों की तरह स्टॉक एक्सचेंज में खरीदा और बेचा जा सकता है। इसके लिए डीमैट खाता खुलवाना जरूरी होता है। गोल्ड या सिल्वर ईटीएफ को शेयरों की तरह तय मात्रा में एकमुश्त रकम देकर या एसआईपी के जरिए खरीदा जा सकता है। 100 रुपये की न्यूनतम राशि से भी निवेश किया दा सकता है। अधिकतम राशि की कोई सीमा तय नहीं है।

यह डीमैट खाते में नेट एसेट वैल्यू की तरह प्रदर्शित होते हैं। इसमें कोई लॉक इन पीरियड नही होता है। जब जरूरत हो या ईटीएफ के दाम बढ़ने या घटने लगें तो इन्हें बेचा जा सकता है। कुछ कंपनियां इन ईटीएफ को जारी करती हैं। यह योजना उन निवेशकों के लिए बेहतर विकल्प है, जो लंबी अवधि में अधिक मुनाफा चाहते हैं।

आंकड़ों के अनुसार, इस साल आई तेजी से सोने ने अब तक 13.6 फीसदी का मुनाफा दिया है। बीते छह महीनों में रिटर्न 25.5 फीसदी और बीते एक साल में 17.8 फीसदी रहा है। वहीं, गोल्ड ईटीएफ में औसत रिटर्न बीते एक वर्ष 15 से 18 फीसदी के आसपास रहा है। वहीं, पिछले 3 महीनों में चांदी ने 13 फीसदी का जबरदस्त रिटर्न दिया है। वहीं, सिल्वर ईटीएफ में औसत रिटर्न बीते एक वर्ष में सात से आठ फीसदी के बीच रहा है।

### निवेश में सावधानी भी जरूरी

विशेषज्ञों ने यह भी सलाह दी है कि सोने और चांदी में आई तेजी को देखते हुए सावधानी बरतने की भी जरूरत है। उनका कहना है कि निवेशकों को चाहिए कि वे अत्यधिक उत्साहित होकर एक साथ सोने-चांदी में निवेश ना करें। बल्कि धीरे-धीरे पैसा लगाएं। इसका फायदा यह होगा कि यदि इनके दाम में गिरावट आती है तो निवेशक को एवरेज करने का मौका मिल जाएगा। उनका पैसा लंबे समय के लिए फंसेगा नहीं। जिस तरह से सोने-चांदी के दाम में तेजी देखने को मिली है, उससे कुछ करेक्शन देखने को मिल सकती है। गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ में निवेश शेयर बाजार के माध्यम से किया जा सकता है। यह बीएसई और एनएसई दोनों स्टॉक एक्सचेंज पर उपलब्ध है। इसके लिए ब्रोकर के माध्यम से डीमैट खाता खोलना होगा। - अलग-अलग निवेश कंपनियां गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ में निवेश के विकल्प उपलब्ध कराती हैं। ब्रोकर के ऐप पर जिस ईटीएफ में निवेश करना चाहते हैं, उसका और स्टॉक एक्सचेंज का चयन करें। फिर निवेश का तरीका चुनें। यहां एकमुश्त और एसआईपी के विकल्प दिखाई देंगे। एक साथ पैसा नहीं लगा सकते हैं तो मासिक एसआईपी का विकल्प चुन सकते हैं।

# पिता ने 500 रुपये कर्ज लेकर खोली थी मिठाई की दुकान, बेटे ने बना दी देश की सबसे बड़ी प्राइवेट यूनिवर्सिटी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी यह देश की सबसे बड़ी यूनिवर्सिटीज में से एक है। इसमें देश-विदेश के करीब 35,000 बच्चे पढ़ते हैं। जालंधर में इस यूनिवर्सिटी का कैंपस 600 एकड़ में फैला है। तष्ट से मान्यता प्राप्त इस यूनिवर्सिटी में डिप्लोमा और ग्रेजुएशन से लेकर डॉक्टरेट तक 200 से ज्यादा कोर्स संचालित होते हैं। जब अशोक कुमार मित्तल ने इस यूनिवर्सिटी की शुरुआत की थी तो कुछ लोगों ने उनका मजाक उड़ाते हुए कहा था कि लड्डू बेचने वाले अब डिग्री बांटेंगे। आज इस विश्वविद्यालय की अमेरिका, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, सिंगापुर, स्विट्जरलैंड, ब्राजील, चीन, स्पेन और पोलैंड की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटीज के साथ पार्टनरशिप है। इसे बेस्ट प्राइवेट यूनिवर्सिटी का अवॉर्ड भी मिल चुका है। अशोक कुमार मित्तल पंजाब से आम आदमी पार्टी के राज्य सभा के सदस्य भी हैं।

अशोक कुमार मित्तल के के पिता बलदेव राज मित्तल ने साल 1961 में अपने एक दोस्त से 500 रुपये कर्ज लेकर जालंधर में लवली स्वीट्स नाम से मिठाई की एक दुकान खोली। उस समय पंजाब में मोटी बूंदी वाली लड्डू का प्रचलन था। बलदेव राज ने मोतीचूर के लड्डू बनाए और यह हिट हो गया। अशोक मित्तल के मुताबिक उनकी दुकान की पहचान यह थी कि वहां साफ-सुथरी और ढकी हुई मिठाइयां मिलती थी। उनकी दुकान की लोकप्रियता बढ़ने लगी और साल 1969 आते-आते उन्होंने शहर में तीन दुकानें खोल लीं। आज जालंधर और उसके आसपास के इलाकों में मित्तल परिवार के दस से ज्यादा स्वीट स्टोर हैं। साथ ही परिवार ने बेकरी का काम भी शुरू किया है।



### मिल की शुरुआत

अशोक मित्तल ने अमृतसर की गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी से लॉ में ग्रेजुएशन करने के बाद ने अपने फैमिली बिजनस को जॉइन किया। पिता से बिजनस के गुर सीखे। सबसे बड़ी सीख यही थी कि डर के आगे जीत है। यानी किसी भी बिजनस में उतरो तो उसमें डूब जाओ। अशोक मित्तल ने जब साल 1991 में बजाज स्कूटर की डीलरशिप के लिए अप्लाई किया तो बजाज ने उनकी एप्लिकेशन खारिज कर दी थी। बजाज का कहना था कि उनकी हालत इतनी भी खराब नहीं हुई है कि लड्डू बेचने वालों को अपनी डीलरशिप दें। लेकिन जब बजाज वाले जालंधर आए और उन्हें मित्तल की कारोबारी क्षमता का पता चला तो उन्होंने डीलरशिप दे दी।

इसके बाद परिवार को 1996 में मारुति की डीलरशिप भी मिली। आज जालंधर और उसके आसपास लवली ऑटो के 25 से ज्यादा स्टोर हैं। इसके बाद आई लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी का नंबर। बिजनस चल निकलने के बाद परिवार ने समाज की बेहतरी का लक्ष्य लेकर इस यूनिवर्सिटी की स्थापना की। उस समय पंजाब में कोई प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी नहीं थी। साल 1999 में उन्होंने अपना संस्थान खोला और इसे नाम दिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज। इसे पंजाब टेक्निकल यूनिवर्सिटी से रजिस्टर्ड कराया गया।

### लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी

मित्तल ने 2003 में यूनिवर्सिटी का दर्जा पाने के लिए पंजाब सरकार के पास अप्लाई किया और 2005 में इसे यूनिवर्सिटी का दर्जा मिल गया। इसे नाम दिया गया लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी। यूनिवर्सिटी ने 2006 में पहला सेशन शुरू हुआ। अभी इसमें दुनिया के 50 से अधिक देशों के छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। इसमें कुल करीब 35 हजार छात्र हैं। यूनिवर्सिटी का कैंपस 600 एकड़ के इलाके में फैला है और इसमें 3,500 से ज्यादा एकेडमिक स्टाफ है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा (उत्पाद शाखा)

–: आदेश :–

लोक सभा आम चुनाव– 2024 के क्रम में कोडरमा जिला के सीमावर्ती बिहार राज्य के गया एवं नवादा लोक सभा क्षेत्र में मतदान की तिथि दिनांकः 19.04.2024 को निर्धारित है ।

आयुक्त उत्पाद, झारखण्ड, राँची के ज्ञापांकः 01/नीति–05–10/2022–651, दिनांकः 01.04.2024 तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव, झारखण्ड, राँची के पत्रांकः 01/नि०वि०–22–23 (पार्ट–1)/2020/1186, दिनांकः 18.03.2024 के द्वारा दिये गये निदेश के आलोक में गया एवं नवादा लोकसभा आम चुनाव–2024 के अवसर पर कोडरमा जिलान्तर्गत सभी प्रकार की मदिरा तथा मादक पेय पदार्थों की बिक्री को प्रतिबंधित करते हुए झारखण्ड उत्पाद अधिनियम– 1915 की धारा 26(1) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैं मेघा भारद्वाज (भा०प्र०से०), जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, कोडरमा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा– 135 (ग) के आलोक में आदेश देती हूँ कि उक्त निर्वाचन के अवसर पर मतदान समाप्ति के लिये नियत समय के 48 घंटे पूर्व से अर्थात दिनांकः 17.04.2024 के अपराह्न 5.00 बजे से मतदान समाप्ति अर्थात दिनांकः 19.04.2024 के अपराह्न 5.00 बजे तक तथा यदि आवश्यक हुआ तो पुनर्मतदान के दिन सम्पूर्ण कोडरमा जिला में शुष्क दिवस (DRY DAY) घोषित किया जाता है ।

शुष्क दिवस (DRY DAY) की उक्त अवधि में कोडरमा जिले की सभी शराब दुकानें, होटल, रेस्तराँ एवं बार सहित अन्य उत्पाद अनुज्ञप्ति प्राप्त परिसर पूर्णतः बंद रहेंगे तथा किसी प्रकार के होटल, रेस्तराँ, क्लब, भोजनालय, पाकशाला, दुकान तथा शराब बेचने या परोसने वाले प्रतिष्ठान में अथवा निजी या सार्वजनिक स्थल पर कोई भी स्प्रिटयुक्त, मादक लिकर या वैसी प्रकृति का कोई अन्य पदार्थ न तो विक्रय किया जायेगा, न परोसा जाएगा और न ही वितरित किया जायेगा ।

आदेश का अनुपालन सख्ती से किया जाए ।

ह०/–जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, कोडरमा

PR.NO.323818Election(224-25):D

# कोई कितना भी कोशिश कर ले हम मणिपुर को टूटने नहीं देंगे : शाह

## अमित शाह बोले – प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्वोत्तर में लाया शांति और सद्भाव

एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह ने कहा कि आगामी चुनाव भाजपा और कांग्रेस के बीच नहीं हैं, बल्कि उन लोगों के बीच जो हिंसाग्रस्त राज्य में लोगों को बांटना चाहते हैं और भाजपा, जो इसे बचाना चाहती है। सोमवार को इंफाल में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा - सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि कोई कितनी भी कोशिश कर ले- हम मणिपुर को टूटने नहीं देंगे।
अमित शाह ने कहा कि जल्द ही लोकसभा चुनाव शुरू हो जायेंगे। हमें मोदी जी को फिर से अपना प्रधानमंत्री बनाना होगा। यह चुनाव बीजेपी और कांग्रेस के बीच नहीं है, बल्कि यह उन लोगों के बीच है जो मणिपुर को विभाजित करना चाहते हैं और भाजपा जो मणिपुर की रक्षा करना चाहती है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में मोदी जी ने न केवल भारत को समृद्ध बनाया है बल्कि भारत की सुरक्षा को भी बढ़ाया है। मोदी जी ने 75 वर्षों से उग्रवाद और नक्सलवाद से जूझ रहे पूर्वोत्तर में शांति और सद्भाव लाया है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में...25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी से बाहर आये हैं। 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन मिला है। 10 करोड़ गैस सिलेंडर वितरित किये जा चुके हैं। 14 करोड़ परिवारों को नल जल कनेक्शन मिल चुका है। उन्होंने कहा कि मोदी जी का मानना है कि पूर्वोत्तर आगे बढ़ेगा तो देश आगे बढ़ेगा। भारत विकसित तब बनेगा जब मणिपुर विकसित बनेगा। गृह मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने मणिपुर में सद्भाव लाने और पूर्वोत्तर से नक्सलवाद को उखाड़ फेंकने के लिए विभिन्न संगठनों के साथ विभिन्न शांति समझौतों पर हस्ताक्षर किये हैं।



### कांग्रेस के समय थी नाकेबंदी

**शाह** ने कहा कि हमने पूर्वोत्तर में एएफएसपीए प्रभावित क्षेत्रों को कम कर दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के समय में मणिपुर में नाकेबंदी थी। उन्होंने उग्रवाद से आंखें मूंदकर मणिपुर की जनसांख्यिकी को बदलने की साजिश रची। मोदी सरकार मणिपुर-म्यांमार सीमा पर बॉर्डर इंफ्रास्ट्रक्चर बनायेगी। हमने इसके लिए काम शुरू कर दिया है।

### मणिपुर को 75 साल में पहली बार मिला अपना मालगाड़ी नेटवर्क

**उन्होंने** कहा कि यूपीए सरकार ने मणिपुर को क्या दिया? 10 साल तक कांग्रेस ने मणिपुर के विकास के लिए 39 हजार करोड़ रुपये आवंटित किये। वहीं, मोदी जी ने इसे चार गुना बढ़ाकर 200 करोड़ रुपये आवंटित किये। मणिपुर के लिए 1,20,000 करोड़...मणिपुर को 75 साल में पहली बार अपना मालगाड़ी नेटवर्क मिला। उन्होंने कहा कि हम मणिपुर को टूटने नहीं देंगे! मैं आपसे अपील करना चाहता हूं कि आप हमारे उम्मीदवार को वोट दें और मणिपुर के बेहतर भविष्य के लिए हमें अब तक का सर्वोच्च जनादेश दें।

# भाजपा के संकल्प पत्र से विकसित व समृद्ध भारत की गारंटी : पीयूष गोयल

एजेंसी

**मुंबई :** केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि मोदी की गारंटी अर्थात गारंटी पूर्ण होने की सकारात्मकता होती है। विश्वास होने के कारण जनता तीसरी बार भाजपा और एनडीए सरकार को आशीर्वाद देगी और फिर एक बार मोदी सरकार बनेगी। केंद्रीय मंत्री गोयल सोमवार को मुंबई स्थित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश कार्यालय पर आयोजित पत्रकार सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।
गोयल ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भाजपा का संकल्प पत्र विकास, विरासत और गरीब कल्याण के तीन सिद्धांतों पर जोर देकर समाज के सभी वर्गों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इसमें युवा, किसान, महिलाएं, गरीब, वरिष्ठ नागरिक, छोटे व्यापारी, श्रमिक सभी का विचार किया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने युवाओं, किसानों, महिलाओं और उत्पीड़ितों, वंचितों और गरीबों को सम्मान हासिल करने और अपने जीवन को आसान बनाने के कई अवसर दिए गए। आज 80 करोड़ नागरिकों को मुफ्त अनाज, उज्ज्वला योजना से 10 करोड़ से अधिक महिलाओं का स्वास्थ्य



सुधार, जल जीवन मिशन के तहत 14 करोड़ परिवारों को पीने का पानी और अन्य अनेक योजनाओं से 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आ गये हैं। गोयल ने यह भी बताया कि मोदी सरकार ने वर्ष 2014 और वर्ष 2019 में किये गये अधिकांश वादे पूरे कर दिये हैं।
उन्होंने कहा कि राम मंदिर का निर्माण, धारा-370 को रद्द करना, तीन तलाक कानून को रद्द करना, नारी शक्ति वंदन कानून, नागरिकता संशोधन कानून इनमे से कुछ चुनिंदा उदाहरण हैं। गोयल ने कहा कि पिछले 10 वर्ष में मोदी सरकार ने चार करोड़ गरीबों को पक्का घर दिया है और तीन करोड़ लोगों को घर देने की गारंटी मोदी ने संकल्प पत्र में दी है।

## NEWS IN Gallery

### खजुराहो सीट पर फॉरवर्ड ब्लॉक के प्रत्याशी को कांग्रेस ने दिया समर्थन

**नई दिल्ली :** कांग्रेस पार्टी ने मध्य प्रदेश के खजुराहो सीट पर फॉरवर्ड ब्लॉक के प्रत्याशी को समर्थन देने का फैसला किया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने एक बयान जारी कर कहा कि कांग्रेस ने ये सीट समाजवादी पार्टी (सपा) के लिए छोड़ी थी, पर सपा उम्मीदवार का पर्चा खारिज हो गया था। जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस ने खजुराहो लोकसभा सीट आईएनडीआईए ग्रुप के सहयोगी सपा के लिए छोड़ दिया था। दुर्भाग्य से सत्ता के खुले खेल और लोकतंत्र के सभी मानदंडो के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सपा उम्मीदवार का नामांकन खारिज करने में सफल हो गयी। उल्लेखनीय है कि खजुराहो लोकसभा सीट पर सपा की अधिकृत उम्मीदवार मीरा यादव का नामांकन निरस्त हो गया था। इसके बाद समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरबी प्रजापति को समर्थन देने का पत्र जारी किया। अब कांग्रेस ने भी इसकी घोषणा की है।

### बीजद सांसद प्रभास कुमार सिंह भाजपा में शामिल




**नई दिल्ली :** लोकसभा चुनाव से पहले बीजू जनता दल (बीजद) से पूर्व सांसद प्रभास कुमार सिंह सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। भाजपा मुख्यालय में महासचिव तरुण चुघ की मौजूदगी में प्रभास कुमार सिंह ने पार्टी की सदस्यता ली। पूर्व में बारगढ़ सीट का प्रतिनिधित्व कर चुके प्रभास सिंह ने भाजपा में स्वागत के बाद कहा कि बीजद में 'गरिमा और आत्मसम्मान' नहीं है। इस मौके पर प्रभास सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा की और ओडिशा के मुख्यमंत्री बीजू पटनायक के नेतृत्व वाली पार्टी की आलोचना की।

### विपक्ष पर गलतफहमी फैलाने का आरोप

**मुंबई :** उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में विपक्ष गलतफहमी फैला रहा है। नेहरू से लेकर मोदी तक के प्रधानमंत्रित्व काल के दौरान संविधान में 106 बार संशोधन किया गया है। यह विपक्ष को भी पता है लेकिन इसके बाद भी प्रधानमंत्री पर संविधान बदलने की साजिश करने का तथ्यहीन आरोप लगाया जा रहा है। अजीत पवार ने कोल्हापुर में प्रचार सभा को संबोधित करते हुए कहा कि विपक्ष की ओर से नई सरकार में संविधान बदलने का दुष्प्रचार किया जा रहा है। 2014 और 2019 में भी इन लोगों ने यही किया था, अब 2024 में भी वही कर रहे हैं लेकिन इसका कोई असर आम जनता पर नहीं पड़ने वाला है। अजीत पवार ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रधानमंत्रित्व काल में देश विकास के राह पर तेजी से अग्रसर हो रहा है।

**लोस चुनाव : बसपा सुप्रीमो ने चुनावी जनसभा को किया संबोधित, कहा –**

# सपा का मुसलमानों से कोई सरोकार नहीं

एजेंसी

**मुरादाबाद :** समाजवादी पार्टी(सपा) धर्म व जाति के नाम पर प्रदेश को बांटने का काम कर रही है। मुस्लिम बहुल आबादी वाले मुरादाबाद में सपा ने मुस्लिम प्रत्याशी का टिकट काटकर हिंदू प्रत्याशी को टिकट दे दिया, जबकि बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी को ही मैदान में उतारा है। समाजवादी पार्टी का मुसलमान से कोई सरोकार नहीं है। यह बातें बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की सुप्रीमो एवं प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने सोमवार को मुरादाबाद में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कही। वह महानगर के लाइनपार स्थित रामलीला ग्राउंड में मुरादाबाद लोकसभा से बसपा प्रत्याशी इरफान सैफी के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करने पहुंची थीं। मायावती ने सपा संसदीय दल के नेता व मुरादाबाद लोकसभा से सांसद डॉ. एसटी हसन का टिकट काटकर हिंदू प्रत्याशी रूचि वीरा को टिकट देने पर सबसे पहले सपा पर जमकर निशाना साधा। इसके बाद मायावती ने कहा कि केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार की नीतियां सांप्रदायिक व देश विरोधी हैं। इसलिए अब भाजपा सरकार को हटाने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के नेता व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केवल जुमलेबाजी करते हैं। इन लोगों ने विकास का एक चौथाई प्रतिशत काम भी नहीं किया है।
उन्होंने आगे कहा कि भाजपा धन्नासेठों व पूजीपतियों की पार्टी है। यह सरकार पूंजीपतियों व कॉरपोरेट घरानों के इशारे पर चल रही है। भाजपा सरकार ने देश की सीमाओं को पूरी तरह सुरक्षित नहीं किया है। यह चिंता की बात है। इनकी गलत नीतियों को जनता देख समझ चुकी है। यह लोग साम, दाम, दंड, भेद अपनाकर किसी भी कीमत पर सत्ता में आना चाहते हैं। इनसे सावधान रहने की जरूरत है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने मीडिया के ओपीनियन पोल व सर्वे पर भरोसा न करने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि चुनावी घोषणा पत्र जारी करने की बजाय उनकी पार्टी जनता के हित में काम करने में भरोसा करती है।



**राजग उम्मीदवार को पहनाया जीत का माला, योगी बोले –**

# पीएम मोदी ने विश्व में बढ़ाया भारत का गौरव

एजेंसी

**नवादा :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नवादा में भाजपा उम्मीदवार विवेक ठाकुर के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व में महान देश के रूप में भारत का गौरव बढ़ाया है। देश में कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से अप्रतिम विकास भी किया। इस कारण 400 सांसदों के साथ वे तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बनेंगे। सोमवार को नवादा जिले के अकबरपुर में नवादा लोकसभा के राजग उम्मीदवार विवेक ठाकुर के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 400 सांसदों के साथ तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बने, इसके लिये जरूरी है कि विवेक ठाकुर को नवादा से भारी बहुमत के साथ विजयी बनायें। उन्होंने कहा कि नवादा सप्त ऋषियों की साधना भूमि, बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ. कृष्णा सिंह की जन्मभूमि, लोकनायक जयप्रकाश नारायण की कर्मभूमि रही है। जिसके लिये यहां के लोग सच्चाई पर भरोसा कर विकसित भारत का सपना पूरा करने में विवेक ठाकुर को भारी बहुमत से जितायेंगे।
उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 वर्षों में गरीबी दूर करने के लिए व्यापक कार्य किए हैं। देश की सुरक्षा बढ़ाने के साथ ही विश्व में भारत का नाम रोशन किया है। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त अनाज, 60 करोड़ गरीबों को मुफ्त शौचालय, करोड़ों गरीबों को आयुष्मान योजना के तहत मुफ्ती इलाज की व्यवस्था, 40 करोड़ गरीबों को गैस का मुफ्त कनेक्शन देकर एक बड़ा जन कल्याणकारी कार्य किया है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में भारत का संविधान लागू नहीं होता था। जिस कारण धारा-370 हटाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कश्मीर को भारत का एक अंग के रूप में स्थापित किया। अब जम्मू-कश्मीर में भी भारत का कोई नागरिक जमीन खरीद सकता है जो सुविधा पूर्व में नहीं थी।



### तपस्या और क्रांति की भूमि है बिहार

**सीएम** योगी ने एनडीए उम्मीदवार विवेक ठाकुर को जीत का माला पहनाते हुए कहा कि इन्हें भारी बहुमत से जितायें तभी बिहार तथा देश का कल्याण हो सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में राम मंदिर का निर्माण कराया गया। जिसमें पहला उपहार बिहार ने भी भेजा था। बिहार तपस्या की भूमि, क्रांति की भूमि रही है। इस कारण बिहार के नेता परिवर्तन के अग्रदूत के रूप में देश में काम किया है। यही वजह है कि मैं बिहार को बहुत सम्मान की दृष्टि से देखता हूं। इस अवसर पर एनडीए प्रत्याशी विवेक ठाकुर ने योगी आदित्यनाथ का स्वागत करते हुए उनके आशीर्वाद से चुनाव जीतने का दावा किया है।

**शीशे के पार से अरविंद केजरीवाल से मिले भगवंत मान, कहा –**

# आतंकवादियों की तरह करायी गयी मुलाकात

एजेंसी

**नई दिल्ली :** पंजाब के मुख्यमंत्री और आप नेता भगवंत मान ने सोमवार को दिल्ली की तिहाड़ जेल में अपने दिल्ली समकक्ष और पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की। उन्होंने आरोप लगाया कि दोनों को आतंकवादियों की तरह मिलवाया जा रहा था और केजरीवाल को वो सुविधाएं नहीं मिलीं जो कट्टर अपराधियों को भी मिलती हैं। केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 21 मार्च को उनके आवास पर गिरफ्तार कर लिया था, जब एजेंसी के अधिकारियों ने दिल्ली शराब नीति मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उनसे पूछताछ की थी। गिरफ्तारी के बाद ईडी की हिरासत में रहने के बाद वह एक अप्रैल से जेल में हैं। केजरीवाल से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि वह दिल्ली के मुख्यमंत्री को देखकर भावुक हो गये। उन्होंने कहा कि उन्होंने उनसे आधे घंटे तक बात की, लेकिन वे एक कांच की दीवार से अलग हो गये और फोन कॉल पर बातचीत की। यह देखकर बहुत दुख हुआ कि उन्हें वे सुविधाएं नहीं मिल रही हैं जो कट्टर अपराधियों को भी मिलती हैं। उसकी गलती क्या है? उन्होंने कहा कि आप उसके साथ ऐसा व्यवहार कर रहे हैं मानो आपने देश के सबसे बड़े आतंकवादियों में से एक को पकड़ लिया हो। क्या चाहते हैं पीएम मोदी? अरविंद केजरीवाल जिन्होंने पारदर्शिता की राजनीति शुरू की और भाजपा की राजनीति को समाप्त किया, उनके साथ इस तरह का व्यवहार किया जा रहा है।



# लोस चुनाव : पुरुलिया-जनजातीय बहुल इलाके में मजबूत है भाजपा, तृणमूल से सीधी टक्कर

INSIDE STORY

एजेंसी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल का पुरुलिया लोकसभा क्षेत्र खास तौर पर जनजातीय बहुल क्षेत्र है। यहां तृणमूल और भाजपा के बीच सीधे मुकाबले के आसार हैं। वामदलों या कांग्रेस की ओर से फिलहाल यहां उम्मीदवार का ऐलान नहीं किया गया है। भाजपा ने यहां से मौजूदा सांसद ज्योतिर्मय सिंह महतो को दोबारा टिकट दिया है। वह जोरदार चुनाव प्रचार कर रहे हैं। सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने उनके खिलाफ शांति राम महतो को चुनावी मैदान में उतारा है। सीधी लड़ाई इन्हीं दोनों के बीच दिख रही है, इसलिए शांतिराम महतो और ज्योतिर्मय सिंह महतो पर क्षेत्र के विकास की अनदेखी का आरोप लगा रहे हैं जबकि ज्योतिर्मय सिंह सत्तारूढ़ पार्टी पर केंद्रीय फंड के गबन का आरोप मढ़ रहे हैं।

**क्या है राजनीतिक इतिहास :** पुरुलिया शहर कासल नदी के उत्तरी छोर पर बसा हुआ है। यह अपने लैंडस्केप के लिए जाना जाता है। पुरुलिया जिले का मुख्यालय पुरुलिया ही है। यहां की साक्षरता दर 65 फीसदी है। 1995 में यहां हवाई जहाज से हथियार गिराये गये थे, जिसके बाद यह इलाका दुनिया भर में चर्चित हो गया। इस सीट का मिजाज अलग रहा है। यहां से कांग्रेस को तो एकबार जीत मिली लेकिन माकपा को यहां कभी जीत नसीब नहीं हुई। यहां से फॉरवर्ड ब्लॉक और ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक विजयी होते रहे हैं। 1957 में पुरुलिया से आईएनडी के विभूति भूषण दास गुप्ता सांसद चुने गये थे। उन्होंने कांग्रेस के महतो नागेंद्र नाथ सिंह देव को हराया था। 1962 में लोकसेवक संघ के भजाहारी महतो सांसद चुने गये थे। 1967 में आएनडी के बी. महतो सांसद चुने गये। 1971 में पहली बार यहां से कांग्रेस को सफलता मिली और देबेंद्र नाथ महतो यहां से सांसद चुने गये थे। 1977 में एफबीएल के चितरंजन महतो को सफलता मिली थी। चितरंजन 1980, 1984 और 1989 तक पुरुलिया से लगातार सांसद चुने जाते रहे। 1991 में यहां पर उप चुनाव हुआ, जिसमें फॉरवर्ड ब्लॉक (एफबीएल) के बी महतो सांसद चुने गये लेकिन 1991 में ही फॉरवर्ड ब्लॉक के चितरंजन महतो को फिर से जीत मिल गई। 1996, 1998, 1999 में फॉरवर्ड ब्लॉक के बीर सिंह महतो यहां से सांसद चुने जाते रहे। इसके बाद फॉरवर्ड ब्लॉक में विभाजन हो गया और 2004 में बीर सिंह महतो ने ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक से ताल ठोंकी और सांसद बने। 2006 के उपचुनाव में ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के नरहरि महतो विजयी हुए थे। 2009 में एआईएफबी के नरहरि महतो ही सांसद चुने गये। 2014 में ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस ने यह सीट कम्युनिस्टों से छीन ली और एआईटीसी के डॉक्टर मृगांका महतो यहां से जीत दर्ज की थी।

### क्या है 2019 का जनादेश?

भाजपा के ज्योतिर्मय सिंह महतो छह लाख 68 हजार 107 वोट हासिल कर जीत दर्ज की थी। तृणमूल कांग्रेस की मृगांका महतो को चार लाख 63 हजार 375 वोट मिले थे। वहीं, कांग्रेस के नेपाल महतो को महज 84 हजार 477 वोट मिले थे।



**लोकसभा चुनाव** | **राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भाजपा के पक्ष में मांगा समर्थन**

# देवभूमि पर पंच कमल खिलाने के लिए दिया जीत का मंत्र

- **नड्डा बोले** - पहले उदासीन भरा था राजनीति का रवैया मोदी ने बदल दी परिभाषा
- नेता ये तय नहीं कर पाये कि मानवता जरूरी है या राजनीति

एजेंसी

**देहरादून :** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और स्टार प्रचारक जगत प्रकाश नड्डा ने आजादी से लेकर अमृत काल तक की राजनीति का रवैया बताया। उन्होंने कहा कि पहले लोग यह तय नहीं कर पाये कि अर्थ जरूरी है, अर्थशास्त्र जरूरी है या मानवता जरूरी है। जापान, आस्ट्रेलिया, रूस कोई देश के नेता ये तय नहीं कर पाये कि मानवता जरूरी है या राजनीति। वे सोमवार को टिहरी लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत मसूरी के गांधी चौक पर आयोजित विजय संकल्प जनसभा में बोल रहे थे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि 10 वर्ष पहले राजनीति का रवैया उदासीन भरा था, लेकिन मोदी ने राजनीति की परिभाषा, संस्कृति, चाल-ढाल, तौर-तरीका और राजनीतिक दृष्टि से संकल्प की परिभाषा बदल दी है। आज मोदी सरकार विकसित भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है।

**विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का चुनाव है लोस चुनाव :** मसूरी के गांधी चौक पर विजय संकल्प जनसभा में भाजपा उम्मीदवार माला राज्यलक्ष्मी शाह के समर्थन में लोगों से जनसमर्थन मांगा और देवभूमि पर पंच कमल खिलाने के लिए जीत का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि ये चुनाव की बेला है और यह चुनाव मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का चुनाव है।

### कोरोना के समय लोगों ने देखा नेतृत्व का असर



**नड्डा** ने कहा कि पहले कोई दवा आने में वर्षों नहीं शताब्दी लगते थे, लेकिन नेतृत्व का क्या असर होता है ये लोगों ने कोरोना के समय देख लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना काल के दौरान केवल नौ माह के भीतर भारत को लड़ने के लिए तैयार किया और वैज्ञानिकों के सहयोग से वैक्सीन तैयार करवाई। कोरोना काल का जिक्र करते हुए नड्डा ने कहा कि तमाम देश जूझते रहे, लेकिन मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने सख्त फैसला लिया और सख्ती से लॉकडाउन लगाया। दो महीने के अंदर देश को कोरोना से लड़ने के लिए तैयार किया। उस समय लोग कहते थे, जान है तो जहान है। जब हम तैयार हो गये लड़ने के लिए तो मोदी ने कहा कि जान भी है और जहान भी है। ये बदलता भारत है।